नई दिल्ली RNI NO. DELHIN/2010/37009
वर्ष: 11
अंक: 62
सोमवार, 29 नवंबर-05 दिसंबर, 2021
मूल्य: 5 रु प्रति
रु 250 वार्षिक



दिल्ली विधानसभा परिसर में बनेगा कोविड योद्धाओं के लिए स्मारक 03
डेल्टा क्या कम था जो अब ओमिक्रान दहशत मचाने के लिए आ गया 08


# NCR समाचार


स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं मेगदालेना एंडरसन 10
चैंपियन भारत ने बेल्जियम को 1-0 से हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश, अगला मुकाबला जर्मनी से 11




इस्माईल खान


www.ncrsamacharlive.in
BY C.R.O. TEAM
twitter-@ncrsamacharlive
भारत का नं 1 साप्ताहिक समाचार पत्र



दिग्गज कन्नड़ फिल्म अभिनेता एस शिवराम का निधन, 83 साल की उम्र में ली अंतिम सांस 12


## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-0 से जीती सीरीज, मुंबई टेस्ट में स्पिनर्स का जलवा रहा बरकरार



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए वानखेड़े टेस्ट को 372 रनों से जीत लिया है। यह भारतीय टेस्ट की सबसे बड़ी जीत है। इसी के साथ ही भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज को 1-0 से जीत लिया है। न्यूजीलैंड की टीम 540 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी दूसरी पारी में 167 रन पर आउट हो गई। भारत ने अपनी पहली पारी में 325 रन बनाए थे जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 62 रन पर सिमट गई थी। भारत ने अपनी दूसरी पारी 7 विकेट पर 276 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। भारतीय स्पिनर्स ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को ताश के पत्तों की तरह बिखेर दिया। आर अश्विन और जयंत यादव ने 4-4 विकेट चटकाए। जबकि अक्षर पटेल ने एक विकेट हासिल किया है। अश्विन ने 22.3 ओवर में 34 रन देकर 4 विकेट हासिल किए हैं। इसी के साथ ही भारत ने लगातार 14 घरेलू सीरीज में जीत दर्ज की है। वहीं विराट कोहली की अगुवाई वाली टेस्ट टीम एक भी घरेलू टेस्ट को गंवाया नहीं है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच में खेला गया पहला टेस्ट मुकाबला ड्रा हुआ था। इस मुकाबले में स्पिनर्स ने कमाल की गेंदबाजी की लेकिन कीवियों को ऑलआउट करने में असफल रहे थे। रवींद्र जडेजा, आर अश्विन और अक्षर पटेल की फिरकी के सामने बड़े से बड़ा कीवी बल्लेबाज नहीं टिक पाया था लेकिन युवा राचिन रवींद्र ने 91 गेंद खेलकर मुकाबले को भारत के हाथों से छीनकर ड्रा करा दिया था। मुंबई में जन्में बायें हाथ के स्पिनर ऐजाज पटेल ने एक पारी में सभी 10 विकेट चटकाकर इतिहास रचा है। इसी के साथ ही एजाज पटेल टेस्ट क्रिकेट के 144 साल के इतिहास में तीसरे गेंदबाज बने हैं। उन्होंने इंग्लैंड के जिम लेकर और भारत के अनिल कुंबले जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली। लेकर ने 1956 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैनचेस्टर में यह कमाल किया था। जबकि कुंबले ने पाकिस्तान के खिलाफ दिल्ली में फरवरी 1999 में 10 विकेट झटके थे। इतना ही नहीं एजाज पटेल ने दूसरी पारी में 4 विकेट चटकाए।

### वसीम रिजवी इस्लाम धर्म छोड़कर बनेंगे हिंदू, डासना के मंदिर में पूरे रीति रिवाज से अपनाएंगे सनातन धर्म



**नई दिल्ली।** शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी को अकसर सुर्खियों में विवादित बयानों के लिए देखा और सुना जा सकता है। एक बार फिर रिजवी मीडिया की सुर्खियों में हैं। इस बार कारण विवादित बयान नहीं बल्कि उनके धर्म परिवर्तन का मामला हैं। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी को अकसर सुर्खियों में विवादित बयानों के लिए देखा और सुना जा सकता है। एक बार फिर रिजवी मीडिया की सुर्खियों में हैं। इस बार कारण विवादित बयान नहीं बल्कि उनके धर्म परिवर्तन का मामला हैं। वसीम रिजवी (Wasim Rizvi) ने ऐलान किया है कि वह अपना इस्लाम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपनाने जा रहे हैं। ताजा जानकारी के अनुसार शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरि की मौजूदगी में सनातन धर्म ग्रहण करेंगे। वसीम रिजवी उत्तर प्रदेश में शिया सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक्फ के पूर्व सदस्य और अध्यक्ष हैं। उन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के साथ-साथ बॉलीवुड फिल्म राम की जन्मभूमि का निर्माण करने के लिए जाना जाता है। रिजवी द्वितीय श्रेणी के रेलवे कर्मचारी का बेटे है। उन्हें 2000 में लखनऊ के पुराने शहर के कश्मीरी मोहल्ला वार्ड से समाजवादी पार्टी (सपा) का पार्षद चुना गया और 2008 में शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सदस्य बने। 2012 में, रिज़वी को शिया धर्मगुरु कल्बे जवाद के साथ गिरने के बाद छह साल के लिए सपा से निष्कासित कर दिया गया था, जिन्होंने उन पर धन की हेराफेरी का आरोप लगाया था। रिजवी ने इन आरोपों को "अपने तर्क को कमजोर करने" की इच्छा से प्रेरित "पकाया" करार दिया। रिजवी को बाद में कोर्ट से राहत मिली और उन्हें बहाल कर दिया गया।

### मांडविया ने दिल्ली हवाई अड्डे पर आरटी-पीसीआर जांच सुविधा की समीक्षा की

एजेंसी

**नयी दिल्ली|** देश में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामलों की संख्या बढ़कर 21 होने के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आरटी-पीसीआर जांच सुविधा की समीक्षा की। मांडविया ने ट्वीट किया, ''नयी दिल्ली स्थित आईजीआई हवाई अड्डे पर जोखिम वाले देशों से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर जांच सुविधाओं की समीक्षा की। टर्मिनल-3 पर रैपिड आरटी-पीसीआर जांच की 35 मशीनें काम कर रही हैं। इससे यात्रियों की स्क्रीनिंग और जांच का समय कम होकर 30 मिनट भी हो सकता है।

# नागालैंड में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में 14 नागरिकों की मौत, एक सैनिक की भी मौत

एजेंसी

**कोहिमा।** नागालैंड के मोन जिले में एक के बाद एक गोलीबारी की तीन घटनाओं में सुरक्षाबलों की गोलियों से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि गोलीबारी की पहली घटना संभवतः गलत पहचान का मामला थी। इसके बाद हुए दंगों में एक सैनिक की भी मौत हो गई। गोलीबारी की पहली घटना तब हुई जब शनिवार शाम कुछ कोयला खदान कर्मी एक पिकअप वैन में सवार होकर गाना गाते हुए घर लौट रहे थे।

सेना के जवानों को प्रतिबंधित संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-के (एनएससीएन-के) के युंग ओंग धड़े के उग्रवादियों की गतिविधि की सूचना मिली थी और इसी गलतफहमी में इलाके में अभियान चला रहे सैन्यकर्मियों ने वाहन पर कथित रूप से गोलीबारी की, जिसमें छह मजदूरों की जान चली गई। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि जब मजदूर अपने घर नहीं पहुंचे तो स्थानीय युवक और ग्रामीण उनकी तलाश में निकले तथा इन लोगों ने सेना के वाहनों को घेर लिया। इस दौरान हुई धक्का-मुक्की व झड़प में एक सैनिक मारा गया और सेना के



**नागालैंड के मोन जिले में एक के बाद एक गोलीबारी की तीन घटनाओं में सुरक्षाबलों की गोलियों से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि गोलीबारी की पहली घटना संभवतः गलत पहचान का मामला थी**

वाहनों में आग लगा दी गई। इसके बाद सैनिकों द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई गोलीबारी में सात और लोगों की जान चली गई। इस घटना के खिलाफ उग्र विरोध और दंगों का दौर रविवार अपराह्न भी जारी रहा और गुस्साई भीड़ ने आज कोन्याक यूनियन और असम राइफल्स कैंप के कार्यालयों में तोड़फोड़ की और उसके कुछ हिस्सों में आग लगा दी। सुरक्षा बलों द्वारा हमलावरों पर की गई जवाबी गोलीबारी में कम से कम एक और नागरिक की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। उग्र भीड़ गोलीबारी के घटना में शामिल सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग कर रही थी। नागालैंड सरकार ने एक अधिसूचना के माध्यम से "भड़काऊ वीडियो, तस्वीरों या लिखित सामग्री के प्रसार" को रोकने के लिए जिले में मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं के साथ-साथ एक साथ कई एसएमएस करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। जिले में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध के बावजूद, हालांकि भीड़ द्वारा मोन में कोन्याक यूनियन कार्यालय और असम राइफल्स कैंप में तोड़फोड़ करने के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। रविवार को दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो सोमवार को प्रभावित जिले का दौरा करेंगे। पुलिस ने कहा कि इस गोलीबारी में मारे गए लोगों का पोस्टमॉर्टम मोन में कराया जा रहा है और आशंका जताई की मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि घायलों में से दो की हालत गंभीर है और उन्हें बेहतर उपचार के लिये असम भेजा गया है।

### पंजाब के सीएम चन्नी का केजरीवाल पर तीखा हमला

# वो सत्ता के लालची बाहरी व्यक्ति हैं: चरणजीत चन्नी

एजेंसी

**भोआ (पठानकोट)।** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को 'सत्ता का लालची बाहरी व्यक्ति' करार दिया और उन पर पंजाब के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। केजरीवाल के खिलाफ हमला जारी रखते हुए, चन्नी ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख को पंजाब के बारे में बहुत कम जानकारी है और वह किसी भी तरह से "सत्ता की अपनी लालसा को पूरा करना चाहते हैं।" पंजाब के मुख्यमंत्री ने गरीबों के प्रति अदूरदर्शी मानसिकता के लिए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को आड़े हाथों लिया। चन्नी ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, "केजरीवाल सत्ता के लालची बाहरी व्यक्ति हैं, जो पंजाब पर शासन करना चाहते हैं जिसके कारण वह पंजाबियों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।"पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा, केजरीवाल एंड कंपनी को एक बात याद रखनी चाहिए कि इतिहास इस बात का गवाह है कि पंजाबियों को अपनी जमीन और लोगों से प्यार है



और वे कभी भी किसी बाहरी व्यक्ति को अपने राज्य पर शासन नहीं करने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया, "बाहरी होने के अलावा, केजरीवाल एक अफवाह फैलाने वाले शख्स भी हैं, जो राज्य के बारे में कुछ नहीं जानते हैं, लेकिन हर चीज में दखल देते हैं।" चन्नी के हवाले से जारी बयान में कहा गया है कि इस तरह की ओछी राजनीति राज्य में कभी सफल नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली में विफल रही है जबकि कांग्रेस लोगों को अपना सर्वश्रेष्ठ दे रही है। अमरिंदर सिंह पर हमला करते हुए चन्नी ने कहा, मुख्यमंत्री के तौर पर महाराजा (अमरिंदर सिंह) ने मुझे इसलिए निशाने पर लिया, क्योंकि मैंने आम आदमी के मुद्दों को उठाया था।" उन्होंने कहा कि केवल कांग्रेस एक महाराजा को हटाने और एक आम आदमी को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी देने का क्रांतिकारी निर्णय ले सकती है।

## भाजपा के नेता ने पार्टी में शामिल होने के लिए धन, मंत्री पद की पेशकश की: भगवंत मान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब इकाई के अध्यक्ष भगवंत मान ने रविवार को दावा किया कि भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भगवा पार्टी में शामिल होने के लिए उन्हें धन और केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने की पेशकश की। संगरूर के सांसद ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें धन या किसी अन्य चीज से नहीं खरीदा जा सकता है। किसी का नाम लिए बगैर मान ने दावा किया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता ने चार दिन पहले उनसे संपर्क किया और उनसे कहा, ''मान साहब, भाजपा में शामिल होने के लिए आप क्या लोगे?'' उन्होंने आरोप लगाया कि उनसे यह भी पूछा





गया कि क्या ''आपको धन की जरूरत है।'' आप नेता ने दावा किया कि उनसे कहा गया कि अगर वह भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया जाएगा। पंजाब में आप के एकमात्र सांसद मान ने कहा, ''मैंने उनसे (भाजपा नेता) कहा कि मैं मिशन पर हूं, न कि कमीशन पर।'' उन्होंने कहा कि उन्होंने भाजपा नेता से कहा कि दूसरे लोग होंगे ''जिन्हें आप खरीद सकते हैं।'' मान ने कहा कि उन्हें धन या किसी और चीज से नहीं खरीदा जा सकता है। जब उनसे भाजपा नेता के नाम का खुलासा करने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा कि सही समय पर वह नाम का खुलासा करेंगे। आप नेता ने दावा किया कि भाजपा का पंजाब में कोई जनाधार नहीं है। भाजपा नेताओं को गांवों में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा था।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महापरिनिर्वाण दिवस पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर सादर श्रद्धांजलि। अंबेडकर की पुण्यतिथि हर वर्ष छह दिसंबर को मनाई जाती है। इसे महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। बाबासाहेब आंबेडकर का निधन 6 दिसंबर 1956 को उनके दिल्ली स्थित आवास पर हुआ था।

### यदि आरक्षण न दिया तो भाजपा को वोट नहीं देने की अपील करेंगे : जाट नेता

एजेंसी



**मथुरा।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने कहा है कि यदि केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले जाट समुदाय को 'अन्य पिछड़ा वर्ग' में शामिल करने की घोषणा नहीं की तो भाजपा को वोट नहीं देने का आह्वान किया जाएगा। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक ने यहां बृहस्पतिवार को आगरा एवं अलीगढ़ के पदाधिकारियों की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 26 मार्च 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाट समुदाय को 'अन्य पिछड़ा वर्ग' (ओबीसी) श्रेणी में शामिल करने का वादा किया था। उन्होंने दावा किया कि उसी दिन गृहमंत्री अमित शाह ने भी जाट समुदाय को ओबीसी श्रेणी में शामिल करने पर समर्थन व्यक्त किया था। मलिक ने कहा, ''केंद्रीय नेताओं ने यदि उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और पंजाब विधानसभा चुनाव से पूर्व यह वादा पूरा न किया तो हमें लोगों से आह्वान करना पड़ेगा कि वे इन चुनावों में भाजपा को वोट न दें।''उन्होंने कहा,'' जाट समाज लम्बे समय से अपनी मांग को विभिन्न स्तरों पर उठाता रहा है, लेकिन वर्षों बाद भी जब हमें यह वादा पूरा होता नहीं दिख रहा, तो हमें यह कठोर निर्णय करना पड़ा है।

### भारत-चीन तनाव के बीच बोले नौसेना प्रमुख

# हम किसी भी खतरे से निपटने में पूरी तरह सक्षम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर में चीनी नौसेना के तेजी से होते विस्तार और गतिविधियों की पृष्ठभूमि में, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय नौसेना सुरक्षा के प्रति किसी भी खतरे से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। एडमिरल कुमार ने तीनों सेनाओं के एकीकरण की दिशा में हो रहे महत्वाकांक्षी सुधार का समर्थन किया जिसमें एक संयुक्त समुद्री 'थियेटर' कमान की स्थापना शामिल है। भारतीय नौसेना दिवस की पूर्व संध्या पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि भारत की उत्तरी सीमा पर उपजी स्थिति से ऐसे समय सुरक्षा संबंधी जटिलताएं उत्पन्न हो गई जब देश कोविड-19 महामारी से जूझ रहा था। एडमिरल कुमार ने कहा कि "दोहरी" चुनौती की यह स्थिति अब भी जारी है। उन्होंने



कहा, "ऐसी कठिन परिस्थितियों में भारतीय नौसेना हमारे राष्ट्रीय और समुद्री हितों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। युद्ध और अभियान की तैयारी पर हमारा ध्यान होने से समुद्री क्षेत्र में हम किसी भी चुनौती से निपटने में कामयाब हो सके।"

चीनी नौसेना की बढ़ती हुई युद्धक क्षमता और हिंद महासागर में उसकी उपस्थिति पर नवनियुक्त नौसेना प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रम के अनुसार भारतीय नौसेना अपनी तैयारी और क्षमता विकास की योजना सुदृढ़ कर रही है। एडमिरल कुमार ने कहा, "हम चीनी नौसेना के विकास से वाकिफ हैं। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में 138 युद्धपोत का निर्माण किया है। हर देश को अपनी क्षमता का विकास करने का अधिकार है। हम अपने क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रम पर नजर रखते हैं।" नौसेना प्रमुख ने कहा कि चीन की पीएलए नौसेना की उपस्थिति हिंद महासागर क्षेत्र में 2008 से है और भारतीय नौसेना ने उस पर नजर रखी है। उन्होंने कहा, "केवल संख्या ही महत्वपूर्ण नहीं है।

यह लोगों पर भी निर्भर करता है, आपके पास जो हथियार हैं आप उनका इस्तेमाल कैसे करते हैं, आपकी रणनीति, और आपकी संचालन योजना इत्यादि भी महत्वपूर्ण है। बहुत सारे मुद्दे हैं।" उन्होंने कहा, "मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भारतीय नौसेना एक बेहद संतुलित बल है और भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने में सक्षम है।" एडमिरल कुमार ने कहा कि नौसेना के लिए 1,97,359 रुपये की 72 परियोजनाओं के लिए 'आवश्यकता की स्वीकृति' (मंजूरी) मिल गई है जिसमें से 1,74,027 करोड़ रुपये की लागत से 59 परियोजनाओं को स्वदेशी तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा। सशस्त्र सेनाओं के 'थिएटरीकरण' पर उन्होंने कहा कि समुद्री 'थिएटर' कमान की स्थापना का विवरण तैयार किया जा रहा है और अगले साल के मध्य तक पूरा किया जा सकता है।


एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालय:
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62

फोन:
8888883968,
9811111715


### गृह मंत्री अमित शाह नगालैंड में गोलीबारी की घटना पर संसद के दोनों सदनों में दे सकते हैं बयान



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को संसद के दोनों सदनों में नगालैंड की घटना पर बयान दे सकते हैं। उक्त घटना में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में 14 आम नागरिक मारे गए थे। संसदीय सूत्रों ने बताया कि शाह पहले लोकसभा में और फिर राज्यसभा में बयान दे सकते हैं। असम पुलिस ने रविवार को कहा कि नगालैंड के मोन जिले में सुरक्षा बलों द्वारा गोलीबारी की लगातार तीन घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक गोलीबारी की पहली घटनासंभवतः गलत पहचाने जाने का मामला था।


एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

**आवश्यक सूचना**

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### मिर्ची बाबा पर अज्ञातों ने किया जानलेवा हमला,पुलिस ने किया मामला दर्ज



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मिर्ची बाबा पर जानलेवा हमला होने की एक खबर सामने आई है। शनिश्चरा मंदिर से रात में लौटते समय अज्ञात बदमाशों ने मिर्ची बाबा पर लाठी-डंडो से जानलेवा हमला कर दिया। वहीं ये भी बताया जा रहा है कि इसके साथ ही पथराव भी किया। जानकारी के अनुसार हमले में मिर्ची बाबा को हल्के चोटें आई है। सुरक्षा गार्ड ने जब हवाई फायरिंग की तो बदमाश भागे। बीते चार महीनों में यह दुरसी बार है जब मिर्ची बाबा पर हमला हुआ है। आपको बता दें कि अगस्त महीने में भी मिर्ची बाबा का जड़ेरूआ कलां में आश्रम जाते समय पिन्टू पार्क के पास अज्ञत बदमाशों ने उनकी कार रोककर जानलेवा हमला किया था। बदमाशों ने पहले कार पर पथराव किया था। जिससे कार का कांच टूटकर मिर्ची बाबा को लगा था। जिसके बाद वहां से भागकर बाबा ने अपनी जान बचाई थी।उस मामले की जांच के बाद पुलिस ने हमला करने वाले चार आरोपियों प्रदीप उर्फ छोटू, बल्लू उर्फ बलराम, रवि और कुलदीप कुमार संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया था। वहीं मिर्ची बाबा की शिकायत पर महाराजपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अज्ञत बदमाशों के खिलाफ आईपीसी की धारा 336,341,323,34 के तहत पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### नोएडा में रसोई गैस रिसाव के कारण मकान में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नोएडा (उप्र)।** नोएडा के सेक्टर 37 स्थित एक मकान में रसोई गैस रिसाव के कारण रविवार रात आग लग गई। मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 37 में रहने वाले अब्दुल खां के घर में रसोई गैस रिसाव की वजह से आग लग गई और घर में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया कि इस आग में अब्दुल की दो बेटियां आयशा तथा रुखसाना फंस गई थीं, लेकिन दमकल विभाग के अधिकारियों ने दोनों बहनों को सकुशल बाहर निकाल लिया।

### तमिलनाडु में अब तक ओमीक्रोन स्वरूप की पुष्टि नहीं : सरकार

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कोरोना वायरस संक्रमण के ओमीक्रोन स्वरूप का कोई मामला सामने नहीं आया है और सिंगापुर तथा ब्रिटेन से आये पांच यात्री कोविड संक्रमित पाये गये थे उनके 'डेल्टा' स्वरूप से संक्रमित होने का संदेह था। प्रदेश के मंत्री मा सुब्रमण्यम ने रविवार को इसकी जानकारी दी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि उच्च जोखिम वाले देशों से आये पांच यात्री में कोई लक्षण नहीं पाया गया और पांचों यहां के एक अस्पताल में हैं और 'ठीक' हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि प्राथमिक सूचना के अनुसार पांच यात्रियों में से एक की रिपोर्ट निगेटिव है और प्रदेश में ओमीक्रोन स्वरूप से कोई भी संक्रमित नहीं पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव जे राधाकृष्णन ने कहा कि कोरोना संक्रमित पाये गये पांच लोगों के ओमीक्रोन से संक्रमित पाये जाने की संभावना 'कम' है और उनके नमूने जीनोम सिक्वेंसिंग के लिये भेजे गये हैं। उन्होंने बताया कि ओडिशा की 21 साल की कोविड संक्रमित एक लड़की को किंग इंस्टीच्यूट में भर्ती कराया गया है। ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमण की आशंकाओं को दूर करते हुये अधिकारी ने लोगों से नहीं घबराने और सोशल मीडिया में गलत जानकारी नहीं फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि टीकाकरण एवं फेस मास्क पहनना ही महामारी से बचाव का एकमात्र तरीका है। इस बीच तमिलनाडु में रविवावर को 724 लोग संक्रमित पाये गये जिसके बाद राज्य में संक्रमितों की संख्या बढ़ कर 27,30,516 हो गयी है जबकि दस और लोगों की मौत के साथ ही मरने वालों की संख्या36,529 पर पहुंच गयी है।

# सरकार ने दिव्यांगजनों को हर तरह से सशक्त बनाने का प्रयास किया : योगी

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने के संकल्प से प्रेरणा लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने साढ़े चार साल की अवधि में उन्हें (दिव्यांगजनों को) हर तरह से सशक्त बनाने के लगातार प्रयास किए हैं। शुक्रवार को यहां डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाले संगठनों को राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण के अलावा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किये। विश्वविद्यालय के अटल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, "हमारी सरकार ने विशेष रूप से दिव्यांगजनों के उत्थान और सशक्तीकरण के लिए विशेष कार्य किया और हमने उनकी प्रतिभा को विकसित करने और उनकी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण की दिशा में लगाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, हम हर जिले के 100 दिव्यांगजनों को मोटर चालित तिपहिया साइकिल उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। योगी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांगों की प्रतिभा को बहुत नजदीक से पहचाना है और यही कारण है कि उन्होंने विकलांग शब्द को दिव्यांग नाम दिया है। उन्होंने सोलहवीं सदी के कवि सूरदास, ऋषि अष्टावक्र और विश्व प्रसिद्ध भौतिक वैज्ञानिक स्टीफन हाकिंस का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली दिव्यांगों की एक लंबी श्रृंखला है और यदि दिव्यांगों को उचित माहौल दिया जाए तो वह बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। उन्होंने कहा किप्रत्येक दिव्यांगजन को अपनी विशेष प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलना चाहिए। सम्मानित होने वाले बच्चों और लोगों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा , "कोविड-19 महामारी के बावजूद तोक्यो में पैरालंपिक खलाडियों ने साबित कर दिया है कि अगर आप दृढ़ हैं तो आपको कोई भी नहीं रोक सकता है। हमारे एथलीट ने अपनी शारीरिक अक्षमताओं को कभी बाधा नहीं बनने दिया बल्कि उन्होंने इसे अपनी ताकत बना लिया।





**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने के संकल्प से प्रेरणा लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने साढ़े चार साल की अवधि में उन्हें (दिव्यांगजनों को) हर तरह से सशक्त बनाने के लगातार प्रयास किए हैं।**

## संविधान का सम्मान नहीं करती है भाजपा : कुमारी शैलजा



एजेंसी

**जींद (हरियाणा)।** कांग्रेस की हरियाणा इकाई की अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान की इज्जत नहीं करती है। कृषि कानून बनाने और फिर उन्हें वापस लिए जाने के संदर्भ में शैलजा ने कहा, ''कभी कानून बना दिए तो कभी रद्द कर दिए। भाजपा कोई भी कानून बनाने से पहले न तो मंथन करती है और ना ही संबंधित वर्ग से बात करती। इसलिए चुनाव जीत लेने के बाद खुद ही रातों रात कानून बना दिए जाते हैं और जब चुनावी समय पास आता है और जनता को अपने विरूद्ध खड़ा देखते हैं तो उन्हें रद्द कर देते हैं। संविधान का इससे बड़ा मजाक नहीं बनाया जा सकता।'' शैलजा आज एलआईसी रोड पर स्थित डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने आंबेडकर भवन एवं छात्रावास के लिए 20 लाख रुपये की लागत से बने सभागार का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में शैलजा ने कहा कि आंबेडकर ने जीवन को एक संदेश बनाकर राष्ट्र उत्थान के लिए काम किया इसलिए आज उनके जीवन रूपी संदेश के माध्यम से हमारा देश लगातार उन्नत हो रहा है।

### अखिलेश पर साधा भाजपा ने निशाना

## सपा सरकार के शासन में गुंडे व्यापारियों को धमकाते थे



एजेंसी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को यहां विपक्ष विशेषकर समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा के शासनकाल में जाली टोपी वाले गुंडे व्यापारियों को डराने, धमकाने का काम करते थे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के बाद वे गुंडे दिखाई नहीं दे रहे। मौर्य यहां भाजपा द्वारा आयोजित मंडलीय व्यापारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, "ये गुंडे व्यापारियों की जमीनों पर कब्जा करते थे और इसकी शिकायत नहीं करने की धमकी भी दिया करते थे। सिविल लाइंस का पूरा क्षेत्र बहुत ही शांतिपूर्ण इलाका माना जाता था, लेकिन इस शांतिपूर्ण इलाके को भी अशांत करने के लिए ये गुंडे 30-30 गाड़ियों में 50-100 असलहे लेकर जाते थे।''उप मुख्यमंत्री का प्रत्यक्ष तौर पर निशाना बाहुबली और सपा के टिकट से सांसद रहे अतीक अहमद की ओर था। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अतीक अहमद समेत जिले के कई बाहुबलियों के मकानों पर बुल्डोजर चलवाकर सरकारी जमीनों को मुक्त कराया है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह और नंद गोपाल गुप्ताभी शामिल हुए।

इस दौरान खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा, "अखिलेश यादव की पार्टी सपा छोटे मोटे दलों से गठबंधन करने का प्रयास कर रही है। वह (सपा) गणित की राजनीति कर रही है और भाजपा केमिस्ट्री की राजनीति कर रही है। हमारी केमिस्ट्री किसी पार्टी के साथ नहीं, बल्कि सीधे जनता के साथ है।" उन्होंने कहा, "अखिलेश बोलते हैं कि जब उनकी सरकार आएगी तो बुल्डोजर वापस हो जाएंगे।

## कांग्रेस पर बरसे अमित शाह, कहा- गहलोत सरकार भ्रष्टाचारी और निकम्मी, 2023 में खिलेगा कमल

एजेंसी

**जयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह राजस्थान दौरे पर है। अपने इस दौरे के दौरान अमित शाह ने भाजपा के जनप्रतिनिधि संकल्प महासम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन में अमित शाह ने जहां राजस्थान की मिट्टी की तारीफ की तो वही गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि राजस्थान की धरती की मिट्टी में ही कुछ ऐसा है कि यहां जो पैदा होता है वो देश की आन, बान और शान के लिए जीना और मरना दोनों जानता है। इसके साथ ही शाह ने कहा कि मैं राजस्थान की जनता से आह्वान करने आया हूं कि यहां की निकम्मी और भ्रष्टाचारी अशोक गहलोत सरकार को मूल समेत उखाड़कर फेक देना है और भाजपा के कमल के निशान वाली सरकार बनाना है। अमित शाह ने कहा कि इंदिरा जी ने 70 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था। जब 2014 में नरेंद्र मोदी आए तब भी गरीबों के पास घर नहीं था, बिजली नहीं थी, करोड़ों माताओं-बहनों के पास गैस कनेक्शन नहीं था, गरीबों के पास शौचालय की व्यवस्था नहीं थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता सुन लें, 'आपने गरीबी हटाने की जगह, गरीब हटाओ का काम किया था।' गरीबी हटाने का काम 2014 के बाद पूर्ण बहुमत की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने किया। शाह ने कहा कि सात वर्ष बाद मैं आज कह सकता हूं कि हर गांव में बिजली, हर घर में बिजली पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया। 11 करोड़ से ज्यादा घरों में शौचालय बनाने का काम मोदी सरकार ने किया। 2 करोड़ से ज्यादा गरीबों के लिए घर बनाएं, 13 करोड़ घरों में गैस कनेक्शन दिया। अमित साह ने कहा कि मोदी ने पूरे देश में पेट्रोल-डीजल पर वैट घटाया, देश में भाजपा शासित राज्य सरकारों ने भी वैट घटाने का काम किया। लेकिन राजस्थान एक ऐसा राज्य है जिसने पेट्रोल-डीजल पर वैट नहीं घटाया है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तब राजस्थान की वीर भूमि ने नरेंद्र मोदी को 25 में से 25 सीटें देने का काम किया। 2019 में जब भाजपा 300 पार गई तब भी 25 में से 23 सीटें देने का काम मेरे राजस्थान के लोगों, कार्यकर्ताओं ने किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में राजस्थान में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे राजस्थान में लॉ एंड ऑर्डर की व्याख्या ही बदल गई है। लॉ एंड ऑर्डर का मतलब होता है- 'कानून और व्यवस्था' गहलोत सरकार के लॉ एंड ऑर्डर का मतलब है- 'लो और ऑर्डर करो' राजस्थान की गहलोत सरकार पूरी भ्रष्ट सरकार है।



### मनसुख मांडविया ने पीजीआईएमईआर का दौरा किया

एजेंसी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को यहां स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) का दौरा किया। इस दौरान मांडविया को इस प्रमुख संस्थान के इतिहास, परंपराओं और शैक्षणिक प्रगति के बारे में जानकारी दी गई। पीजीआईएमईआर द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी इस मौके पर मांडविया के साथ रहे। मंत्रियों ने अस्पताल में आधुनिक रोगी देखभाल और प्रशिक्षण व अनुसंधान केंद्रों का निरीक्षण किया। बयान के अनुसार साथ ही निर्माणाधीन सुविधाओं के बारे में भी दोनों को जानकारी दी गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पंजाब के संगरूर और फिरोजपुर के अलावा हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में तीन पीजीआई सैटेलाइट सेंटर की प्रगति से भी अवगत कराया गया।



## नोएडा में 800 लोगों से करोड़ों रुपये ठगने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार



एजेंसी

**नोएडा।** धन दोगुना करने का लालच देकर फर्जी कंपनी के सहारे 800 लोगों के साथ करोड़ों की ठगी करने वाले एक आरोपी को थाना बादलपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपी और उसके साथियों ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कई जनपदों में लोगों से ठगी की है। थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार रात को प्रवीण को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि उसके गिरोह के पांच लोगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सिंह ने बताया कि आरोपियों ने निफ्टी ग्लोबल नाम से एक कंपनी खोली और 18 माह में जमा राशि को दोगुना करने का लालच देकर करीब 800 लोगों से करोड़ों रुपये अपनी कंपनी में निवेश करवा लिया। उन्होंने बताया कि बाद में ये लोग अपनी कंपनी बंद करके भाग गए।

## मेरठ के अतरडा के खेत में संदूक में मिला युवती का शव

एजेंसी

मेरठ से सटे खरखौदा में काली नदी किनारे अतराडा गांव में किठौर रोड पर ईख के खेत में संदूक में बंद युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। वहीं सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को वहां से हटाकर शव को अपने कब्जे में लिया। फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर संदूक को खोला। संदूक खिलते ही शव से दुर्गंध आ रही थी और शव अर्धनग्न हालत में था। पुलिस मान रही है कि दूसरे स्थान पर हत्या कर युवती का शव फेंका गया है। पुलिस ने उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। पुलिस ने सभी लोगों को बुलाकर शिनाख्त करने का प्रयास भी किया लेकिन मृतका की शिनाख्त नहीं हो पायी। पुलिस के साथ साथ लोगों का मानना है कि युवती की हत्या करके संदूक में बंद शव को ठिकाने के लगाने के लिए यहां डाला गया है। रविवार सुबह काली नदी किनारे अतराडा गांव में किठौर रोड पर ईख के खेत में संदूक में बंद युवती का शव मिला। जिसके बाद खेत मालिक ने आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी। फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस जाँच में बक्से में युवती का अर्धनग्न हालत में शव मिला। युवती के चेहरे व गले पर भी चोट के निशान मिले हैं। मौके पर डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम के साथ एसपी देहात भी पहुंचे हैं। पुलिस के अनुसार शव एक दो दिन पुराना लग रहा है। हालांकि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। शव की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज स्थित पोस्टमॉर्टम हाउस पर रखवा दिया है। पुलिस युवती के शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही है। एसपी



## पंजाब के मुख्यमंत्री ने आप नेता राघव चड्ढा के अवैध खनन के आरोप को खारिज किया

एजेंसी

**रूपनगर (पंजाब)।** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में आप नेता राघव चड्ढा द्वारा लगाए गए अवैध खनन के आरोप को खारिज किया। साथ ही दिल्ली के आम आदमी पार्टी नेताओं को कड़ी चेतावनी दी कि किसी भी बाहरी को राज्य में आकर निराधार आरोप लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। चन्नी रविवार को यहां पहुंचे और खनन स्थलों का दौरा करने के बाद कहा कि कुछ भी अवैध नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 5.5 रुपये प्रति घन फुट की दर से रेत बेची जा रही है। आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के निर्वाचन क्षेत्र चमकौर साहिब में अवैध बालू खनन किया जा रहा है। चड्ढा ने चमकौर साहिब के गांव जिन्दापुर के औचक दौरे के बाद यह बयान दिया था। आप नेता ने इसे एक खुलासा करार देते हुए आरोप लगाया था कि राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार खनन माफिया को संरक्षण दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को राजनीतिक स्वार्थ के लिए राज्य में निराधार आरोप लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, सरकार भविष्य में राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए किए गए ऐसे कृत्यों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगी। चन्नी ने पंजाब में आप नेताओं और कार्यकर्ताओं और जनता से किसी भी अवैध गतिविधि को राज्य सरकार के संज्ञान में लाने का आग्रह किया ताकि आवश्यक कदम सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने कहा, हमने खनन स्थलों पर गतिविधियां खोल दी हैं। कोई भी पंजाबी, पंजाब का आप नेता और कार्यकर्ता वीडियो बना सकता है, हालांकि हम किसी बाहरी व्यक्ति द्वारा किसी भी नाटकीय कृत्य की अनुमति नहीं देंगे। चन्नी ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के साथ बड़ी हवेली खनन स्थल का दौरा किया, जहां गाद निकालने का काम चल रहा है। मौके पर चन्नी ने रेत ले जाने वाले ट्रक चालकों के साथ उनके द्वारा भुगतान की जा रही कीमत के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी चालकों ने सरकार द्वारा तय कीमत के भुगतान की बात कही है, ऐसे में दिल्ली के आप नेताओं द्वारा किए जा रहे दावे झूठे हैं। इस बीच, चन्नी के पलटवार पर निशाना साधते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, क्या ये सच है कि चन्नी साहब आज अलग खनन स्थल पर गए, वहां नहीं, जहां कल राघव चड्ढा ने दौरा किया था? और चन्नी साहब ने इसे वैध घोषित किया है।





**आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के निर्वाचन क्षेत्र चमकौर साहिब में अवैध बालू खनन किया जा रहा है। चड्ढा ने चमकौर साहिब के गांव जिन्दापुर के औचक दौरे के बाद यह बयान दिया था**

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश के जनपद पीलीभीत की49 वी विहानी लगातार लोगों की मदद



**भजन सिंह**

उत्तर प्रदेश के जनपद पीलीभीत की49 वी विहानी लगातार लोगों की मदद करते नजर आ रही हैं, ऐसा ही एक मामला जनपद पीलीभीत के लालोरी खेड़ा 49वी विहानी एसएसबी कैंप का आया है जोकि लोगों की मदद करने पहुंचे एसएसबी के जवान बरेली से आ रही एक कार और पीलीभीत से जा रही एक पिक अप का आपस में एक्सीडेंट हो गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए इसकी खबर मिलते ही एसएसबी के जवान ने मौके पर पहुंच कर मदद की और अपनी ही गाड़ी से उपचार के लिए तुरंत भेज दिया पीलीभीत। 49वी बिहनी एसएसबी के जवान श्री गोविंद कुमार सहायक कमांडेंट सुरेश कुमार पाटीदार और उनकी पूरी टीम रहे मौजूद।

### अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में उड़िया फिल्म दालचीनी को सम्मानित किया गया

**दुर्गेश नंदन मोहापात्र**




उड़िया फिल्में अब बहुत उन्नत हैं, उड़िया फिल्में अब कहानियों, संवादों और संगीत में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रही हैं। कई उड़िया फिल्मों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं। अब उड़िया फिल्म दालचीनी को शामिल किया गया है और ऋतुप्रिया प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म दालचीनी को शिमला अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के रूप में सम्मानित किया गया है। श्री अमृत पाल सिंह, प्रमुख, फिल्म प्रभाग, भारत ने उड़िया फिल्म दालचीनी के नायक पार्थ सारथी राय को बधाई दी। एनसीआर न्यूज की ओर से फिल्म "दालचीनी" की सफलता पर बहुत-बहुत बधाई।

### आग लगा कर हत्या करने की शाजिश हुई नाकाम, समय पर हॉस्पिटल पहुंचाया

**रवि शंकर कुमार**

पवन कुमार यादव की पत्नी जूली देवी को आग लगाकर मारने की साजिश रची गई थी जिसमे वह पूरी तरह से घायल हो चुकी थी। मौका पाकर ग्राम वासियों ने हॉस्पिटल पहुंचाया। लड़की के परिवार वालो ने पाली थाने को सूचना दी, सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने हॉस्पिटल जाकर लड़की के बयान लिए। बयान में लड़की पुलिस को बताया की ससुराल वाले ने हमारे ऊपर मिट्टी तेल डालकर लड़की को जलाया था। जिसमें अपराधी पवन कुमार यादव पति एवं अरविंद कुमार यादव भैसूर बसंत कुमार यादव ससुर जिसमें पवन कुमार यादव और बसंत कुमार यादव साल भर से सजा काट रहे हैं और अरविंद कुमार यादव फरार हैं। पुलिस जांच में जुटी हुई हैं।

### प्रेम प्रसंग में विफल रहने पर प्रेमी व प्रेमिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अज़ीम खान**

**बदायूं/सहसवान(** में नगर के एक मोहल्ले में प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी व प्रेमिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने दोनों का महावा नदी के किनारे हरदत्तपुर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जाता है कि दोनों के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था, प्रेमिका की शादी उसके परिजनों ने तय कर दी थी। और गोद भराई की रसम भी हो चुकी थी। इससे विथित प्रेमिका ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जब यह जानकारी प्रेमी को हुई। तब उसने भी जंगल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया।

### एक्सपर्ट्स बोले- जो कोरोना संक्रमित हो चुके थे भी है ओमिक्रॉन से खतरा, हो सकता है री-इन्फेक्शन




साउथ अफ्रीका के एक्सपर्ट्स की नई रिपोर्ट ने एक बार फिर दुनिया के सभी देशों को हैरान कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, डेल्टा की तुलना में ओमिक्रॉन से तीन गुना ज्यादा री-इन्फेक्शन का खतरा है। इसका मतलब ये है कि जो लोग कोरोना से पहले इन्फेक्टेड हो चुके हैं, उन्हें भी ओमिक्रॉन से इन्फेक्टे होने का खतरा है। साउथ अफ्रीका ने नवंबर के आखिरी हफ्ते में इस वैरिएंट को लेकर दुनिया को आगाह किया था जिससे दुनियाभर की चिंता बढ़ी। रिपोर्ट से ये बात जाहिर है कि वैक्सीन लेने वाले या कोरोना से इन्फेक्टेड होने वालों को भी इससे बचाव करने की जरूरत है। साउथ अफ्रीका में अभी हर दिन हजारों नए मामले आ रहे हैं। ये नवंबर के पहले और दूसरे हफ्ते की तुलना में लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। अब तक गुरुवार को सबसे ज्यादा केस ,11,500 मिले हैं। ओमिक्रॉन के मामले अब तक साउथ अफ्रीका के 9 प्रांतों में से 5 प्रांत में मिले हैं। इसके अलावा ओमिक्रॉन के केस भारत सहित अब तक 25 से ज्यादा देशों में मिले हैं । साउथ अफ्रीका के शुरुआती डेटा के आधार पर हाल में ही एक रिपोर्ट जारी हुई है।

# दिल्ली विधानसभा परिसर में बनेगा कोविड योद्धाओं के लिए स्मारक

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अपने परिसर में डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ, सफाई कर्मचारियों और शिक्षकों सहित 'कोरोना योद्धाओं' के लिए एक स्मारक का निर्माण करेगी। विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने रविवार को कहा कि यह कोरोना योद्धाओं के सर्वोच्च बलिदान और उल्लेखनीय कार्यों का सम्मान होगा। गोयल ने कहा कि स्मारक के अगले साल 26 जनवरी तक तैयार हो जाने की संभावना है। ड्यूटी के दौरान कोविड-19 के कारण कई डॉक्टरों, नर्सों, सफाई कर्मचारियों और अन्य लोगों की मौत हो गई थी। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने महामारी से मानव जाति को बचाने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। गोयल ने कहा, इसलिए उनके सम्मान में हम दिल्ली विधानसभा में कोरोना योद्धाओं के स्मारक का निर्माण करेंगे। उनके कर्तव्य और सर्वोच्च बलिदान की जानकारी वाला एक शिलालेख लगाया जाएगा। इसके अगले साल 26 जनवरी तक पूरा होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि शिलालेख पर कोरोना योद्धाओं से संबंधित कुछ प्रतीक और चिन्ह (आला, झाड़ू, सीरींज आदि) भी उकेरे जाएंगे। गोयल ने कहा, एक छोटी दीवार जैसी संरचना पर कोरोना योद्धाओं से जुड़े चिन्ह जैसे इंजेक्शन, रक्तचाप जांचने वाली मशीन, आला, किताबें, झाड़ू आदि उकेरे जाएंगे। उन्होंने बताया, इनकी डिजाइन तैयार कर ली गई है और परियोजना पर काम चल रहा है। हम अगले साल 26 जनवरी को स्मारक का उद्घाटन करने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा परिसर में प्रवेश द्वार के निकट विट्ठलभाई पटेल की प्रतिमा के पीछे कोरोना योद्धा स्मारक का निर्माण किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ऐतिहासिक दिल्ली विधानसभा को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां लोग स्वतंत्रता सेनानियों, सदन और शहर के इतिहास को दर्शाने वाली 25 मिनट की फिल्म भी देख सकेंगे। गोयल ने यह भी कहा कि राजघाट पर गांधी दर्शन की तर्ज पर स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास को डिजिटल रूप से प्रदर्शित करने जैसी अन्य पर्यटन गतिविधियों को भी विकसित किया जाएगा। गोयल ने कहा, "हम देश, शहर और गांधी जी, भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास को दर्शाने वाली डिजिटल टेबल युक्त एक हॉल का निर्माण कर रहे हैं। ये डिजिटल टेबल पूरी तरह से टचस्क्रीन होगी और आगंतुक सिर्फ एक स्पर्श के साथ देश, शहर के गौरवशाली अतीत को देख सकेंगे।

## एनसीआर में वारदातों को रोकने के लिए नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली पुलिस का संयुक्त अभियान



**एजेंसी**

**नोएडा ।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में होने वाली लूटपाट व चोरी की वारदातों को रोकने के उद्देश्य से रविवार को नोएडा,गाजियाबाद और दिल्ली पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाया। नोएडा के अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि लूटपाट व चोरी की वारदातों को रोकने के लिए गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी में 'आपरेशन प्रहार' के तहत तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस ने दिल्ली और नोएडा में वांछित सचिन उर्फ रेपर सहित कुल पांच बदमाशों को पकड़ा। सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने खोड़ा में करीब 60 संदिग्ध अपराधियों के घरों पर दबिश दी, और उनके परिवार के सदस्यों से पूछताछ की। तीनों जगह की पुलिस की ओर से 200 पुलिसकर्मी और एक दर्जन से अधिक अधिकारी इस अभियान का हिस्सा रहे। दस किलोमीटर के दायरे में कुल 40 गलियों में तलाशी अभियान चला। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार रेपर के खिलाफ दिल्ली,नोएडा और गाजियाबाद में 13 मुकदमें दर्ज हैं।

## दिल्ली में ही अरविंद केजरीवाल को घेरने की तैयारी में जुटी कांग्रेस

### गेस्ट टीचर्स के प्रदर्शन में शामिल हुए सिद्धू

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** एक ओर जहां अरविंद केजरीवाल लगातार पंजाब में कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। तो वहीं अब कांग्रेस ने भी दिल्ली में केजरीवाल को घेरने की तैयारी शुरू कर दी है।

यही कारण है कि पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू दिल्ली में गेस्ट टीचर्स की प्रदर्शन में शामिल हुए। आपको बता दें कि यह गेस्ट टीचर्स अपनी मांगों को लेकर सीएम केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने केजरीवाल के खिलाफ नारा भी लगाया। इसके साथ ही सिद्धू ने कहा- ऊंची दुकान-फीके पकवान। सिद्धू ने सवाल किया कि आखिर केजरीवाल कहां है? दिल्ली में 22000 गेस्ट टीचर से बंधुआ मजदूर की तरह काम कराया जा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि टीचर से दिहारी मजदूरी कराई जा रही है। इनके लिए कोई नीति नहीं है। नीति बनाकर केजरीवाल सरकार को काम करना चाहिए। केजरीवाल सिर्फ मायाजाल बिछाने में है। इसके साथ ही सिद्धू ने कहा कि मैं उनका रेत का महल तोड़ कर जाऊंगा। सिद्धू ने यह भी कहा कि केजरीवाल पंजाब आकर टीचर्स को लालच दे रहे हैं। लेकिन

पहले भी यह बताएं कि आखिर उन्होंने दिल्ली में टीचर्स के लिए क्या किया है? इससे पहले केजरीवाल ने मोहाली में पंजाब राज्य शिक्षा विभाग के बाहर प्रदर्शन कर रहे राज्य के अध्यापकों से मुलाकात की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि हमने दिल्ली में अध्यापकों के सारे मसले हल किए हैं। अब पंजाब में भी करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले काम करने वाले अध्यापकों ने कमाल करके दिखा दिया। अध्यापकों के मसले हमने ठीक किए और उन्होंने मेरे बच्चों की पढ़ाई ठीक कर दी। मैं आज सिर्फ इतना वादा करके जा रहा हूं कि हमारी सरकार आएगी तो आपके मसले जरूर हल करेंगे और मैं दिल्ली में करके आया हूं, यहां भी करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं यहां इन अध्यापकों का समर्थन करने के लिए आया हूं। अध्यापक 6,000 रुपए की तनख्वाह पर काम कर रहे हैं। 6,000 रुपए की सैलरी लेकर किसका गुजारा चल सकता है। पंजाब सरकार इनकी मांगों पर विचार करें।

## रन फॉर हिमाचल मैराथन का आयोजन

**एजेंसी**




**शिमला ।** राज्यसभा सदस्य और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर और केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज नई दिल्ली में रन फॉर हिमाचल, हिमाचल मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हिमचल प्रदेश के वन, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री राकेश पठानिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व की स्वर्ण जयन्ती के अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह आयोजन स्वर्णिम हिमाचल महोत्सव का भाग है और मैराथन का आयोजन प्रदेश सरकार, हिमाचल सामाजिक निकाय फेडरेशन और एनसीआर दिल्ली में रहने वाले प्रवासी हिमाचलियों के संयुक्त तत्वाधान से किया गया है।

रन फॉर हिमाचल का आयोजन राजघाट से हिमाचल भवन तक किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने एनसीआर में रहने वाले हिमाचलियों से प्रदेश और देश के विकास में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश को अद्वितीय प्राकृतिक सुन्दरता, प्रदूषण रहित स्वच्छ वातावरण का वरदान हासिल है और देवभूमि का मूल निवासी होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में केंद्र सरकार ने प्रदेश की विकासात्मक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकासात्मक परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर राज्य के विकास में सदैव सहयोग प्रदान किया है। हिमाचली हमेशा जमीन से जुड़े रहने वाले लोग होते हैं। उन्होंने हिमाचली संस्कृति के संरक्षण और इस प्रकार के विशाल कार्यक्रम के लिए एनसीआर में रहने वाले हिमाचलियों के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने राष्ट्रीय राजधानी में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए एनसीआर में रहने वाले हिमाचलियों की भावनाओं और प्रदेश के प्रति उनके समर्पण भाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने छोटा पहाड़ी राज्य होने के बावजूद कई उपलब्धियां अपने नाम की है और देश में हिमाचल एक आदर्श राज्य के रूप में जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य और कई अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश की 50 वर्षों की विकासात्मक यात्रा बहुत ही शानदार और प्रेरणादायी रही है। प्रदेश ने 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियों के दोनों खुराकों के टीकाकरण लक्ष्य को प्राप्त करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और हिमाचल प्रदेश देश में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने राज्य को निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में जगत प्रकाश नड्डा के कार्यकाल के दौरान राज्य को स्वास्थ्य अधोसंरचना विशेषरूप से एम्स और चिकित्सा महाविद्यालयों के विकास में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचली बहुत ही सरल और परिश्रमी लोग होते हैं और देश और विदेश में हिमाचली अपने विश्वसनीय स्वभाव के लिए जाने जाते हैं।

## गुजरात में बीते दिन तीन दिसंबर को विकलांग दिवस के रूप में मनाया गया

**तदावी अर्जुन**



अमरेली जिला दिव्यांग अघिकारिमंच जिला कलेक्टर को आवेदानपत्र देकर विकलांग दिवस मनाया गया। विकलांगो के प्रश्नः विकलांग पेंशन योजना लागू करने कि माग पुरे भारत में लागू होने चाहिए। और राशनकार्ड से सभी विकलांग को राशन मिलना चाहिए, भारत में सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए ऐसे विकलांग है जिनके पास रहने के लिए मकान नहीं, उसको मकान मिलना चाहिए। उसके बच्चों को स्कूलों में जाने को पूरा सहयोग मिलना चाहिए। समाज में जिस तरह विकलांगो को परेशानिया होती है उन परेशानियों का जल्द से जल्द निवारण होना चाहिए।

## एंटी-स्मॉग गन तैनात करेगी दिल्ली मेट्रो

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की समस्या लगातार बढ़ती ही जा रही है, जिसको देखते हुए दिल्ली मेट्रो ने अपने परियोजना स्थलों पर और अधिक एंटी-स्मॉग गन लगाने की योजना बनाई है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली मेट्रो ने अपने निर्माण स्थलों पर प्रदूषण को कम करने के लिए पहले से ही 14 एंटी-स्मॉग गन को तैनात कियाहै जो निर्माण कार्य से निकलने वाले धूल के कणों के प्रदूषण को कम करने के लिए नियमित अंतराल पर अच्छी धुंध फेंकती हैं। ये एंटी-स्मॉग गन (एएसजी) पहले भी कुछ समय के लिए लगाई गई थीं। दिल्ली और उसके आस-पास के शहरों में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए अधिकारियों के निर्देश पर राष्ट्रीय राजधानी में फिलहाल निर्माण गतिविधियां रोक दी गई हैं। डीएमआरसी के कॉरपोरेट संचार के कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने कहा, ''वर्तमान में, गैर-प्रदूषणकारी प्रकृति के निर्माण कार्यों के अलावा सभी प्रकार के निर्माण कार्यों कोनिर्देशों के अनुपालन में रोक दिया गया है।'' उन्होंने कहा, ''जबकि डीएमआरसी समय-समय पर जारी किए जा रहे प्रदूषण संबंधी सभी निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कर रहा है, यह एंटी स्मॉग गन प्रदूषण से निपटने के लिए एक स्थायी उपाय के रूप में स्थापित की गई हैं और साल भर निर्माणस्थलों पर कार्यरत रहती हैं।

## कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये भोजन, पेयजल आदि व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

**देवराम ठाकुर**



क्रांति सूर्य जननायक टंट्या मामा के बलिदान दिवस पर आयोजित किये जा रहे स्मृति कार्यक्रम से पूरे मालवा एवं निमाड़ के वनवासी अंचल में उत्साह का माहौल छाया हुआ है। 4 दिसंबर को इंदौर के नेहरू स्टेडियम तथा डॉ. अम्बेडकर नगर महू तहसील के अंतर्गत पातालपानी में आयोजित किए जा रहे स्मृति समारोह के भव्य आयोजन हेतु कलेक्टर श्री मनीष सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। यह स्मृति कार्यक्रम प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने आज नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम हेतु तैनात किये गये सभी अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रभारी नगर निगम आयुक्त सुश्री भव्या मित्तल, एडीएम श्री पवन जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु चंद्र, समस्त अपर कलेक्टर, एसडीएम एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि पातालपानी में 4 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, जनजाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि टंट्या मामा स्मारक स्थल पर नवीन कांस्य प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचेंगे। तद्पश्चात अतिथियों द्वारा टंट्या मामा मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की जायेगी तथा मंदिर परिसर में वृक्षारोपण भी किया जायेगा। पातालपानी में ही मंचीय कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल श्री पटेल एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान वहां उपस्थित वनवासी बंधुओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद राज्यपाल श्री पटेल एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान सभी जनप्रतिनिधियों सहित इंदौर के नेहरू स्टेडियम पहुंचेंगे। यहां वे टंट्या मामा के जीवनकाल पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे।

### केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के आगमन पर क्षेत्रीय नेताओ ने की बैठक



**हेमराज सैनी**

केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के जयपुर आगमन पर बीते दिन विराटनगर विधानसभा क्षेत्र बाणगंगा मंडल की मीटिंग का आयोजन किया है स्थान पितेश्वर मंदिर मैड समय दोपहर 12:30 बजे रखी गई।

जिसमें बीजेपी के पूर्व प्रदेश महामंत्री श्री कुलदीप धनकड़ कि उपस्थित में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमितशाह जी के स्वागत को लेकर चर्चाएं हुई जिसमें पदाधिकारी गण, जिला के पदाधिकारी गण, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य पूर्व पदाधिकारी गण, मोर्चा के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, बुथ अध्यक्ष एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिल्ली में ओमिक्रॉन का दखल

## तंजानिया से लौटे यात्री में मिला संक्रमण, देश में 4 दिन में नए वैरिएंट के 5 केस सामने आए




एजेंसी

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु, मुंबई और जामनगर के बाद अब दिल्ली में ओमिक्रॉन के पहले केस का पता चला है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि संक्रमित तंजानिया से आया था। एयरपोर्ट पर जांच के बाद उसके ओमिक्रॉन संक्रमित होने की जानकारी मिली। उसे दिल्ली के LNJP अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

LNJP अस्पताल के एमडी सुरेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में भर्ती ओमिक्रॉन मरीज के गले में सूजन, थकान और शरीर में दर्द के लक्षण दिख रहे हैं। इससे पहले शनिवार को गुजरात के जामनगर में ओमिक्रॉन संक्रमित मिला था। वहीं, मुंबई और बेंगलुरु में भी ओमिक्रॉन के केस मिलाकर देश में इस वैरिएंट के कुल 5 संक्रमित मिल चुके हैं।

**देश में ओमिक्रॉन के पिछले 4 मामले**

कर्नाटकः सबसे पहले कर्नाटक में गुरुवार को दो मरीज मिले। इनमें एक विदेशी है, जो नवंबर में भारत आया था।

गुजरातः तीसरा केस गुजरात के जामनगर शहर में मिला है। ओमिक्रॉन से संक्रमित मिला शख्स 28 नवंबर को जिम्बाब्वे से जामनगर आया था।

महाराष्ट्रः भारत में ओमिक्रॉन का चौथा केस शनिवार को महाराष्ट्र में मिला। मुंबई के पास कल्याण डोंबिवली का रहने वाला यह शख्स साउथ अफ्रीका से लौटा था।

**देश में आने वाले यात्रियों के लिए नई गाइडलाइन्स**

कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर बढ़ती चिंता के बीच इंटरनेशनल पैसेंजर्स के लिए नई गाइडलाइन आज से लागू कर दी गई है। केंद्र ने 28 से 30 नवंबर के बीच ये गाइडलाइंस जारी की थीं। इसमें बताया गया है कि एट रिस्क देशों से आने वाले पैसेंजर्स को RT-PCR टेस्ट कराना जरूरी होगा। पैसेंजर्स को रिजल्ट आने तक एयरपोर्ट पर ही इंतजार करना होगा। सभी एयरपोर्ट्स पर अतिरिक्त RT-PCR फैसिलिटी की व्यवस्था की जाएगी।

फॉर्म में बतानी होगी ट्रैवल हिस्ट्री

'एट रिस्क' वाले देशों को छोड़कर बाकी देशों के यात्रियों को एयरपोर्ट से बाहर जाने की अनुमति होगी। उन्हें 14 दिन के लिए सेल्फ मॉनिटरिंग करनी होगी। ओमिक्रॉन के खतरे की श्रेणी से जिन देशों को बाहर रखा गया है, वहां से आने वाले यात्रियों में 5% की टेस्टिंग जरूर की जाएगी। इसके मुताबिक, अब एयर सुविधा पोर्टल पर मौजूद सेल्फ डेक्लेरेशन फॉर्म में सभी इंटरनेशनल पैसेंजर्स को फ्लाइट बोर्ड करने से पहले अपनी 14 दिन की ट्रैवल हिस्ट्री बतानी होगी।

# दिल्ली में 3 दिसंबर से फिर स्कूल बंद केंद्र राज्य दोनों सरकारों को सुप्रीम कोर्ट की फटकार



अबरारुल हक़ रहमानी

**दिल्ली।** बढ़ते वायु प्रदूषण और सुधार नहीं होने पर उच्चतम न्यायालय ने गंभीर चिंता जताते हुए दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। कहा कि ऐसे हालात में स्कूलों को क्यों खोला गया है। छोटे बच्चों को स्कूल जाने के लिए क्यों कहा जा रहा है। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में आगामी आदेश आने तक स्कूल बंद रहेंगे। राय ने कहा, ''हमने वायु गुणवत्ता में सुधार का पूर्वानुमान जताए जाने के कारण स्कूल फिर से खोल दिए थे, लेकिन वायु प्रदूषण फिर से बढ़ गया है और हमने आगामी आदेश आने तक शुक्रवार से स्कूल बंद करने का फैसला किया है।'' दिल्ली में स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान 13 नवंबर से बंद थे, लेकिन उन्हें सोमवार से खोल दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की विशेष पीठ ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने पिछली सुनवाई में घर से काम करने, लॉकडाउन लागू करने और स्कूल एवं कॉलेज बंद करने जैसे कदम उठाने के आश्वासन दिए थे, लेकिन इसके बावजूद बच्चे स्कूल जा रहे हैं और वयस्क घर से काम कर रहे हैं। पीठ ने कहा, ''बेचारे युवक बैनर पकड़े सड़क के बीच खड़े होते हैं, उनके स्वास्थ्य का ध्यान कौन रख रहा है? हमें फिर से कहना होगा कि यह लोकलुभावन नारे के अलावा और क्या।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में डॉक्टर हड़ताल पर बैठे




अबरारुल हक़ रहमानी

**दिल्ली।** गुरुवार को सफदरजंग सहित अलग-अलग अस्पतालों के रेजीडेंट डॉक्टरों ने समर्थन देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल नहीं होने की घोषणा की है। इनका कहना है कि शुक्रवार से अस्पतालों में ये ओपीडी भी नहीं चलने देंगे। इसके चलते अस्पतालों में मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के अलावा डीडीयू, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, आरएमएल अस्पताल, लोकनायक, जीटीबी सहित कई अस्पतालों में हड़ताल होने की पुष्टि हो चुकी है। हना है कि सभी सरकारी अस्पतालों में कार्यरत रेजीडेंट डॉक्टर हड़ताल के समर्थन में हैं। नीटी पीजी काउंसलिंग को लेकर बीते सोमवार को भी देशभर में रेजीडेंट डॉक्टरों ने हड़ताल की थी। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने जल्द से जल्द काउंसलिंग कराने पर आश्वासन भी दिया था, हालांकि दिल्ली के अलावा दूसरे राज्यों की बात करें तो अलग-अलग जगहों पर बीते सोमवार से ही रेजीडेंट डॉक्टरों की हड़ताल देखने को मिल रही है। उधर कोरोना महामारी और नए वैरिएंट की दहशत के बीच डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी कोई कदम नहीं उठाया है। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस मामले में अस्पताल प्रबंधन और रेजीडेंट डॉक्टरों के बीच चर्चा होना जरूरी है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में विचारधीन एक मामले में केंद्र सरकार ने नीट पीजी काउंसलिंग को अस्थायी तौर पर रोकने और नए दिशा निर्देशों को लाने की जानकारी दी थी।

### हरियाणा नशा मुक्ति अभियान में SP ने किया मोटीवेट




मोहम्मद आमिर

हरियाणा यमुनानगर नशा मुक्ति अभियान के तहत (सही राह) मुहिम में एसपी कमलदीप गोयल जी के द्वारा वैचारिक कार्यक्रम में लोगों को मोटिवेट किया गया व सभी को नशे के खिलाफ़ संगठित होकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया . एसपी श्री कमलदीप गोयल जी। विजय बब्बर जी राम निवास गर्ग जी। एमसी सुरिंदर शर्मा जी। रामपुरा चौकी प्रभारी सतपाल जी। गुरदयाल सिंह निमार जी। साबिया राव जी। शालू चौहान, सीआरओ डिप्टी टीम ऑफिसर। आमिर अल्वी सीआरओ टीम जिलाध्यक्ष ममता संत। रेखा चोखर।

### चिड़ियाघर से भागा तेंदुआ



देवराम ठाकुर

चिड़ियाघर में पिंजरे से भागा तेंदुआ,इलाके में दहशतबुरहानपुर से पकड़ कर लाए थे तेंदुए क शिफ्टिंग करने के लिए रात पिंजरे में ही रखा था जब कर्मचारियों ने पिंजरा खोला तो तेंदुआ था गायब बारिश के चलते पिंजरे को कपड़े से तक ढंककर रखा था,तेंदुए के दोनों पैरों में लगी है चोट वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे झू चिड़ियाघर काफी बड़े एरिया में फैला है,फिलहाल मुख्य गेट को बंद कर दिया गया है,नवलखा इलाके में बना है चिड़ियाघर,खबर मिलते ही आसपास की कालोनियों में दहशत का माहौल

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

देवराम ठाकुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 3 दिसंबर विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम समाज कल्याण परिसर परदेशीपुरा दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पर दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। सभी दिव्यांगजनों के हितार्थ कार्य करने वाली संस्थाए 5-5 दिव्यांगजनो को लेकर कार्यक्रम में शामिल होंगी। श्री पवन चौहान, श्री ज्ञनेंद्र पुरोहित, श्री नितिंद्र, श्री संजय लोखंडे, श्रीमति किरण तोमर, श्रीमति विजया सिंघार, श्री राजेश मिश्रा, श्री भरत सिंह गौर इत्यादि समन्वय स्थापित।

### डॉ इंद्रजीत यादव को मिल रहा है भारी जनसमर्थन



कृष्ण कुमार की रिपोर्ट

मानेसर नगर निगम से मेयर प्रत्याशी डॉ इंद्रजीत यादव जनता का भरपूर प्यार और सहयोग मिल रहा है विशेष बातचीत में डॉ इंद्रजीत यादव ने बताया कि उन्होंने मानेसर नगर निगम के लगभग दर्जनों गांवों का दौरा किया जहां पर उन्हें जनता का भरपूर प्यार और सहयोग मिला उन्होंने बताया कि वह जनता के के प्रति किए गए हर वादे पर खरे उतरेंगे और मानेसर नगर निगम के विकास में कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे।

# वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ का निधन बीमारी के बाद अस्पताल में थे भर्ती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ का आज निधन हो गया। उनकी बेटी मल्लिका दुआ ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनका अंतिम संस्कार कल होगा। विनोद दुआ काफी दिनों से बीमार चल रहे थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

मल्लिका दुआ ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हमारे निर्भीक और असाधारण पिता विनोद दुआ का निधन हो गया है। उन्होंने शानदार जिंदगी को जिया, दिल्ली की एक शरणार्थी कॉलोनी में पले-बढ़े और 42 साल तक पत्रकारिता की दुनिया में नाम कमाया, वह हमेशा सच की आवाज उठाते रहे। अब वह हमारी मां के साथ हैं, उनकी पत्नी चिन्ना स्वर्ग में हैं जहां वे गाएंगे, खाना बनाएंगे और एक साथ यात्रा करेंगे। उनका



अंतिम संस्कार कल (15.12.21) लोधी श्मशान घाट में होगा।

**मल्लिका ने दी थी तबियत बिगड़ने की जानकारी**

कुछ दिनों पहले तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उनकी बेटी मल्लिका दुआ ने विनोद दुआ की हालत गंभीर होने की जानकारी दी थी। मल्लिका ने अपने इंटाग्राम पर भावुक पोस्ट लिखते हुए कहा था कि उनके पिता की हालत गंभीर है, उनके लिए दुआ करें कि उन्हें कम से कम तकलीफ हो।

**कोरोना से हुई थी पत्नी की मौत**

इससे पहले कोरोना वायरस की दूसरी लहर के दौरान विनोद दुआ और उनकी पत्नी चिन्ना दुआ कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। तब चिन्ना दुआ की मौत हो गई थी।

**मीडिया में एक जाना-माना नाम**

67 साल के विनोद दुआ मीडिया में एक जाना पहचाना नाम थे। विनोद दुआ ने दूरदर्शन के लिए भी काम किया था। कोरोना वायरस की दूसरी लहर के दौरान विनोद दुआ और उनकी पत्नी को गुरुग्राम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। इसके बाद से ही विनोद दुआ की सेहत में लगातार गिरावट आती रही।

# कलेक्टर ने पातालपानी में आयोजित किए जा रहे जननायक टंट्या मामा बलिदान दिवस



देवराम ठाकुर

नेहरू स्टेडियम में स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक टंट्या मामा के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगायी गई है। प्रदर्शनी में टंट्या मामा के वास्तविक एवं जीवन से आधारित चित्र केकई फोटोग्राफ भी शामिल किए गए हैं क्रांतिवीर जननायक टंट्या भील (मामा) के पकड़े जाने तक कोई भी अंग्रेज सैनिक उनका असली चेहरा नहीं जानता था क्योंकि उनका कोई भी फोटोग्राफ उपलब्ध नहीं था। सबसे पहले एक अंग्रेज चित्रकार, बेमोरोज कोलि ने इनका एक चित्र बनाया था जो इनके गिरफ्तारी के पहले तक की पहली तस्वीर थी। टंट्या भील के नाम से होशंगाबाद से नेमावर,बेतूल से मेलघाट तक, अंग्रेजों में ख़ौफ था। होलकर रियासत में एक जनजाति के लोग लूटपाट और डकैती में लिप्त थे रियासत की पुलिस डिपार्टमेंट ने जब बड़ी संख्या में इस गिरोह को पकड़ा और दंडित करने का फैसला लिया तो सन् 1888 मे महाराजा शिवाजी राव होलकर ने दंडित करने के बजाय इन्हें बेहतर जीवन व्यतीत करने के लिए झोंपड़ियों का निर्माण करवाकर जमीने और कुएँ खुदवा कर दिए ताकि यह इस काम को छोड़ सकें। तक़रीबन 12 बरस पहले, जफर अंसारी द्वारा शोध एवं प्रामाणिक तथ्यों के आधार पर टंट्या भील पर काफी विस्तार से लिखा गया एक लेख, संक्षिप्त में टाइम्स ऑफ इंडिया के रविवार अंक में 2010 में प्रकाशित हुआ था।

## दिवानखेड़ी का सपूत बनवारीलाल राठौर गुवाहाटी में शहीद

ब्रज कुमार राठौर



सपूत बनवारीलाल राठौर शुक्रवार रात एक हादसे में शहीद हो गए। 10 साल से भी ज्यादा समय से मातृभूमि की सेवा में लगे बनवारीलाल गुवाहाटी में हादसे का शिकार हुए हैं। पहाड़ी इलाके में सड़क दुरुस्त करने के दौरान डोजर असंतुलित हो गया और खाई में जा गिरा। इसी की चपेट में राठौर आ गए। हादसे की जानकारी लगते ही सुसनेर एसडीएम सोहन कनास अमले के साथ दिवानखेड़ी गांव पहुंचे। दिवानखेड़ी गांव के रहने वाले बनवारीलाल राठौर सेना में अपनी सेवाएं दे रहे थे। शुक्रवार शाम पहाड़ी इलाके में सड़क दुरुस्त करते समय डोजर असंतुलित हो गया, जिससे वे के गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रात में उन्होंने अंतिम सांस ली। सुबह सुसनेर एसडीएम अमले के साथ गांव पहुंचे और अंतिम संस्कार की तैयारियों का जायजा लिया।

# उज्जैन पहुंचे मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा

राजेंद्र योगी

शनिचरी अमावस के पावन पर्व पर उज्जैन पहुंचे मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा और मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ मोहन यादव बाबा महाकाल के दर्शन एवं पूजा अर्चना करने के बाद मीडिया से चर्चा में बताया उज्जैन पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया



है ,जिसको लेकर उज्जैन पुलिस को बधाई दी उसी के साथ उज्जैन केंद्रीय जेल में हुई घटना जेल के पहरी और जेलर पर लगे आरोप को लेकर गृहमंत्री ने बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए हैं दोषी पाए जाने पर सख्त से सख्त होगी कार्रवाई। मध्य प्रदेश सरकार ओमीक्रोन वेरिएंट को लेकर तैयार है और बाबा महाकाल का आशीर्वाद मध्य प्रदेश सरकार के ऊपर है किसी भी प्रकार का वायरस देश व प्रदेश की जनता का कुछ नहीं बिगड़ेगा मीडिया में चर्चा कर गृह मंत्री द्वारा बताए गए।

राष्ट्रीय एकीकृत बागवानी मिशन | खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिये दिये कई अहम सुझाव

# युवा किसान एमआईडीएच कमेठी सदस्य अशोक पाटीदार शामिल

संजय कसेरा

**रतलाम।** कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय,भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री मा.श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय गठित ?राष्ट्रीय एकीकृत बागवानी मिशन? के ?सामान्य परिषद? (जी.सी) की प्रथम बैठक 30 नवंबर 2021 को दिल्ली में सम्पन हुई । जिसमें रतलाम के ग्राम बिलपांक के युवा किसान एमआईडीएच कमेठी सदस्य अशोक पाटीदार शामिल हुऐं, उन्होने खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिये दिये कई अहम सुझाव दिए।बैठक में भारत सरकार के ग्रामीण विकास और पंचायती मंत्री गिरिराज सिंह, राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, माइक्रो, स्मॉल और मीडियम इंटरप्राइजेज मंत्री श्रीनारायण राणे, श्री जी. संस्कृति मंत्री किशन रेड्डी आदि की गरिमामय उपस्थिति रही एवं एम आई डी एच से जुड़े विभिन्न मंत्रालयों के सामूहिक एकीकृत प्रयासों से कृषि एवं वानिकी के क्षेत्र में कैसे उल्लेखनीय बदलाव आए इस विषय पर विचार रखे एवं अधिकारियों को निर्देशित किया। एमआईडीच के जॉइंट सेक्रेटरी श्री राजबीर सिंह जी ने एमआईडीच से जुड़ी विभिन्न स्कीमों पर अब तक हुई कार्य प्रगति के संबंध में जनरल काउंसिल के सभी सदस्यों को अवगत करवाया । माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी ने ?सामान्य परिषद? (जी.सी) सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अपने अपने राज्यों में कृषि एवं वानिकी से जुड़ी व्यवहारिक कठिनाइयों पर विचार रखने हेतु आग्रह किया। भारत सरकार के एमआईडीच की जीसी में सामान्य सदस्य अशोक पाटीदार ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुऐं किसानों एवं किसान संगठनों से प्राप्त सुझाव को रखा उन्होने बताया कि संतुलित कृषि एवं जैविक कृषि की ओर बढ़ने के लिए उर्वरकों में सीधे कटौती करने की बजाय स्टेप बाय स्टेप सॉइल हेल्थ कार्ड के आधार पर कृषि उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। ड्रिप इरिगेशन की गुणवत्ता तथा नेट हाउस, पाली हाउस का एक निश्चित समय बाद रिपेयरिंग एम रखरखाव हेतु भी बजट का प्रावधान होना चाहिए । मृदा स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एक अत्याधुनिक माइक्रो न्यूट्रिएंट्स परीक्षण आधारित सॉइल टेस्टिंग लैब, वैसा ही सेटअप फूड एवं फ्रूट टेस्टिंग लैब की स्थापना प्रत्येक जिला/अथवा संभाग स्तर हो,कि और ?जीसी? के सभी सम्मानीय सदस्यों का ध्यान आकर्षित किया। माननीय



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र जी मोदी एवं भारत सरकार द्वारा देश भर में किसानों के सामूहिक आर्थिक स्वावलंबन हेतु 10,000 एफपीओ का गठन एक ड्रीम लाइन एवं कृषि में छोटे एवं मध्यम किसानों की तकदीर बदलने वाला प्रोजेक्ट हैं, इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है । वर्तमान में कार्यरत एवं सक्रिय सभी एफपीओ की ग्रेडिंग, एक्रीडिटेशन के आधार पर उन्हें ऑपरेशनल ग्रांट के डिस्ट्रीब्यूशन पर विचार करना चाहिए। माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी ने जनरल काउंसिल की और से सभी सदस्यों के सुझावो पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। श्री कैलाश चौधरी जी केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, राज्यमंत्री भारत सरकार ने जीसी सदस्यों एवं माननीय मंत्री गणों की उपस्थित एवं सुझाव हेतु आभार माना।

# सिर्फ वाहवाही लूट कर चल दिए नेताजी बीते 5 साल गुजर जाने के बावजूद



देवराम ठाकुर

**पाली।** जिले के बहुचर्चित मनोहर अपहरण कांड को बीते 5 साल गुजर गए है मगर मनोहर का सुराग अब तक नहीं मिला है तीन बहनों का इकलौता भाई और बुजुर्ग माता पिता का इकलौता बेटा मनोहर जो घर से ट्यूशन का बोलकर 23 नवंबर 2016 को निकला था, जो अब तक वापस नहीं लौटा है मगर मनोहर के माता पिता उसकी बहनों ने आज तक मनोहर के लौटने की आशा जताए बैठे हैं। इधर परिजनों और रिश्तेदारों ने एसपी से लेकर आईजी तक व जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई यहां तक की सर्व समाज द्वारा विशाल रैली निकालकर सीबीआई जांच के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार को ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें नतीजा यह रहा कि राज्य सरकार ने करीब 9 माह पहले सीबीआई जांच के लिए अनुर्षा केंद्र सरकार से की मगर आज तक केंद्र सरकार ने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया। वहीं दूसरी तरफ मनोहर के माता पिता और बहनों का रो रो कर बुरा हाल है उनकी नजरें पूरे दिन घर के दरवाजे पर इसी आस में टिकी रहती है एक दिन उनका मनोहर जरूर लौटेगा वहीँ परिजन सरकार से और पुलिस प्रशासन से यही गुहार लगाए बैठे हैं क्या फिर कब उनका भाई और उनका बेटा घर लौटेगा।

संक्षिप्त समाचार

## भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब: तीसरी लहर से बेखबर श्रध्दालु, कोरोना गाईड लाईन का नहीं हो रहा पालन

**अंसार खान**



रायसेन जिले के नगर बरेली में चार दिन से मारूति नगर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन मालवा माटी के राष्ट्रीय संत पंडित कमल किशोर नागर जी सरस्वतीपुत्र के श्रीमुख से धर्म एवं ज्ञान गंगा प्रवाहित हो रही है। प्रतिदिन पांच से दस हजार की संख्या में महिला, पुरूष और बच्चे सभी धर्म लाभ ले रहे है। एक चाय व्यवसायी के व्दारा लाखो रूपये का आयोजन करना नगर मे चर्चा का विषय बना हुआ है। हज़ारों की संख्या में भीड़ का इकट्ठा होना साथ ही किसी के द्वारा मास्क न लगाया जाना, सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन न करना सरासर कोरोना नियमों की धज्जियां उड़ाना ही है। कोविड-19 की तीसरी लहर ओमिक्रोन से बेखबर धार्मिक आस्था में डूबे हुये लोगों को महामारी का कोई खौफ नहीं दिख रहा है और न ही शासन प्रशासन इस पर ध्यान दे रहा है। भागवत कथा में पत्रकारों को भी कवरेज करने से रोका जा रहा है।

## राजस्थान में पुजारी के हत्या के विरोध में सर्व पुजारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**राजेंद्र योगी**

**बागली** । राजस्थान के जालोर जिले के धूम बढ़िया गांव में मंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या के विरोध में सर्व पुजारी महासंघ के कार्यकर्ताओं द्वारा बागली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार अनिता बरेठा को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से पुजारी संघ द्वारा मांग की गई कि सरकार द्वारा संपूर्ण घटना की सीबीआई जांच करवाई जावे। राजस्थान सरकार में पुजारी समुदाय असुरक्षित है, अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे है।इस घटना को लेकर संपूर्ण राजस्थान सहित मध्यप्रदेश के पुजारियों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि पुजारी परिवार को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाए, अन्यथा पुजारी समुदाय सड़क पर आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेगा। ज्ञापन का वाचन संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश गिरी गोस्वामी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगठन के पं कौशल जोशी राजेंद्र पाठक, कैलाश वैष्णव, रजत पाठक, हीरा लाल गोस्वामी, पीके चौधरी,कमल जायसवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रोको-टोको अभियान फिर से मास्क और वक्सीन की दोनों डोज लगवाने की अपील




**देवेन्द्र कुमार जैन**

**भोपाल**। जिला प्रशासन के नेतृत्व में संचालित "रोको-टोको अभियान" के अंतर्गत गुरूवार को अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं द्वारा फिर से मास्क अभियान चलाया गया एवं लोगों को कोरोना से बचाव की समझाइश के साथ वैक्सीन के दोनों डोज लगवाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया के निर्देशन में शहर के हर क्षेत्र में लगातार मास्क लगाने और सख्ती के साथ उसका पालन कराने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किए है की शासकीय कार्यालयों में मास्क के बिना कोई भी व्यक्ति न आए। सभी कार्यालयों में सैनिटाइजर की व्यवस्था करने के साथ सोशल डिस्टेंस का पालन भी कराया जाए। भोपाल जिले में भी जिला प्रशासन और नगर निगम के साथ मिलकर "रोको - टोको" अभियान के अंतर्गत रैली में बैनर, पोस्टर, पेम्फलेट के माध्यम से लोगों को मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने और दो गज की दूरी बनाकर रखने को लेकर नागरिकों को समझाईश दी गई। रोको-टोको अभियान में घरों से बाहर निकलने वाले लोगों को मास्क अनिवार्य किया गया है।

## दिल्ली के इन इलाकों में नहीं आएगा पानी

**अबरारुल हक़ रहमानी**

**दिल्ली**। बाहरी रिंग रोड स्थित वेस्ट एन्क्लेव, पीतमपुरा में दिल्ली जल बोर्ड की 1500 एमएम व्यास दक्षिण दिल्ली मुख्य पाइप लाइन में रिसाव हो गया है। इस कारण शुक्रवार को पश्चिम दिल्ली और दक्षिण दिल्ली के अनेक इलाकों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार 1500 एमएम व्यास दक्षिण दिल्ली मुख्य पाइप लाइन की शुक्रवार को मरम्मत की जाएगी। इस कारण बुढ़ेला, डी-ब्लॉक जनकपुरी, सागरपुर और उनके आसपास के क्षेत्र, दिल्ली कैंट, आरकेपुरम, कटवरिया सराय, बेर सराय, ग्रीन पार्क, सफदरजंग एन्क्लेव, हौज खास, मुनिरका गांव और डीडीए फ्लैट, किशन गढ़, मस्जिद मोठ गांव, महरौली एवं उसके आसपास के इलाके आईआईटी, जेएनयू, सफदरजंग डियर पार्क और उनके आसपास के क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जल बोर्ड ने इन इलाके के निवासियों से अपील की है कि वे पर्याप्त मात्रा में पानी का भंडारण कर लें।

### दस फुट ऊँची इस प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे

# कमिश्नर और कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दी प्रशासनिक तैयारियों की दी जानकारी

**देवराम ठाकुर**

**इंदौर**। वनवासी समाज के अमर क्रांतिकारी टंट्या मामा की पुण्यतिथि पर इंदौर ज़िले की छोटी सी पहाड़ी बसाहट पातालपानी एक लाख जनजातीय समाज जनों की अगवानी करने के लिए आतुर है। आज प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति कल्याण, जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती पल्लवी जैन और प्रमुख सचिव तथा प्रबंध संचालक पर्यटन विकास बोर्ड आयुक्त-सह-संचालक, स्वराज संस्थान /पर्यटन एवं न्यासी सचिव, भारत भवन संस्कृति, पर्यटन, जनसम्पर्क श्री शिवशेखर शुक्ला ने पातालपानी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस अवसर पर संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा और कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी दी। वीडियो



कॉन्फ्रेंसिंग में इंदौर और उज्जैन संभाग के ज़िलों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि तीन दिसम्बर को सायंकाल गौरव यात्रा इन्दौर शहर में प्रवेश करेगी। खंडवा ज़िले के बड़ौदा अहिर और रतलाम ज़िले से दो यात्राएं निकली थी, जिनका समागम धार में होगा और यह सम्मिलित रूप से इंदौर में तीन दिसंबर को पहुँचेगी। इंदौर के राजवाड़ा में इनका स्वागत होगा। राजवाड़ा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। यात्रा का रात्रि मुक़ाम नेहरू स्टेडियम में रहेगा। कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने कहा कि यहाँ संत कबीर के भजनों की प्रस्तुति भी होगी।कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने बताया कि चार दिसंबर की सुबह लगभग नौ बजे यात्रा नेहरू स्टेडियम से प्रारंभ होकर भँवरकुंआ चौराहा पहुँचेगी। जहाँ इस चौराहे का नया नाम टंट्या भील चौराहा के नाम से समारोहपूर्वक किया जाएगा। कार्यक्रम में नामकरण के शिलालेख का अनावरण भी किया जाएगा। यहीं से लगभग 5 हज़ार की संख्या में मोटर साइकिलों की रैली भी पातालपानी के लिए प्रारंभ होगी। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि पातालपानी में समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। टंट्या भील की नवीन प्रतिमा भी स्थापना के लिए ग्वालियर से आ चुकी है। लगभग दस फुट ऊँची इस प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान सबसे पहले हेलीपैड से पातालपानी रेलवे स्टेशन में बने कालका माता मंदिर पहुंचेंगे और यहाँ पूजन करेंगे। साथ ही वृक्षारोपण भी किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री चौहान टंट्या मामा की प्रतिमा का अनावरण करेंगे और इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम होंगे।

## ओवरनाइट के स्टॉपेज सहित अन्य समस्याओं के लिए दिया ज्ञापन

**ब्रज कुमार राठौर**




ओवरनाइट के स्टॉपेज सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर रेलवे संघर्ष समिति, व्यापारी वर्ग तथा अधिवक्ता संघ ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर ओवरनाइट एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज सहित यात्रियों को हो रही असुविधाओं से अवगत कराया, रेलवे संघर्ष समिति के हसनरजा कुरैशी ने बताया कि लॉक डाउन के बाद से ही ओवर नाइट ट्रेन का स्टॉपेज बंद है साथ ही पंचवेली ट्रेन बंद पड़ी हुई है, साथ ही आम यात्रियों को सामान्य श्रेणी के टिकट उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जबकि शुजालपुर से सामान्य गाड़ियों के टिकट भोपाल की ओर जाने के लिए मिल रहे है, लेकिन भोपाल से शुजालपुर की ओर आने के लिए यात्रियों को रिजर्वेशन करवाना पड़ रहा है, रेलवे रतलाम मंडल को चाहिए कि सामान्य श्रेणी के टिकट वितरण की अनुमति दी जाए, इसके अलावा पैसेंजर ट्रेनें सहित कई फ़ास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज भी शुजालपुर रेलवे स्टेशन पर किया जाए, इन समस्याओं को लेकर आज दोपहर 2:00 बजे रेलवे संघर्ष समिति द्वारा स्टेशन अधीक्षक को एक ज्ञापन सोपते हुए समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही शीघ्र सुविधाएं बहाल नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी , समस्या से अवगत कराने के दौरान रामवीर सिकरवार गल्ला व्यापारी संघ अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय पाल सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## दिव्यांग नत्थोबाई घर पहुंच टीकाकरण सेवा से लाभांवित हुई

**एनसीआर समाचार**

विदिशा कोविड वैक्सीन टीकाकरण अभियान के तहत हर स्तर पर टीकाकरण के कार्य दलो के सदस्यों द्वारा संपादित किए जा रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एपी सिंह ने बताया कि सैकेण्ड डोज के ड्यू डेट के चिन्हित नागरिकों की लोकेशन ट्रेक होने पर उसी स्थल पर पहुंचकर टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। चाहे वह घर में हो, खेत पर हो अथवा चौराहों पर। नजदीक के दल को सूचित कर जानकारी दी जाती है और संबंधित से सम्पर्क उपरांत उनका टीकाकरण किया जा रहा है स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा गुरुवार को ग्यारसपुर विकासखण्ड की दूरस्थ पहाडियां ग्राम में निवासरत 80 वर्षीय दिव्यांग नत्थोबाई आदिवासी टीकाकरण से वंचित रह गई है कि सूचना प्राप्त होने पर क्षेत्र की एएनएम उर्मिला जाटव,



आशा सुपरवाईजर लाली दीक्षित सहित अन्य सहयोगियों ने टीकाकरण किट हो हाथो में लेकर नत्थोबाई के घर पहुंचकर उन्हें कोविड वैक्सीन का द्वितीय डोज का टीकाकरण किया है। टीकाकरण करने वाले दल को ज्ञात हुआ कि नत्थो बाई को आंखो से दिखाई नहीं देता है एवं आधार कार्ड में फिंगर ना आने के कारण आधार कार्ड बनवाने में दिक्कत आ रही है इन दस्तावेंजो के अभाव में भी दल के सदस्यों ने नत्थो बाई को कोविड वैक्सीन का टीकाकरण किया है और आधार कार्ड बनाए जाने हेतु संबंधितों से चर्चा की है। अतः शीघ्र ही टीकाकरण से लाभांवित होने वाली नत्थो बाई का आधार कार्ड जल्द बनवाने के प्रबंध सुनिश्चित किए गए है।

## मध्यप्रदेश सरकार एवं आईआईएम इंदौर के बीच हुआ एमओयू

**एनसीआर समाचार**

**भोपाल**। प्रदेश के महिला स्व-सहायता समूहों के व्यापार संवर्धन के लिये 'व्यापार केन्द्र' खोला जायेगा, जो महिला- स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रान्डिंग, विक्रय आदि के क्षेत्र में उनकी सहायता करेगा। इसके माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों को लगभग 50 हजार करोड़ रुपये के व्यापार के अवसर प्राप्त होंगे। इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा आईआईएम इंदौर के बीच इंदौर में एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। आईआईएम इंदौर 'व्यापार केन्द्र' की स्थापना, उत्पादन, संचालन एवं संवर्धन के लिये तकनीकी सहयोग देगा। मध्यप्रदेश, महिला स्व-सहायता समूहों के गठन एवं उनके विकास की दिशा में अग्रणी राज्य है। प्रदेश में 3 लाख 40 हजार महिला स्व-सहायता समूह हैं, जिनसे लगभग 39 लाख 10 हजार महिलाएँ जुड़ी हुई हैं। समूहों के पास संसाधनों की कमी होने से इन्हें बाजार में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल होता है। व्यापार केन्द्र इनके उत्पादों एवं



आपूर्तियों के पारिस्थितिक तंत्र में आदर्श बदलाव लायेगा। यह वन स्टॉप सुविधा के रूप में कार्य करेगा, जो उनके उत्पादों एवं सेवाओं को प्रारंभ से अंत तक व्यापार निर्माण और विस्तार समर्थन प्रदान करेगा।

सहयोग के क्षेत्रों में मुख्य रूप से उत्पाद विकास के लिये साझेदारी तथा संयुक्त पाठ्यक्रमों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों का आयोजन शामिल हैं। यह व्यापार केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप के बिना, उद्योग विशेषज्ञों के माध्यम से व्यावसायिक रूप से चलाया जायेगा। आईआईएम इसके लिये विशेषज्ञों की भर्ती में मदद करेगा।

## कोटपूतली में तीन वेडिंग जोन व दो नोंन वेडिंग जोन घोषित

**प्रमोद कुमार बंसल**

कोटपुतली पालिका प्रशासन ने दिनभर वेडिंग जॉन के बारे में समझाइए की पालिका ईओ फतेह सिंह मीणा की अगुवाई में पालिका प्रशासन की टीम ने पूरे शहर का दौरा कर फल सब्जी व्यापारियों सहित अन्य फुटकर व्यापारियों को वेडिंग जोन व अन वेडिंग जोन क्षेत्र के बारे में समझाइस की तथा चेताया कि यदि नान वेडिंग क्षेत्र में किसी प्रकार की रेहडी, थड़ी ,काउंटर, टेबल लगाकर अतिक्रमण किया गया तो उसके खिलाफ पालिका अतिक्रमण रोधी दल द्वारा जब्ती के साथ जुर्माना वसूली की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी इससे पहले पालिका कार्यालय कार्यालय में



टाउन वेडिंग कमेटी की बैठक पालिका फतेह सिंह मीणा की अध्यक्षता में हुई जैसे शहर में आए दिन लगने वाले जाम की समस्या से निजात पाने के लिए कमेटी ने शहर में तीन जगह वेडिंग जोन व दो जगह नॉन वेडिंग जोन घोषित किया पालिका यू फतेह सिंह मीणा का कहना है कि थैलियों का सर्वे करवा लिया गया है इस समस्या से निजात दिलाने के प्रयास किए जाएंगे नॉन वेडिंग जोन में मुख्य चौराहे से पुरानी नगरपालिका तिराहा तक व सनी मंदिर से सरदार स्कूल तक का क्षेत्र शामिल है जबकि नॉन वेडिंग जॉन में एलिवेटेड फ्लाईओवर के नीचे दोनों तरफ जनाना अस्पताल के दोनों तरफ व कृष्णा टॉकीज रोड पर पशु चिकित्सालय तक का क्षेत्र शामिल है। जिला कलेक्टर ने 11 फरवरी 2013 को ही कोटपूतली शहर के विभिन्न नियत स्थानों पर नो पार्किंग जोन घोषित कर दिया था भीड़ में गुम थे आदेश आए दिन जाम से परेशान कलेक्टर के आदेशों के बावजूद न तो यहां के प्रशासनिक अधिकारी ही इस ओर ध्यान दे रहे थे और ना ही पुलिस प्रशासन ना ही नगर पालिका प्रशासन हालात यह थे कि सड़क व फुटपाथ दोनों एक जैसे ही नजर आते थे कोटपूतली में फल सब्जी वालों ने तो इस तरह से कब्जा जमा रखा है जैसे सरकार ने ही उन्हें सड़क को अलर्ट करके दिया है।

## शासकीय महाविद्यालय में अव्यवस्था को लेकर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

**राजेंद्र योगी, बागली**। शासकीय महाविद्यालय बागली में खेलकूद सामग्री एवं अव्यवस्थाओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के सदस्यों द्वारा प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बागली के एस परमार को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को खेलकूद के लिए सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इसको लेकर विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य को पूर्व में भी जानकारी देने के साथ निवेदन किया गया था किंतु समस्या का समाधान करने की ओर ध्यान नहीं दिया गया । यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो विद्यार्थी आंदोलन करने के लिए मजबूर रहेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि कल 3 दिसंबर से महाविद्यालय में होने वाली जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भी कोई तैयारी नहीं है। विद्यार्थियों को आज तक क्रिकेट किट प्रदान नहीं की गई । क्रिकेट बल्ला जो दिया गया था वह भी घटिया क्वालिटी का होने के कारण पहले दिन ही टूट गया। ज्ञापन एबीवीपी के नगर अध्यक्ष मृत्युंजय गोस्वामी सचिव राहुल राठौर के नेतृत्व में विद्यार्थियों की उपस्थिति में दिया गया।

# अविवादित नामांतरण लंबित होने पर जिम्मेदार होंगे निलंबित: कलेक्टर

**देवेन्द्र कुमार जैन**

**भोपाल**। श्री अविनाश लवानिया कलेक्टर भोपाल ने 2 दिसम्बर को राजस्व अधिकारियों की बैठक में रिकार्ड शुद्धिकरण पखवाड़े अभियान की समीक्षा की और संबंधितों को निर्देश दिए कि अविवादित नामांतरण को समय सीमा में निराकृत किए जाए। इसके साथ ही शुद्धिकरण पखवाड़े में किए सुधार को भी शुद्धिकरण अभियान लिखे जाने की ताकीद की गई है। अविवादित नामांतरण में यदि कोई अपत्ति आई है तो उसे तुरंत विवादित में रिकार्ड में अद्यतन की जाए। कलेक्टर श्री लवानिया ने लीज रेंट, भू-भाटक और डायवर्सन की राशि वसूली की समीक्षा में कहा कि सभी एसडीएम डायवर्सन के लिए कॉलोनी में कैंप लगाकर वसूली की कार्रवाई लगातार जारी रहें। एसडीएम बार वसूली समीक्षा में 30 नवंबर तक




कोलार एसडीएम ने 5 करोड, बैरागढ़ ने 4 करोड़ 88 लाख और हुजूर एसडीएम ने 3 करोड़ 57 लाख की वसूली की है। भोपाल में 2 हजार से अधिक प्रकरण दर्ज है जिसमें से केवल 395 प्रकरणों का ही निराकरण हुआ हैं। इसकी समीक्षा के बाद एक माह में 50 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों को त्वरित निराकृत करने के निर्देश दिए है। सर्वाधिक राजस्व प्रकरण के 1000 से अधिक में से 995 प्रकरणों का निराकरण बैरागढ़ एसडीएम ने किया गया है। कलेक्टर भोपाल ने सभी एसडीएम को कहा कि राजस्व के प्रकरणों के जल्दी निराकरण से आम लोगों को मानसिक रूप से संतुष्टि होती है। सभी एसडीएम स्वयं से कोशिश कर अधिक से अधिक प्रकरण निपटाए। कलेक्टर ने सीमांकन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान बैरसिया और कोलार में 3 माह से अधिक के प्रकरण सबसे ज्यादा लंबित होने पर तुरंत कार्रवाई कर निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री दिलीप यादव, श्री संदीप केरकेट्टा, श्रीमती माया अवस्थी सभी एसडीएम और तहसीलदार भी उपस्थित रहें। अविवादित बंटवारे के 6 माह से अधिक लंबित प्रकरणों को एक माह में निराकृत करने के लिए कहा गया। स्वामितत्व योजना के अंतर्गत 25 दिसंबर तक कार्य पूर्ण कर घोषणा की जाए इसके लिए लगातार काम करके समय-सीमा में काम पूर्ण किया जाए। पीएम किसान सम्मान अनुदान योजना में जिन किसानों को आधार कार्ड में इंग्लिश नाम के करेक्शन के कारण अकाउंट लिंक नहीं होने पर किसानों को राशि नहीं मिलने पर कलेक्टर श्री लवानिया ने नाराजगी व्यक्त की और 15 दिन में सुधार करने के निर्देश दिए अन्यथा पटवारी से राशि लेकर किसानों के खाते में डाली जाए। लापरवाही बिल्कुल असहनीय है। इसके लिए आधार में सुधार कराके पीएम सम्मान निधि दिलाई जाए। कलेक्टर श्री लवानिया ने भू-अर्जन के उन प्रकरणों मे जिनमें सिविल कोर्ट से राशि दिए जाने के फाइनल आदेश जारी हो चुके है, उन सभी संबंधित विभागों से 15 दिनों में राशि जमा कराने के निर्देश दिए। अन्यथा उन विभागों के विरुद्ध कुर्की की करवाई की जाए।

## तरूण राय कागा ने किया क्षैत्र का दौरा

**दीपक कुमार तंवर**

**बाङमेर**। चौहटन 2 दिसंबर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक तरूण राय कागा ने आज चौहटन विधानसभा क्षेत्र के गांव चालकना, पनोरिया, सिंहार, सदराम की बेरी, सेड़वा, धनाऊ आदि गांवों का दोरा कर समाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया तथा कार्यकताओं से मुलाकात कर क्षैत्र का फीडबैक लिया तथा कार्यकताओं से आग्रह किया कि भाजपा संगठन के साथ रहकर भाजपा संगठन को मजबूत करें। जिस पर कार्यकर्ताओं ने आह्वान किया कि हम पार्टी संगठन के साथ है साथ ही साथ हम आपके साथ है आप चुनाव लड़ने की तैयारी करो हम भरपुर सहयोग करेंगे हमें क्षैत्रिय उम्मीदवार की आवश्यकता है हमारे उम्मीदवार आप हो। जिस पर कागा सहाब ने कहा मुझे आपने एक बार आशीर्वाद दे दिया है अब अन्य किसी क्षैत्रिय अच्छे कार्यकर्ता को मौका दो जिससे क्षैत्र की जनता का विकास हो। लेकिन जनता का प्यार व आशीर्वाद प्रशनली कागा सहाब के साथ है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एसपी क्राइम द्वारा दी गई विदाई

**साकिर खान**

**गोरखपुर।** पुलिस लाइन गोरखपुर में जनपद गोरखपुर से सेवानिवृत्त होने वाले उपनिरीक्षक राम बुझारत, उपनिरीक्षक संतराम,उपनिरीक्षक विजय कुमार सिंह, उप निरीक्षक वंश गोपाल सिंह, आरएसआई तारकेश्वर पांडे को सम्मान पूर्वक चादर, माला, फूल ,गीता भेंट देकर विदाई डॉक्टर एमपी सिंह ,पुलिस अधीक्षक लाइंस गोरखपुर द्वारा किया गया इस अवसर पर पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### दिल्ली परिवहन विभाग का बड़ा फैसला गाड़ी के दस्तावेज़ों की वैधता बढ़ा कर 31 दिसंबर तक किया गया

**एनसीआर समाचार**

दिल्ली में प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिवहन विभाग की ओर से प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसी) न होने पर परिवहन विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रमाण पत्र न होने पर वाहन मालिकों पर जुर्माना सहित ड्राइविंग लाइसेंस भी तीन महीने के सस्पेंड किए जा रहे हैं। अभियान के तहत रोजाना करीब 40 हजार प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। लर्निंग लाइसेंस के आवेदकों को राहत, 31 जनवरी तक बढ़ाई गई वैधता पिछले साल 2020 फरवरी से इस साल 30 नवंबर के दौरान समाप्त होने वाले लर्निंग लाइसेंस की वैधता 31 जनवरी तक के लिए बढ़ा दी गई है। मंगलवार को दिल्ली सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। कोविड-19 महामारी और ड्राइविंग टेस्ट के लिए स्लॉट हासिल करने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए एक बार फिर वैधता बढ़ाई गई है। आदेश की कॉपी ट्वीट कर साझा की गई है।

### राशन माफियाओं के हौसले बुलंद जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई के बाद भी डाला जा रहा गरीबों के राशन पर डाका

**देवराम ठाकुर**

**इंदौर।** जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई के बाद भी डाला जा रहा गरीबों के राशन पर डाका उपभोक्ताओं को दिया जा रहा आधा राशन, मशीन में लगवा रहे पूरे राशन के लिए थम्ब राज्य व केंद्र सरकार से प्रति व्यक्ति दिया जा रहा है पांच पांच किलो अनाज राशन दूकान संचालक डकार रहे आधा अनाज ,शिकायत के बाद खाद्य विभाग की टीम ने जावरा कंपाउंड स्थित दूकान पर की छापामार कार्रवाई. उपभोक्ताओं के बयान और प्रारंभिक जांच में शिकायत पाई गई सही विभाग की रिपोर्ट के आधार पर हो सकती है दूकान संचालक पर रासुका की कार्रवाई।

### बाल विवाह का बुरा प्रभाव बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर पड़ता है

**एनसीआर समाचार**

**मध्यप्रदेश।** सामाजिक एवं मनोवैज्ञनिक रूप से प्रभावित होते है। बाल विवाह से संबंधित सामाजिक कुप्रथाओं और मानसिकता में बदलाव लाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा लाड़ो अभियान प्रारंभ किया गया। बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह के प्रकरण पाये जाने पर शासन नियमों अनुसार सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु आपके सहयोग की आवश्यकता है।

बड़वानी जिले में इस संबंध में विशेष उपाय किये जा रहे है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के नियम 11 के तहत बालक एवं बालिका के उम्र संबंधित प्रमाण पत्र प्राप्त कर परीक्षण (बालक 21 वर्ष या उससे अधिक व बालिका 18 वर्ष या उससे अधिक) के उपरांत ही सेवायें प्रदाय करेंगे। प्रिटिंग प्रेस द्वारा मुद्रित की जा रही विवाह पत्रिका में ''वर-वधू की विवाह योग्य विधि अनुरूप मान्य उम्र है'' का उल्लेख किया जाये। (बालक 21 वर्ष या उससे अधिक व बालिका 18 वर्ष या उससे अधिक) उक्त प्रयास एवं सहयोग से जिले को बाल विवाह रहित बनाया जा सकता है। इस कुरीति को खत्म किये जाने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

### जिला कलेक्टर द्वारा विश्व विकलांग दिवस पर रखा गया कार्येक्रम

**एनसीआर समाचार**

**इंदौर:।** संभाग के बुरहानपुर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रे ट श्री प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार जिले में 3 दिसम्बर, 2021 को विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग व्यक्तियों के सामर्थ्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

यह जानकारी सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग उप संचालक ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय बुरहानपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संस्थागत एवं गैर संस्थागत दिव्यांग छात्र/छात्राएं सहभागिता करेंगी। उन्होने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर ट्रायसिकल रेस, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला, रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम (समूह/एकल गीत गायन, नृत्य) प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक दिव्यांग छात्र/छात्राएं कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपने नाम स्कूल प्राचार्य के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी बुरहानपुर/सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण बुरहानुपर में 2 दिसम्बर, 2021 तक प्रस्तुत कर देंगे।

### फर्रुखाबाद जनपद में हुई ये बड़ी बैठक अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की बैठक

**एनसीआर समाचार**

**फर्रुखाबाद।** जनसेवा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामसेवक राजपूत की अध्यक्षता में विनोद कुमार उपाध्याय के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें श्री रमाकांत कश्यप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , मनीष कुमार दीक्षित राष्ट्रीय सलाहकार, राष्ट्रीय सलाहकार सुशील कुमार कश्यप मंडल अध्यक्ष कानपुर रसेंद्र सिंह यादव जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद अमित कुमार यादव सदस्य सुरेश कुमार यादव सदस्य बैठक में मौजूद रहे। फर्रुखाबाद में 11 दिसंबर दिन शनिवार 2021 को लगने वाली लोक अदालत के प्रचार के लिए विशेष बल दिया गया जिसमें समस्त पदाधिकारियों को दायित्व दिया गया। महिला उत्पीड़न किसी प्रकार से पीड़ित व्यक्तियों के अधिक से अधिक प्रार्थना पत्र पहुंचाए जाएं ताकि उस पर माननीय न्यायधीश महोदय द्वारा सुलह समझौता कराने का निर्णय ले सके।

विधायक श्री रामेश्वर शर्मा और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे

# जल-संसाधन मंत्री ने कलियासोत डेम से निकलने वाली नहरों का किया निरीक्षण

**देवराम ठाकुर**

**भोपाल।** खुली नहरों की जगह पाइप लाइन से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर जल-संसाधन एवं मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने भोपाल के कालियासोत डेम से निकलने वाली हुजूर क्षेत्र की विभिन्न नहरों का निरीक्षण किया। श्री सिलावट ने कहा कि वह भविष्य में इन नहरों को पाइप लाइन में बदलने की योजना की तैयारियों पर काम कर रहे हैं। इससे यहाँ से पानी सप्लाई के साथ सड़क निर्माण भी कराया जा सके। इस दौरान विधायक श्री रामेश्वर शर्मा और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। विभाग के अधिकारियों को लगाई फटकार ,मंत्री श्री सिलावट ने निरीक्षण के दौरान नहरों के अतिक्रमण और नहरों



में गंदगी देखकर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर नहरों के हालात का जायजा लेना होगा और किसानों से सिंचाई की व्यव्यस्था पर जानकारी लेनी होगी। श्री सिलावट ने कहा कि अधिकारी किसानों की समस्याओं संबंधी जानकारी जुटाएँ और उन्हें लाभ पहुँचे, ऐसी योजना तैयार करें। उन्होंने जल्द से जल्द प्रदेश के सभी नहरों को अतिक्रमण मुक्त और साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। किसानों से करें संवाद ,जल-संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश की नहरों और तालाबों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। गहरीकरण एवं सौन्दर्यीकरण किया जाए। तालाबों में सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए जाए। उन्होंने अधिकारियों को किसानों से संवाद करने के निर्देश देते हुए कहा कि वे किसानों की समस्याओं को जाने और उसका निराकरण करें। किसानों को सिंचाई के लिए समय पर पानी उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करना होगा। स्प्रिंकलर से सिंचाई पर दिया जोर मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जल-संसाधन विभाग किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई कार्य किये जा रहे हैं, इनमें स्प्रिंकलर सिंचाई तकनीक को शामिल किया जा रहा है। इस तकनीक से पानी के अपव्यय को रोका जा सकता है। ज्यादा फसल प्राप्त कर सकते हैं। किसानों की फसलों के लिए सिंचाई जरूरी है। सिंचाई के कई नए तरीके अपनाए जा रहे हैं, जिनमें ड्रिप सिंचाई, फव्वारा विधि से सिंचाई आदि शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिंचाई करने पर पानी की बचत के साथ बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

## शरजील इमाम को मिली ज़मानत

### इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा नहीं भड़काई कोई हिंसा

**एनसीआर समाचार**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने देशद्रोह के एक मामले में शरजील इमाम को जमानत देते हुए कहा है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में उसके के भाषण ने न तो किसी को हथियार उठाने का आह्वान किया और न ही कोई हिंसा भड़काई।



न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह ने इमाम को जमानत दे दी, जिस पर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 124 ए, 153 ए, 153 बी और 505 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया था।न्यायाधीश ने जमानत आदेश में कहा, ₹पक्षकारों के विद्वान अधिवक्ता को सुनने के बाद और अभिलेख का अवलोकन करने के बाद आवेदक के विरुद्ध लगाए गए सटीक आरोप का उल्लेख किए बिना, यह ध्यान दिया जा सकता है कि निर्विवाद आधार पर न तो आवेदक ने किसी को हथियार रखने के लिए बुलाया और न ही आवेदक द्वारा दिए गए भाषण के परिणामस्वरूप कोई हिंसा भड़काई गई।₹उन्होंने कहा, ₹उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, मामले के अंतिम गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त किए बिना, उक्त अपराध में संलिप्त आवेदक को संबंधित अदालत की संतुष्टि के लिए समान राशि के दो जमानतदारों के साथ 50,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत पर रिहा किया जाए।₹इमाम को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के विरोध में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## अनिल विज ने की नशा मुक्ति अभियान की सराहना

**आमिर अल्वी**

**यमुनानगर।** पुलिस द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान की हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज ने सराहना की है। उन्होंने कहा कि यमुनानगर के एसपी कमलदीप गोयल और विभिन्न एनजीओ द्वारा संयुक्त तौर पर चलाए गए नशा मुक्ति अभियान का फायदा युवाओं को हो रहा है और हम चाहेंगे कि ऐसे ही प्रयास समूचे हरियाणा में भी होने चाहिए। गृह मंत्री श्री विज ने मंगलवार अपने आवास पर नशा मुक्ति अभियान में काम करने वाले विभिन्न एनजीओ के पदाधिकारियों से बातचीत की। गृह मंत्री ने कहा कि नशा छोड़ने वाले युवाओं को पुलिस पुनः सही विचारधारा में ला रही है. गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि यमुनानगर में नशा मुक्ति को लेकर बेहतर कार्य किया जा रहा है। युवाओं को नशे के जाल से बाहर निकालना सराहनीय कार्य हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अन्य जिलों में भी ऐसे प्रयास होने चाहिए। नशा मुक्ति अभियान में पुलिस के अलावा स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों को मिलकर काम करने की जरुरत है और वह जल्द ही विभागों की संयुक्त बैठक लेंगे व कार्यक्रम बनाएंगे। नशे के जाल से



युवाओं को बाहर निकालने का पूरा प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि इस समय अलग-अलग स्थानों पर कई नशा मुक्ति केंद्र खुले हुए हैं। इन केंद्रों में जहां-जहां बेड की संख्या कम है वहां पर जरूरत के हिसाब से बेड संख्या को बढ़ाया जाएगा। जिन क्षेत्रों में नशा मुक्ति केंद्र नहीं खुले वहां पर ऐसे केंद्रों को खोलने का प्रयास किया जाएगा।

गौरतलब है कि यमुनानगर पुलिस ने नशे के खिलाफ सही राह मुहिम छेड़ी हुई है जिसमें पुलिस एक तरफ जहां नशा बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई कर रही है, वही दूसरी ओर नशा करने वाले युवकों को नशा छुड़वाकर उन्हें सही रास्ते पर लाया जा रहा है।

## पुलिस का चैकिंग अभियान जारी, बैंक ऑफ बड़ौदा में संदिग्धों की ली तलाशी

**अज़ीम खान**

**बदायूं/सहसवान।** सहसवान पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया चेकिंग अभियान में एसआई संजय सिंह अपनी टीम के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा पहुंचे जहां रोड पर खड़ी मोटरसाइकिल को हटवा कर साइड से करवाया और लोगों से कहा अगर अब रोड पर मोटरसाइकिल खड़ी मिली सीधा चालान कर दिया जाएगा इसी के साथ उन्होंने बैंक के अंदर भी कुछ संदिग्ध लग रहे लोगों की तलाशी ली और उनके आईडी प्रूफ भी चेक किए। इस चेकिंग को लेकर लोगों ने अपने राय व्यक्त की और कहा कि जब से थाना प्रभारी ने



सहसवान थाने का चार्ज संभाला है पुलिस हर वक्त कहीं ना कहीं चेकिंग अभियान चलता ही रहता है जिससे जनता मैं अब डर का माहौल नही है इसी की वजह से अब पुलिस की छवि जनता की नजर में अच्छी होती जा रही है और जनता इसकी प्रशंसा भी कर रही है।

## घर-घर दस्तक देकर किया जा राहा टीकाकरण




**नूर मोहम्मद शेख**

**बागली।** पिछले कुछ दिनों से खबरें सुनने को मिल रही है कोरोना अपने नए वेरिएंट के साथ फिर दस्तक दे रहा है जोकि यकीनन चिंता का विषय है लेकिन हमें डरने के बजाय, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ-साथ स्वास्थ्य पर पूर्ण रुप से ध्यान देने की जरूरत है स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद के कर्मचारी अधिकारी तो अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहे हैं लेकिन आमजन को भी अब सतर्क होने की जरूरत है, यह बात भी आम जनता धीरे-धीरे समझने लगी है नगर बागली के रहवासियों ने भी चल रहे टीकाकरण अभियान में सहयोग कर किसी ने प्रथम किसी ने दूतीय डोज लगवाया, स्वास्थ्य विभाग के भरत सिंह भिलाला नगर परिषद के विपीन ऊर्फ सोनू शर्मा, गोविंद राठौड़ ने प्रत्येक घरों में दस्तक दे दे कर आमजन को जागरूक कर टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया,नियाज मोहम्मद शेख उर्फ भोला नूर मौलाना साहब , अय्यूब शाह ने भी दूसरा डोज लगाकर वैक्सीन के दोनों टिके पूरे कर लिएअब यकीनन हमें सावधानी रखने की जरूरत है।

### इन्दर सिंह जी परमार का झाबुआ दौरा

**राजेंद्र योगी**

**झाबुआ।** राज्यमंत्री स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन विभाग श्री इन्दर सिंह जी परमार माननीय राज्यमंत्री, स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन विभाग मध्यप्रदेश शासन, का झाबुआ जिले का दौरा कार्यक्रम दिनाक 29 नवंबर 2021 सोमवार सांयः 4 बजे भोपाल से झाबुआ हेतु प्रस्थान व्हाया-सीहोर, देवास, उज्जैन, बदनावर, पेटलावद रात्रि 9 बजे पेटलावद जिला झाबुआ आगमन एवं रात्रि विश्राम। दिनांक 30 नवंबर 2021 मंगलवार प्रातः 7.45 बजे पेटलावद से प्रस्थान। प्रातः 8.15 बजे ग्राम भाभरपाडा आगमन एवं क्रांतिसूर्य जननायक टंट्या भील गौरव यात्रा में सम्मिलित होंगे। सांय 7 बजे झाबुआ आगमन एवं रात्रि विश्राम। दिनांक 1 दिसम्बर 2021 बुधवार प्रातः 8 बजे झाबुआ से रानापुर प्रस्थान। प्रातः 11 बजे रानापुर से प्रस्थान व्हाया झाबुआ, पेटलावद, बदनावर, उज्जैन, मक्सी, शाजापुर, सांय 4 बजे शुजालपुर जिला शाजापुर आगमन।

## पत्नी ने किया पति के गैर मौजूदगी में बड़ा कांड हिडेन कैमरा से पति ने किया खुलासा

**एनसीआर समाचार**

**गाजियाबाद।** पीड़ति ने बताया कि कैमरे में लगातार कई दिन तक उसकी पत्नी न्यूड होकर अपने बॉयफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बातचीत करती मिली। उसकी पहचान अमित उर्फ अनुज दुबे के रूप में हुई। दिल्ली के शाहदरा स्थित दुर्गापुरी का रहने वाला अमित कैब ड्राइवर है। पीड़ति ने बताया कि उसे तब ज्यादा दुख हुआ, जब अपनी बेटी की भी न्यूड रिकॉर्डिंग मिली। पिछले दिनों जब उसने बेटी से पूछा, तो उसने रोकर सब कुछ बता दिया। बेटी ने बताया कि जब वह जॉब पर चले जाते हैं, तो एक अंकल घर आते हैं। उसने मम्मी के सामने मेरे कपड़े उतारे और गलत तरीके से छुआ। बेटी ने यह भी बताया कि यह बात किसी को बताने पर मम्मी ने



मारने की धमकी दी थी। पीड़ति ने पत्नी और बॉयफ्रेंड के खिलाफ कराई FIR पीड़ति ने बताया कि उसने इस बारे में पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड से बात की। इस पर दोनों ने गलती मानने की जगह उसे जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद पत्नी 25 अक्टूबर को घर से चली गई। इसके बाद 25 नवंबर को उसने थाना कविनगर में अमित और पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पूरे मामले में पीड़ति ने कैमरे के फुटेज सबूत के रूप में पुलिस को दिए हैं।

## लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल को कोरोना के नए वेरिएंट के मरीजों के लिए खोल दिया गया

**एनसीआर समाचार**

दिल्ली सरकार ने इस अस्पताल को कोरोना मरीजों के लिए नामित किया है। इसमें कोरोना के नए वेरिएंट से संक्रमित मरीजों का इलाज किया जाएगा। केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ओमिक्रॉन से प्रभावित देशों से भारत आने वाली उड़ानों को तत्काल प्रभाव से रोकने का आग्रह किया था। केजरीवाल ने कहा कि कई देशों ने ओमिक्रॉन प्रभावित देशों से उड़ानें रोक दीं हैं। हम इसमें देरी क्यों कर रहे हैं? हमने पहली लहर में भी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रोकने में देरी की थी। अधिकांश उड़ानें दिल्ली में उतरती हैं। कृपया उड़ानें तुरंत रोक दें। हमें ओमिक्रॉन को भारत में प्रवेश करने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। मैं



आपसे(प्रधानमंत्री) तत्काल प्रभाव से इन क्षेत्रों से उड़ानें बंद करने का आग्रह करता हूं। इस संबंध में कोई भी देरी हानिकारक साबित हो सकती है। केंद्र ने पिछले गुरुवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और बोत्सवाना से आने या जाने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की जांच और परीक्षण करने के लिए कहा था। दिल्ली में कोरोना के नये वेरिएंट ओमिक्रॉन की आहट से दहशत है। इसको लेकर आगमन से पहले जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

**सराहनीय** | दूध घर घर पहुँचाने के बजाय बनाते हैं खुद का प्रोडक्ट

## मेहुल गाय फार्मिंग से कमा रहे करोड़ों

**एनसीआर समाचार**

**गुजरात।** मेहुल ने अपनी नौकरी छोड़ दी और डेयरी फार्मिंग को लेकर रिसर्च करना शुरू कर दिया। कुछ महीने की रिसर्च और अलग-अलग जगहों पर घूमने के बाद उन्होंने साल 2018 में हरिबा डेयरी फार्म नाम से अपने स्टार्टअप की शुरुआत की। उनके पास पहले से कुछ गायें थीं और फिर एक-एक करके उन्होंने गायों की संख्या बढ़ा दी।इसके बाद पिता-पुत्र की जोड़ी ने गुढ़ाना गांव में एक गौशाला खोली। करीब 30 बीघे जमीन में इसका कैंपस तैयार किया। गायों को रखने के लिए सीमेंट की बजाय मिट्टी से घर तैयार किया। फिलहाल उनके पास 72 गिर नस्ल की गायें हैं। जिनसे हर महीने 600-700 लीटर तक दूध निकलता है। दूध बेचने के बजाय वैल्यू एडिशन पर जोर मेहुल सबसे ज्यादा घी की मार्केटिंग करते हैं। वे हर



महीने 600 किलो घी अभी सेल कर रहे हैं।मेहुल सबसे ज्यादा घी की मार्केटिंग करते हैं। वे हर महीने 600 किलो घी अभी सेल कर रहे हैं।मेहुल बताते हैं कि घर-घर जाकर दूध बेचना काफी मुश्किल टास्क है। साथ ही इसमें बड़े लेवल पर मैनपावर की जरूरत भी होती है। काफी रिसर्च और मार्केट एनालिसिस के बाद मैंने तय किया कि हम दूध बेचने के बजाय इससे प्रोडक्ट तैयार करके मार्केट में सप्लाई करेंगे। इससे घूम-घूम दूध बांटने से भी छुटकारा मिलेगा और प्रोडक्ट की कीमत भी बढ़ जाएगी। इसके बाद उन्होंने दूध से घी बनाकर ऑनलाइन बेचना शुरू किया। इसका अच्छा रिस्पॉन्स भी मिला। जल्द ही उनके पास देश के अलग-अलग हिस्सों से ऑर्डर आने लगे। फिर उन्होंने अपने प्रोडक्ट की संख्या बढ़ा दी। वे ड्राय फ्रूट, मोहन थाल, अड़दिया पाक सहित कई प्रोडक्ट तैयार करने लगे। ये सभी गुजरात के ट्रेडिशनल प्रोडक्ट हैं और इनकी काफी अच्छी डिमांड भी है।

ऑनलाइन मार्केटिंग का लिया सहारामेहुल कहते हैं कि मुझे मार्केटिंग का अच्छा खासा अनुभव रहा है। इसलिए हमने शुरुआत से ही सोशल मीडिया और ऑनलाइन मार्केटिंग पर फोकस किया। अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर अपने एकाउंट क्रिएट किए और उसके जरिए पोस्ट करना शुरू किया। इसके बाद हमने गूगल पर पेड ऐड रन करना शुरू किया। इस वजह से हमारा प्रोडक्ट सर्च लिस्ट में आने लगा। अभी हमारे सभी प्रोडक्ट की अच्छी डिमांड है। फेस्टिवल सीजन में डिमांड

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में फेसबुक पर केस दर्ज, अखिलेश यादव के खिलाफ पोस्ट लिखने पर कराया गया मुकदमा दर्ज

**एनसीआर समाचार**

यूपी के कन्नौज जिले की एक अदालत के आदेश पर मामला दर्ज किया गया था। कन्नौज जिले के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मवीर सिंह ने पुलिस को सराहती गांव निवासी अमित कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।कुमार ने अपने आवेदन में शिकायत की थी कि सोशल मीडिया वेबसाइट फेसबुक पर एक पेज यादव की छवि खराब करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने पेज का नाम 'बुआ बबुआ' बताया। बुआ बबुआ शब्द तब गढ़ा गया था, जब बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती और अखिलेश यादव ने 2019 में संसदीय चुनाव के दौरान गठबंधन किया था।एसएचओ प्रयाग नारायण बाजपेयी के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि अदालत के आदेश के बाद थाटिया पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। मामले में नामजद अन्य लोगों में (फेसबुक) पेज का एडमिन भी शामिल है।

### पार्टी के विस्तार में लगी है दीदी, ममता बनर्जी मुंबई के दौरे पर

**एनसीआर समाचार**

मुख्यमंत्री शाम को मुंबई पहुंचेंगी और संभावना है कि उपमुख्यमंत्री अजीत पवार उनकी अगवानी के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा उनके स्वागत के लिए शिवसेना और राकांपा के नेता भी मौजूद रहेंगे। दिलचस्प बात यह है कि तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी भी ममता के साथ होंगे, लेकिन वह रात में मुंबई पहुंचेंगे।ममता को मुंबई में उद्योग जगत की बैठक में बोलने के लिए आमंत्रित किया गया है, जहां वह बंगाल में निवेश करने के लिए उद्योगपतियों को संबोधित करेंगी। वह अप्रैल में होने वाले बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) में आने के लिए मुंबई और पूरे देश के निवेशकों को आमंत्रित करेंगी।निवेशकों को लुभाने के अलावा मुख्यमंत्री राकांपा नेता शरद पवार से भी मुलाकात करेंगी, जिन्हें राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है।

### 100 रुपया महंगा हुआ कमर्सिअल सिलेंडर दिसंबर शुरू होते ही पड़ी लोगों पर महंगाई की मार

**एनसीआर समाचार**

**दिल्ली।** दिसंबर के पहले दिन पेट्रोलियम कंपनियों ने महंगाई का झटका दिया है। कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 100 रुपए का इजाफा हुआ है। पेट्रोलियम कंपनियों के इस फैसले के बाद दिल्ली में 19 KG के कमर्शियल सिलेंडर का दाम 2101 रुपए हो गया है। पिछले महीने यह कीमत 2000.50 रुपए थी। हालांकि, घरेलू इस्तेमाल वाले 14.2 KG के गैस सिलेंडर की कीमत में कोई इजाफा नहीं हुआ है। कमर्शियल सिलेंडर के महंगा होने से रेस्टोरेंट और बाहरी खाना महंगा हो सकता है। जियो ने आज से अपने टैरिफ प्लान महंगे कर दिए हैं। अब जियो के 75 रुपए वाले प्लान के लिए 1 दिसंबर से 91 रुपए चुकाने होंगे। जियो के रीचार्ज प्लान करीब 21% तक महंगे हो गए है। अब 129 रुपए वाला प्लान 155 रुपए, 399 वाला प्लान 479 रुपए, 1,299 वाला प्लान 1,559 रुपए और 2,399 वाला प्लान अब 2,879 रुपए में मिलेगा। डेटा टॉप-अप की कीमत भी बढ़ाई गई है। अब 6 GB डेटा के लिए 51 के बजाय 61, 12 GB के लिए 101 के बजाय 121 रुपए और 50 GB के लिए 251 रुपए के बजाय 301 रुपए खर्च करने होंगे।

### दुकानदारों ने लिया संकल्प इंदौर को बनाएंगे क्लीन एयर सिटी

**देवराम ठाकुर**

**इंदौर।** क्लीन एयर सिटी बनाने के लिए सांसद श्री शंकर लालवानी,कलेक्टर श्री मनीष सिंह,निगम आयुक्त सुश्री प्रतिभा पाल आज 56 दुकान पहुंचे। क्लीन एयर सिटी के संबंध में 56 दुकान एसोसिएशन से हुई चर्चा बाद सर्व सहमति से एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि 3 तीन के अंदर भट्टी के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाएगा।व्यंजनों के लुत्फ के बीच शुद्ध हवा के लिए जन-जागरुकता अभियान भी शुरू किया जाएगा। कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने व्यापारी एसोसिएशन द्वारा लिए गए निर्णय के लिए उन्हें आभार प्रकट किया।

### नाबालिग़ लड़की हुई 6 महीने की गर्भवती देश की राजधानी दिल्ली की शर्मनाक घटना

**एनसीआर समाचार**

**दिल्ली।** मेहरौली के गौसिया बस्ती में रहने वाला एक गरीब परिवार की बेटी के साथ ये हादसा होने के बाद से ही परिवार बड़े सदमे से गुज़र रहा है। और लगातार इंसाफ की मांग कर रहा है , गौसिया कॉलोनी में ही रहने वाले खुर्शीद नामक शख्स पर लड़की और परिवार की ओर से आरोप लगाए जा रहे हैं। पीड़िता ने बात चीत करते हुए बताया की उस शख्स ने मुझे चाय बनाने के बहाने से घर बुलाया और मेरे साथ ये सब हरकत की। इस परिवार की बात करें तो परिवार बहुत गरीब है माँ ने खुद अपनी ज़बानी बताई क मैं खुद काम करती हूँ और मेरे पति हैंडीकैप हैं वो खुद से चल फिर नहीं सकते हैं। इसलिए परिवार असहाय महसूस कर रह है। लड़की की माँ ने बताया की वो व्यक्ति हमको धमकी देता है की तुम्हारी बड़ी बेटी का तलाक़ करवा देंगे और इस बारे में ज़्यादा कुछ किया तो तम्हारे लिए अच्छा नहीं होगा ,इस तरह की बातें करके पुरे परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है। ताके परिवार उनके खिलाफ कोई लीगल एक्शन न ले सके ,हालाँकि परिवार ने मेहरौली पुलिस स्टेशन में इसकी तहरीर दी है और SHO मेहरौली की ओर से इस मामले में सख्त से सख्त करवाई करने की बात कही गयी है:।

### चकरोड पर दबंगों ने किया अवैध कब्जा

**सरजन कश्यप**

**फर्रुखाबाद।** ग्राम महमूदपुर मौजा चौसपुर तहसील सदर थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद समस्त ग्रामवासियों एवं प्रधान ने बताया कि यह चकरोड़ 50 से 70 साल पुराना है जिसमें गांव के सभी लोग निकलते हैं आते जाते हैं मोटरसाइकिल , ट्रैक्टर एवं अन्य वाहन भी इसी चकरोड के माध्यम से निकल पाते हैं अन्य कोई आवागमन का रास्ता नहीं है इस रास्ते को गांव के ही उमाशंकर एवं रमाशंकर निवासी भूलान्नग्ला ने कब्जा कर लिया है ।


**पुलिस लाईन स्थित नव निर्मित मॉर्डन पुलिस कंट्रोल रुम का वर्चुअल उदघाटन**

# पुलिस महानिदेशक द्वारा किया गया वर्चुअल उद्घाटन

**साकिर खान**

**देहरादून।** श्री अशोक कुमार,पुलिस महानिदेशक,उत्तराखण्ड द्वारा पुलिस लाईन स्थित नव निर्मित मॉर्डन पुलिस कंट्रोल रुम का वर्चुअल उदघाटन किया गया। उदघाटन समारोह के अवसर पर डीजीपी महोदय द्वारा अपने सम्बोधन में बताया गया कि अपराध नियंत्रण की दिशा में उत्तरकाशी पुलिस द्वारा एक बहुत अच्छी पहल की गई है जनपद के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर हाई रिजोल्यूशन के सीसीटीवी कैमरे लगाने से अब अपराधियों का बचना नामुमकिन साबित होगा और गुपचुप तरीके से अपराध करने वाले पुलिस की नजर से बच नहीं पायेंगे।इसके अतिरिक्त उक्त अवसर पर श्री मणिकांत मिश्रा, पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी द्वारा मॉर्डन कंट्रोल रुम को बनाये जाने हेतु विशेष सहयोग करने पर श्री मयूर दीक्षित,जिलाधिकारी उत्तरकाशी व स्व0 श्री गोपाल सिंह रावत,निवर्तमान विधायक गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शान्ति गोपाल रावत का आभार प्रकट किया गया।एस0पी0 सर् द्वारा बताया गया कि उत्तरकाशी पुलिस द्वारा जनपद के मुख्य स्थानों जैसे- गंगोत्री धाम, यमुनोत्री धाम के साथ ही पुरोला, बडकोट व उत्तरकाशी शहर में करीब 160 हाई रिजोल्यूशन इंटरनेट कनेक्टेड CCTV कैमरे जिनमें जनपद मुख्यालय के मुख्य स्थानों मे ही जैसे नदी घाट, मुख्य चौराहे, पार्क,वाहन पार्किंग तथा ऐसे स्थल जहां पर जाम की स्थिति ज्यादा रहती है में करीब 81 CCTV कैमरे लगाये गये हैं। जिनको मॉनिटर करने हेतु एक मॉर्डन कंट्रोल रुम की स्थापना की गई है जो कि पुलिस लाईन उत्तरकाशी में स्थापित किया गया है। यह मॉर्डन कंट्रोल रुम आधुनिक संचार संसाधनों से सुसजित किया गया गया है, जिसमें आम नागरिकों को त्वरित सहायता हेतु टोल फ्री नम्बर 112, महिला सुरक्षा हेतु गौरा शक्ति एप्प कंट्रोल एवं पब्लिक आई एप्प को भी जोड़ा गया है। उत्तराखण्ड के सभी जनपद मुख्यालयों को सेटेलाईट के माध्यम से जोड़ा गया है जिस हेतु पोलनेट कंट्रोल रुम भी मॉर्डन कंट्रोल रुम के साथ मर्ज किया गया है। तथा प्रत्येक थाना/चौकी/आपदा कंट्रोल रुम /बैरियर को वायरलैस टैक्नोलोजी के माध्यम से जोड़ा गया है,जिसमें सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान किया जायेगा। तथा आपदा जैसे स्थितियों में भी बिना किसी बाधा के कार्य करने में सक्षम होगा। आज के युग में सबसे महत्वपूर्ण संचार साधन इंटरनेट की हाई स्पीड सुविधा से इस मॉर्डन कंट्रोल रुम को सुसजित किया गया है जिससे सभी CCTV कैमरों को ऑनलाईन कहीं भी मॉनिटर किया जा सकता है। जनपद में स्थापित सभी CCTV कैमरे आधुनिक तकनीकि पर आधारित है जो कि इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाईन कनैक्टेड हैं इनका लिंक सोशल साईट्स जैसे फेसबुक पर भी दिया जायेगा। फोन पर एप्प के माध्यम से इन कैमरों पर होने वाली गतिविधियों को कभी भी व कहीं पर भी मॉनिटर किया जा सकता है। इन नये टैक्नोलोजी के कैमरों से आम जनता को बहुत लाभ होंगे। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि होने पर आम जन स्वयं मॉनिटरिंग कर इसकी सूचना कंट्रोल रुम को दे सकते है जो कि सुरक्षा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

इसके साथ ही वर्तमान में जो युवा पीढी नशे की ओर ढलती जा रही है उन पर भी नजर रखने के लिए ऐसे स्थानों संदिग्ध स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गये है जिससे कि इनकी गतिविधियों पर भी नजर रख त्वरित कार्रवाई की जा सकती है।आपदा के दौरान नदी घाटों पर स्थापित कैमरों की सहायता से नदी के जलस्तर को मॉनिटर किया जा सकता है। साथ ही कोविड के मध्यनजर कोविड नियमों के पालन हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा इन सीसीटीवी कैमरों की मदद से मॉनिटर किया जाता है.



## कामधेनु सेना ने राज्य पशु ऊंट का कराया इलाज

**जोगाराम मैन्सन**

पीपाड़ा ग्राम पंचायत के लीलरिया ग्राम में राज्य पशु ऊंट का जबड़ा,चेहरा बुरी तरह से अज्ञात बीमारी से सड़ जाने की सूचना कामधेनु सेना के राजस्थान प्रदेश कार्यालय प्रमुख मनोहर भड़यिासर को स्थानीय निवासी बुधाराम सिरोही व राकेश भाटी ने दी ,स्थानीय नागरिकों ने बताया कि लूणी नदी के गोचर क्षेत्र में 2 दिन से एक ऊंट जिसका कोई मालिक नही है और अज्ञात बीमारी से ऊंट का चेहरा सैकड़ो कीड़ो लगने से सड़ गया है इलाज की अतिआवश्यकता है अन्यथा राज्य पशु की जान को खतरा है , मामले की गम्भीरता को देखते हुए मनोहर भड़यिासर ने तुरन्त प्रदेश कोषाध्यक्ष दीनाराम गहलोत से सम्पर्क स्थापित कर इलाज के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिए ,मौके पर निजी क्षेत्र के पशु चिकित्सक महावीर सिरोही,छोटूलाल सिरोही को लेकर गए व इलाज के लिए परामर्श लिया तो बताया कि आंख ,नाक, जबड़े को कीड़ो ने हड्डी सहित सड़ा दिया है ,तुरन्त इलाज की जरूरत महसूस हुई तो मनोहर भड़यिासर ने वन विभाग सेंदड़ा के वनपाल श्री मिस्साराम बेड़ा , पशु चिकित्सा अधिकारी श्री डॉ जसवंत सिंह ,स्थानीय सरपंच श्रीमती मोहनी देवी,स्थानीय ग्राम विकास अधिकारी श्री राजकुमार को दूरभाष पर सूचना दी व कामधेनु सेना की टीम को मौके पर लेकर मनोहर भड़यिासर दवाइयों ,इंजेक्शन की व्यवस्था की । लगातार 3 घण्टे की इलाज प्रक्रिया कर ऊंट का गहन चिकित्सा पद्धति से 2 निजी क्षेत्र के पशु चिकित्सकों ने चेहरे के सारे घावों को साफ किया, दवाईयों ,इंजेक्शन की मदद से इलाज किया । कामधेनु सेना के प्रदेश कार्यालय प्रमुख ने लगातार समुचित इलाज की व्यवस्था की भी स्थानीय लोगों को जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर राजेश गहलोत( महालक्ष्मी टी स्टाल),दिनेश सैनी( गणपति ई मित्र),महावीर सिरोही LSA,छोटूलाल सिरोही LSA,बुधाराम सिरोही,चेनाराम भाटी, राकेश जी भाटी ,राकेश देवासी,दयालनाथ, नेमाराम पालड़िया व अन्य स्थानीय नागरिक मौजूद रहे व इलाज की व्यवस्था में सहयोग दिया । पीपाड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच मोहनी देवी व कामधेनु सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह राठौड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ललित पालीवाल, प्रदेश प्रभारी नरसिंह गहलोत ने कार्यकर्ताओं को राज्य पशु की इलाज व्यवस्था करने हेतु धन्यवाद दिया।



## इरेडा और बीवीएफसीएल ने हरित ऊर्जा सहयोग पर किया हस्ताक्षर

**देवेन्द्र कुमार जैन**

**नई दिल्ली।** भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को विकसित करने और धन जुटाने में अपनी तकनीकी-वित्तीय विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। ये दोनों कंपनियां क्रमशः नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं।

समझौता ज्ञापन पर इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास और बीवीएफसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. सिबा प्रसाद मोहंती ने इरेडा के निदेशक श्री चिंतन शाह तथा इरेडा के सीएफओ डॉ आरसी शर्मा व अन्य वरिष्ठ अधिकरियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।समझौते के तहत, इरेडा बीवीएफसीएल के लिए अक्षय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, हरित अमोनिया, ऊर्जा दक्षता और संरक्षण परियोजनाओं का तकनीकी-वित्तीय उचित क्रियान्वयन करेगा। इरेडा अगले 5 वर्षों तक अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को बनाने और निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए एक कार्य योजना विकसित करने में बीवीएफसीएल की सहायता करेगा। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास ने एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि इरेडा का मानना है कि यह सहयोग बीवीएफसीएल जैसी रासायनिक और उर्वरक क्षेत्र की अन्य कंपनियों को कार्बन उत्सर्जन में कटौती तथा पर्यावरण के अनुकूल होने के लिए प्रेरित करेगा। यह इरेडा के लिए हरित ऊर्जा के जरिये पूर्वोत्तर भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का एक माध्यम है। श्री दास ने यह भी कहा कि समझौता ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कॉप-26 में की गई प्रतिबद्धता के अनुरूप वर्ष 2030 तक भारत के कार्बन उत्सर्जन को 45% तक कम करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देने में सहायता करेगा।



## भोपाल हवाई अड्डे पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित, संभागायुक्त किया उद्घाटन

**एनसीआर समाचार**

**भोपाल।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और ईवी कॉसमॉस के सहयोग से भोपाल हवाई अड्डे पर एसी लेवल 2 फास्ट चार्जर के साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण पर पहला ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया गया है। मंगलवार को संभागायुक्त श्री गुलशन बामरा ने इस चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। इस दौरान निदेशक, हवाई अड्डा भोपाल श्री के एल अग्रवाल, ईवी कॉसमॉस के संचालक श्री अमिताभ शिवपुरी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। निदेशक हवाई अड्डा भोपाल श्री अग्रवाल ने बताया कि यह चार्जर बिल्ट-इन सॉफ्टवेयर हर समय निगरानी, सहायता और कैशलेस लेनदेन के लिए ईवी कॉसमॉस सर्वर से जुड़ा है।इस चार्जर को सभी प्रकार के इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों को चार्ज करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।ईवी कॉसमॉस के संचालक श्री अमिताभ शिवपुरी द्वारा बताया गया कि ईवी कॉसमॉस मध्य प्रदेश की पहली इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सॉल्यूशन प्रदाता कंपनी है, जो स्मार्ट इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशंस, अत्याधुनिक तकनीक और सभी प्रकार के इलेक्ट्रिक व्हीकल्स चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस के साथ मोबिलिटी के स्वच्छ भविष्य की दिशा में काम कर रही है। ईवी कॉसमॉस स्वच्छ भविष्य की दिशा में एक कदम के साथ सभी प्रकार के ईवी चार्जरों के लिए चार्जिंग पॉइंट हार्डवेयर और क्लाउड-आधारित सॉफ़्टवेयर, इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग और रखरखाव सहित ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए एंड टू एंड समाधान और भोपाल हवाई अड्डे को स्वच्छ पर्यावरण के एक प्रमुख उदाहरण के रूप में स्थापित करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


## विश्व एड्स दिवस: एड्स पूरी दुनिया के लिए बड़ा खतरा

**अबरारुल हक़ रहमानी**

यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार 19 वर्ष और उससे कम उम्र के करीब 30 लाख व्यक्ति दुनिया भर में एचआईवी से संक्रमित हैं। वहीं साल 2030 तक दो लाख नए संक्रमणों को रोका जा सकता है।

ऐसे में राजधानी के डॉक्टरों का कहना है कि एचआईवी की रोकथाम, देखभाल और उपचार सेवाओं के अलावा परीक्षण और निदान के लिए पर्याप्त पहुंच प्रदान करना जरूरी है। संक्रमित बच्चे और किशोर अपनी बीमारी से अनजान हैं और जब भी परीक्षण किया जाता है तो वे एचआईवी पॉजिटिव पाए जाते हैं, फिर भी शायद ही कभी उचित उपचार का पालन हो पाता है। दिल्ली राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के अनुसार अक्सर संक्रमित रोगी और उपचाराधीन की संख्या में अंतर देखने को मिलता है। इसकी एक वजह मरीजों का दवा निरंतर नहीं लेना, बाहरी राज्य से आकर यहां जांच कराना और दो अलग अलग केंद्र पर पंजीकृत होना इत्यादि मुख्य हैं। सरकारी आंकड़ों की मानें तो वर्ष 2017-18 के दौरान दिल्ली में 6563, वर्ष 2016 में 6340 और वर्ष 2015 में 6622 नए मरीजों की पहचान हुई थी। क्या कहते हैं विशेषज्ञ सफदरजंग अस्पताल के डॉ. सुरेश बताते हैं कि एचआईवी वायरस रिजर्वोयर सेल्स में छिपा रहता है। इन छिपी हुई रिजर्वोयर सेल्स को खत्म करना आवश्यक है ताकि उपचार हो सके। उन्होंने कहा कि कई लोग नियमित जांच कराने से बचते हैं। जबकि इससे उनकी परेशानी और बढ़ती है। वहीं नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टरों का कहना है कि एचआईवी पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद वायरल लोड और सीडी 4 काउंट की जांच के बाद ही दवा शुरू की जाती है। सही समय पर सेंटर आने वाले ज्यादातर पॉजिटिव मरीज ऐसे होते हैं, जिनको लंबे समय तक दवा की जरूरत ही नहीं पड़ती। हालांकि एम्स के डॉक्टरों का यह भी मानना है कि पहले की तुलना में अब एचआईवी को लेकर जागरुकता देखने को मिल रही है और इस बीमारी को लेकर लोगों में झिझक भी कम हो रही है।

सेक्स से ज्यादा इंजेक्शन से हो रहे हैं मरीज एड्स को लेकर सबसे पहली चीज जो दिमाग में आती है वह है असुरक्षित यौन संबंध। इसके लिए महिला सेक्स वर्कर, समलैंगिक, ट्रांस जेंडर, दूसरे राज्यों से आने वाले कामगार और लंबी दूरी के ट्रक ड्राइवर को सबसे ज्यादा संभावित वर्ग में रखा जाता है। मार्च 2020 तक के आंकड़ों के अनुसार राजधानी में इन सभी की कुल संख्या 4.50 लाख है। इनमें करीब 20 फीसदी लोग सावधानी और सुरक्षा के अभाव में एड्स का शिकार हो रहे हैं लेकिन इंजेक्शन से नशा करने वालों में यह और भी तेजी से फैल रहा है।




**कोविड-19** | **कोविड-19 वैक्सीनेशन का प्रभावी पर्यवेक्षण एवं क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त**

# जनपद में एक दिसंबर को चला वैक्सीनेशन महाअभियान

**एनसीआर समाचार**

**सीहोर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश सहित जिले में 01 दिसंबर को वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जाएगा। जिसमें कोविड-19 के टीकाकरण से छुटे हुए सभी नागरिकों को वैक्सीन लगाई जाएगी। कोरोना वैक्सीनेशन महा-अभियान के संबंध में कलेक्टर श्री चंद्रमोहन ठाकुर द्वारा कोविड-19 वैक्सीनेशन का प्रभावी पर्यवेक्षण एवं क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। जिले मे शतप्रतिशत वैक्सीनेशन हेतु समस्त विकासखण्ड को लक्ष्य आवंटित किया गया है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि जिले मे 331 टीकाकरण केंद्रों पर 81 हजार 730 वैक्सीन डोज लगाई जाएगी। सभी नोडल अधिकारी अपने क्षेत्र के एसडीएम एवं सीईओ से समन्वय कर शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य प्राप्त करेंगे। शतप्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए नोडल अधिकारी की सम्पूर्ण जिम्मेदारी होगी । समस्त विकासखण्ड को साप्ताहिक लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसमे शहरी क्षेत्र सीहोर का लक्ष्य 3 हजार 150, विकासखण्ड आष्टा का लक्ष्य 20 हजार 460, बुदनी का लक्ष्य 10 हजार 770, इच्छावर का लक्ष्य 13 हजार 570, नसरुल्लागंज का लक्ष्य 12 हजार 180, श्यामपुर का लक्ष्य 21 हजार 600 रखा गया है। वही आष्टा में 01 दिसंबर को 86 सत्र, बुदनी में 50 सत्र, इच्छावर में 56 सत्र, नसरुल्लागंज में 65 सत्र, श्यामपुर में 108 सत्र व सीहोर शहरी क्षेत्र में 21 टीकाकरण सत्र लगाए जाएंगे। जिला स्तर पर कार्य दायित्व अनुसार माइक्रो प्लान, सेशन प्लान जिला टीकाकरण अधिकारी, ब्लॉक स्तर पर बीएमओ द्वारा वैक्सीनेशन का सम्पूर्ण दायित्व, वैक्सीन टीम का प्लान एवं समय पर वैक्सीनेशन कार्य प्रारंभ करना, मॉनिटरिंग एवं बीपीएम, बीसीएम, बीईई, कोल्ड चैन हेण्डलर सभी को कार्यदायित्व सौपे गये है। जिसमे वैक्सीनेशन प्लान, क्रियान्वयन, आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से मोबलाईजेशन का कार्य, रिपोर्टिंग, वैक्सीन वितरण समस्त एव्हीडी के माध्यम से वैक्सीन समय पर पहुचाना, वैक्सीनेशन हेतु हितग्राही मोबलाईजेशन कार्य जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला समन्वयक, जन अभियान परिषद, जिला प्रबंधक एनआरएलएम, समस्त सीईओ जनपद पंचायत, समस्त सीडीपीओ संबंधित विभाग के तहत कार्यरत आंगनवाडी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के माध्यम से कोविड-19 टीकाकरण के लिए हितग्राहियों को मोबलाईज करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर श्री ठाकुर द्वारा दिए गए है । कलेक्टर श्री ठाकुर ने समस्त छूटे हुए हितग्राहियो खासकर दूसरे डोज से वंचित लोगो से अपील की है कि वे सत्र पर पहुंचकर टीका जरूर लगवाये। कोविड से सम्पूर्ण सुरक्षा के लिए टीके के दोनों डोज पूर्ण होना अति आवश्यक है. दोनों डोज पूर्ण तो सुरक्षा सम्पूर्ण है. सीएमएचओ डाक्टर सुधीर कुमार डेहरिया ने भी जिले के नागरिकों से अपील की है कि कोविड-19 की वैक्सीन के प्रथम डोज एवं द्वितीय डोज जिन्होंने नहीं लगवाए हैं वे दोनों डोज लगवाएं तथा स्वयं सहित परिवारों को कोविड-19 से सुरक्षित करें। वैक्सीनेशन की जानकारी के लिये स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, आगनवाडी कार्यकर्ता से सम्पर्क कर सकते है।राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश सहित जिले में 01 दिसंबर को वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जाएगा। जिसमें कोविड-19 के टीकाकरण से छुटे हुए सभी नागरिकों को वैक्सीन लगाई जाएगी।



## संपादकीय

### देश की आर्थिक प्रगति के लिए नागरिकों में भारतीयता के 'स्व' के भाव को जगाना जरूरी

अभी हाल ही में ग्वालियर में आयोजित स्वर साधक शिविर में पधारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक माननीय डॉ. मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम में कहा कि दुनिया विभिन्न क्षेत्रों में आ रही समस्याओं के हल हेतु कई कारणों से अब भारत की ओर बहुत उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। यह सब भारतीय नागरिकों में भारतीयता के "स्व" के भाव के जागने के कारण सम्भव हो रहा है और अब समय आ गया है कि भारत के नागरिकों में "स्व" के भाव का बड़े स्तर पर अवलंबन किया जाये क्योंकि हमारा अस्तित्व ही भारतीयता के "स्व" के कारण है। सरसंघचालक द्वारा कही गई उक्त बात भारत के आर्थिक क्षेत्र पर भी लागू होती है। भारत की आर्थिक प्रगति को यदि गति देनी है तो हमें भारत के नागरिकों में भारतीयता के "स्व" के भाव को बड़े स्तर पर जगाना आवश्यक होगा। देश के नागरिकों में भारतीयता के "स्व" को जगाने से हमारे नागरिकों में देश प्रेम की भावना जागृत होती है और इससे उनमें आर्थिक दृष्टि से तरक्की करने की भावना भी विकसित होने लगती है। जापान, इज़राइल, अमेरिका आदि देशों ने अपने नागरिकों में "स्व" की भावना को जागृत कर अपने देश की आर्थिक तरक्की में चार चांद लगाए हैं। इसके ठीक विपरीत, यदि किसी देश के नागरिकों में "स्व" की भावना नहीं है और उस देश पर यदि किसी विदेशी आक्रांता का शासनकाल स्थापित हो जाता है तो देश की अर्थव्यवस्था किस प्रकार तहस नहस हो जाती है इसका जीता जागता उदाहरण भारत रहा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी के भारत में आगमन के पूर्व विश्व के विनिर्माण उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी वर्ष 1750 में 24.5 प्रतिशत थी, जो वर्ष 1800 में घटकर 19.7 प्रतिशत हो गई और 1830 में 17.8 प्रतिशत हो गई। आगे वर्ष 1880 में केवल 2.8 प्रतिशत रह गई तथा वर्ष 1913 में तो केवल 1.4 प्रतिशत ही रह गई थी परंतु वर्ष 1939 में कुछ सुधरकर 2.4 प्रतिशत हो गई थी। ब्रिटिश शासन काल में भारत के विनिर्माण उत्पादन को तहस-नहस कर दिया गया था। इस सबके पीछे ब्रिटिश शासन काल की नीतियां तो जिम्मेदार थी हीं साथ ही भारत के नागरिकों में "स्व" की भावना का कमजोर हो जाना भी एक बड़ा कारण था। 1750 के आसपास, भारत सूती वस्त्रों का विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक था। कपास, लिनेन के भारतीय वस्त्रों तथा ऊनी सामानों का एशिया, अफ्रीका और साथ ही यूरोप भी बहुत बड़ा बाजार था। मुक्त व्यापार नीति ने भारत और ब्रिटेन के बीच कपड़ा व्यापार की दिशा को उलट दिया। सस्ते दामों पर इंग्लैंड से मशीन द्वारा निर्मित कपड़ों के भारी मात्रा में आयात ने भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ा दी। इसके अलावा, ब्रिटेन द्वारा भारतीय वस्त्रों के ब्रिटेन में आयात पर भारी शुल्क लगाया गया। शीघ्र ही, भारतीय वस्त्रों पर सुरक्षात्मक शुल्क लगाने की ब्रिटिश सरकार की नीति के कारण भारत कच्चे कपास का निर्यातक और कपड़ों का आयातक बन गया। भारतीय बाजार में ब्रिटिश सामानों के शुल्क मुक्त प्रवेश तथा निर्यातित भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों पर भारी करों ने भारतीय हस्तशिल्प उद्योग को भी पूरी तरह से तबाह कर दिया था। भारत में निर्मित हस्तशिल्प उत्पाद, घरेलू तथा विदेशी, दोनों ही बाजारों से लुप्त होने लगे थे। इसके अलावा, एक शिल्पकार के उत्पादों की तुलना में कारखानों में बने उसी प्रकार के उत्पाद सस्ते होने के साथ-साथ गुणवत्ता की दृष्टि से भी बेहतर होते थे, जिसके फलस्वरूप भारतीय शिल्प उद्योग धीरे-धीरे समाप्त होता चला गया। भारत पर ब्रिटिश शासनकाल के दौरान यूनाइटेड किंगडम में तो प्रति व्यक्ति आय में तेज वृद्धि होने लगी परंतु भारत में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि धीमी होने के साथ ही नीचे भी गिरने लगी थी। भारत में वर्ष 1600 में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (1990 अंतरराष्ट्रीय डॉलर में) 550 डॉलर था, जो वर्ष 1700 तक 550 डॉलर ही बना रहा वर्ष 1757 में गिरकर 540 डॉलर हो गया और वर्ष 1857 में 520 डॉलर हो गया। 1947 में जरूर थोड़ा सुधर कर 618 डॉलर हो गया था। वहीं दूसरी ओर यूनाइटेड किंगडम में वर्ष 1600 में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 1600 में 947 डॉलर था जो वर्ष 1700 में 1250 डॉलर हो गया तथा 1757 में 1424 डॉलर होकर 1857 में 2717 डॉलर हो गया तथा 1947 में तो 6318 डॉलर हो गया। इसी प्रकार, ब्रिटिश शासन के कार्यकाल के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर भी बहुत कम होती चली गयी वहीं यूनाइटेड किंगडम के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बहुत तेज होती चली गयी। वर्ष 1600 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (1990 अंतरराष्ट्रीय डॉलर मिलियन में) 74,250 मिलियन डॉलर था। यह वर्ष 1700 में बढ़कर 90,750 मिलियन डॉलर हो गया एवं वर्ष 1757 में 99,900 मिलियन डॉलर का हो गया तथा वर्ष 1857 में 118,040 मिलियन डॉलर हो गया तो वर्ष 1947 में 255,852 मिलियन डॉलर हो गया। अब यूनाइटेड किंगडम की स्थिति देखें। यूनाइटेड किंगडम में वर्ष 1600 में सकल घरेलू उत्पाद 6,007 मिलियन डॉलर था जो वर्ष 1700 में बढ़कर 10,709 मिलियन डॉलर हो गया तथा 1757 में 18,768 मिलियन डॉलर हो गया और वर्ष 1857 में 76,584 मिलियन डॉलर तक पहुंच कर वर्ष 1947 में तो 314,969 मिलियन डॉलर का हो गया। ब्रिटिश शासन काल में न केवल भारत के अर्थतंत्र को तहस-नहस किया गया बल्कि अंग्रेजों ने जाति और साम्प्रदायिक चेतना को उकसाते हुए प्रतिक्रियावादी ताकतों की मदद भी की थी। ईस्ट इंडिया कम्पनी शासनकाल में, पश्चिमी सभ्यता के आगमन के फलस्वरूप ईसाई मिशनरियों की गतिविधियां सक्रिय रूप में काफी व्यापक हो गई थीं। ये मिशनरियां ईसाइयत को श्रेष्ठ धर्म के रूप में मानती थीं और पश्चिमीकरण के माध्यम से वे भारत में इसका प्रसार करना चाहती थीं, जो उनके अनुसार धर्म, संस्कृति और भारतीयता के "स्व" में यहां के मूल निवासियों के विश्वास को नष्ट कर देगा। इस दृष्टि से ईसाई मिशनरियों ने उन कट्टरपंथियों का समर्थन किया, जिनका वैज्ञानिक दृष्टिकोण, उनके अनुसार, भारतीय देशी संस्कृति और विश्वासों तथा भारतीयता के "स्व" को कमजोर करने वाला था। साथ ही उन्होंने साम्राज्यवादियों का भी समर्थन किया, क्योंकि उनके प्रसार के लिए कानून और व्यवस्था एवं ब्रिटिश वर्चस्व का बना रहना आवश्यक था। इसके साथ ही वे व्यापारियों और पूंजीपतियों के समर्थन की अपेक्षा भी रखते रहे क्योंकि ईसाई धर्मांतरित लोग उनके सामान के बेहतर ग्राहक होंगे और इस प्रकार भारत ब्रिटिश उत्पादों का एक बड़ा बाजार बन गया था। परंतु भारत में आज स्थितियां पूर्णतः बदल गई हैं। धीमे-धीमे ही सही परंतु अब भारतीय नागरिकों में भारतीयता के "स्व" की भावना बलवती होती जा रही है। जिसके चलते अब भारत में आर्थिक विकास में भी गति आती दिखाई दे रही है।

# सपा गठबंधन के लिए बड़ी चुनौती होगा सीटों का बंटवारा

संजय सक्सेना

**भविष्य में यूपी की राजनीति जिस करवट भी बैठे, लेकिन इस समय तो अखिलेश यादव ही सत्तारूढ़ भाजपा को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। यदि यूपी में ओवैसी का सिक्का नहीं चला तो मुस्लिम वोट एकमुश्त समाजवादी पार्टी की झोली में पड़ सकते हैं।**



उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव का समय नजदीक आने के साथ ही चुनाव की तस्वीर भी करीब-करीब साफ होने लगी है। यह लगभग तय हो गया है कि कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी एकला चलो की राह पर आगे बढ़ेंगी, वहीं भारतीय जनता पार्टी नये दोस्त बनाने की बजाए अपने पुराने सहयोगियों के सहारे चुनाव में दम आजमायेगी। संजय निषाद की 'निषाद पार्टी' भाजपा के साथ आई है तो ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी बीजेपी से छिटक कर सपा में चली गई है।

2017 में बीजेपी ने अपना दल (एस) और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले यह गठबंधन टूट गया था. हालांकि, इस बार बीजेपी ने सपा-बसपा गठबंधन से निषाद पार्टी को निकालने में सफलता हासिल कर ली है। निषाद पार्टी में निषाद जाति के अलावा उससे जुड़ी मल्लाह, केवट, धीवर, बिंद, कश्यप और दूसरी जातियों को अच्छा ख़ासा ग़ैर-यादव वोट बैंक समझा जाता है। साल 2017 में विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक परिदृश्य में आई निषाद पार्टी ने ख़ुद को नदियों से जुड़ी हुई पिछड़ी जातियों की आवाज़ कहा था. उनकी मांग थी कि उनकी जाति को अनुसूचित जाति की सूची में दर्ज कराया जाए। 2017 में इसने पूर्वी उत्तर प्रदेश की 72 सीटों पर 5.40 लाख वोट हासिल किए थे लेकिन कोई भी सीट जीतने में सफल नहीं हो पाई थी। 2018 में निषाद पार्टी ने सपा-बसपा को समर्थन दिया और इसने लोकसभा उप-चुनाव में गोरखपुर और फूलपुर सीटों को जीतने में मदद की।

इस दौरान प्रवीण निषाद ने सपा के टिकट पर गोरखपुर सीट को जीत लिया था जिस पर योगी आदित्यनाथ चुनकर आते रहे थे। बात आम आदमी पार्टी (आप) की कि जाए तो जो 'आप' काफी तेजी से यूपी में पैर पसारने की कोशिश कर रही थी, चुनाव से कुछ माह पूर्व ही उसके पॉव उखड़ने लगे हैं। अब 'आप' समाजवादी पार्टी की तरफ पींगे बढ़ाने में लगी है। राष्ट्रीय लोकदल का तो सपा से गठबंधन भी हो गया है। समाजवादी पार्टी सभी छोटे-छोटे दलों के लिए अपने सियासी दरवाजे खोल रखे हैं। 2-4 फीसदी आबादी के लम्बरदार बने छोटे-छोटे दल जिनकी पहचान जातीय आधार तक ही सीमित है उनके लिए समाजवादी पार्टी राजनीति का नया ठिकाना बन गया है। सपा ने पश्चिमी यूपी में जाटों के समर्थन वाले राष्ट्रीय लोक दल के नेता जयंत चौधरी, मौर्या-कुशवाहा के समर्थन वाले 'महान दल' के नेता केशव देव मौर्या और संजय चौहान की 'जनवादी पार्टी' (समाजवादी) के नेता नौनिया चौहान एवं अपना दल (कृष्णा पटेल गुट) के साथ गठबंधन किया है। चचा शिवपाल यादव की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी से भी गठबंधन के संकेत अखिलेश यादव दे रहे हैं। दरअसल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव छोटे-छोटे दलों को जोड़कर बड़ा खेल खेलने का सपना देख रहे हैं।

खैर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने छोटे दलों को अपने साथ जोड़ने में दिलेरी जरूर दिखाई है, परंतु उनके लिए आगे की राह आसान नहीं लग रही है। छोटे दल जिस तरह से टिकट के लिए दावेदारी ठोंक रहे हैं, उसके आधार पर तो यही लगता है कि टिकट बंटवारे में समाजवादी पार्टी के खातें में 250-275 सीटें ही आ जाएं तो बहुत होगा। ऐसा होगा तो समाजवादी पार्टी का अपने बल पर चुनाव जीतने का सपना चुनाव से पहले ही टूट जाएगा। इतना ही नहीं समाजवादी पार्टी के जो पुराने कार्यकर्ता और नेता टिकट की होड़ में लगे हैं उनकी विधान सभा सीट यदि सहयोगी दल के पाले में चली जाएगी तो यह नेता बगावत का झंडा उठाने में देरी नहीं करेंगे। इस बगावत को गैर समाजवादी दल हवा दे सकते हैं तो हो सकता है कई नेता बगावत करके अन्य दलों का दामन थाम लें। इससे पार्टी को बड़ा नुकसान हो सकता है। बहरहाल, भविष्य में यूपी की राजनीति जिस करवट भी बैठे, लेकिन इस समय तो अखिलेश यादव ही सत्तारूढ़ भाजपा को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। यदि यूपी में ओवैसी का सिक्का नहीं चला तो मुस्लिम वोट एकमुश्त समाजवादी पार्टी की झोली में पड़ सकते हैं। उधर, अपने बल पर पुनः सत्ता में वापसी का सपना देख रही बीजेपी और उसके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कंधों पर यूपी चुनाव जीतने की जिम्मेदारी इस लिए भी अधिक है क्योंकि 2022 के नतीजों का प्रभाव 2024 के लोकसभा चुनाव में भी असर आएगा। यदि यूपी में बीजेपी की सरकार होगी तो मोदी के लिए 2024 का चुनाव जीतने की राह काफी आसान हो जाएगी। लिहाज से भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश में अपना पिछला प्रदर्शन दोहराना बहुत जरूरी है। इसीलिए बीजेपी आलाकमान ने यूपी में अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। फिलहाल, बीजेपी के लिए राहत वाली बात यह है कि यूपी का चुनावी गणित अभी काफी हद तक भाजपा के पक्ष में नजर आ रहा हैं, लेकिन समय के साथ यह बदल भी सकते हैं।

वहीं, सपा की बात करें, तो पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की साख दांव पर लगी है। 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर हार का बोझ उन्हें अपने ही कंधों पर उठाना पड़ा। क्योंकि, कांग्रेस तो वैसे ही प्रदेश में तकरीबन खत्म हो चुकी थी। वहीं, 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा सुप्रीमो मायावती के साथ गठबंधन का नुकसान भी सपा के खाते में ही गया था। इस नफा-नुकसान के अलावा यूपी में एक और चर्चा छिड़ी हुई है कि क्या योगी और अखिलेश भी विधान सभा चुनाव में प्रत्याशी होंगे? हाल ही में योगी आदित्यनाथ के अयोध्या से चुनाव लड़ने की खबरें सामने आई थीं। कहा जा रहा है कि भाजपा इस बार प्रदेश के कई बड़े नेताओं को विधानसभा चुनाव लड़ाकर बड़ा संदेश देना चाहती है। वैसे, भाजपा जो संदेश देना चाहती है, वो शायद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव तक नहीं पहुंचा है। क्योंकि, सपा की ओर से अभी तक अखिलेश के चुनाव लड़ने की कोई खबर सामने नहीं आई है। बताते चले 2017 में योगी आदित्यनाथ और 2012 में अखिलेश यादव दोनों ही नेता मुख्यमंत्री बनने के बाद उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे। तो, इस बार भी इस बात की संभावना बहुत हद तक बढ़ जाती है कि योगी और अखिलेश चुनाव ही न लड़ें। और जनता की अदालत में जाने की जगह फिर से उच्च सदन की राह पकड़ लें। ताकि यह नेता पार्टी के अन्य नेताओं को जिताने में पूरा योगदान दे सकें। हालांकि, राजनीतिक परिप्रेक्ष्य से देखा जाए, तो दोनों ही नेताओं के सामने खुद को साबित करने की चुनौती नही है। क्योंकि, ये दोनों ही सांसद रहे हैं, तो योगी और अखिलेश के लिए विधानसभा चुनाव जीतना कोई बड़ी बात नजर नहीं आती है। लब्बोलुआब यह है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा और सीएम योगी के सामने सबसे बड़े चैलेंजर के तौर पर अखिलेश यादव का नाम सामने आ रहा है।

अखिलेश यादव सपा को भाजपा के सामने मुख्य प्रतिद्वंदी पार्टी के तौर पर पेश कर रहे हैं। अखिलेश ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में किए गए विकास कार्यों के सहारे भाजपा को केवल अपनी सरकार के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने वाली पार्टी साबित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। जबकि सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने के साथ ही अपराधियों को प्रदेश छोड़ने की जो चुनौती दी थी।

# डेल्टा क्या कम था जो अब ओमिक्रान दहशत मचाने के लिए आ गया

**ओमिक्रान की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि शुक्रवार को देश में शेयर बाजार धड़ाम से गिर गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में चिंता व्यक्त की तो राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उच्चस्तरीय बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।**

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



कोरोना के दो साल होने के बावजूद यह नए नए अवतार लेकर सामने आ रहा है। अब अफ्रीका से यह नया अवतार ओमिक्रान के रूप में दुनिया को हिलाने आ गया है। कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रान को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'वैरिएंट ऑफ कंसर्न' घोषित करने से ही इसकी गंभीरता को समझा जा सकता है। विषेषज्ञों द्वारा माना जा रहा है कि कोरोना के डेल्टा अवतार से भी यह सात गुणा तेजी से फैलने वाला वैरिएंट है। यह भी साफ हो जाना चाहिए कि वैरिएंट की गंभीरता को देखते हुए उसे कंसर्न ऑफ वैरिएंट घोषित किया गया है वरना अन्य स्थिति में तो सामान्यतः वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट की श्रेणी में ही रखा जाता है। कंसर्न की श्रेणी में गंभीरता को देखते हुए ही डाला जाता है। विषेषज्ञों द्वारा माना जा रहा है कि यह वैरिएंट डेल्टा से भी ज्यादा तेजी से फैलने वाला वैरिएंट है। एक अनुमान के अनुसार डेल्टा से सात गुणा अधिक तेजी से यह फैलता है।

गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि न्यूयार्क में 15 जनवरी, 2022 तक के लिए आपातकाल की घोषणा कर दी गयी है तो दुनिया के देश दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर रोक लगा रहे हैं। गौरतलब है कि कोरोना के ही वैरिएंट डेल्टा ने अक्टूबर 2020 में भारत में प्रवेश किया और जबरदस्त तरीके से प्रभावित करने के साथ ही जानलेवा साबित हुआ। ओमिक्रान को गंभीरता से लेने का एक कारण यह भी है कि जहां एक और यह वैरिएंट तेजी से फैल रहा है वहीं यह भी माना जा रहा है कि वैक्सीन इस पर अधिक असरकारक नहीं है। अफ्रीका में करीब दो माह से प्रभावित कर रहा यह वैरिएंट ओमिक्रान पिछले चार से पांच दिनों में ही दक्षिण अफ्रीका के साथ ही हांगकांग, बोत्सवाना, बेल्जियम, जर्मनी, चेक गणराज्य, इजराइल और ब्रिटेन पहुंच गया है। भारत में भी बैंगलोर उतरे अफ्रीका से आए दो मरीज कोरोना संक्रमित हैं, इस खबर से हड़कंप मच गया है पर अभी यह पुष्ट नहीं हो पाया है कि वे ओमिक्रान से ही संक्रमित हैं या अन्य किसी वैरिएंट से। इसी तरह से पुष्कर में तीन फ्रांसिसी महिला पर्यटकों का कोरोना संक्रमित मिलना चिंता का सबब बन गया है। ओमिक्रान की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि शुक्रवार को देश में शेयर बाजार धड़ाम से गिर गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में चिंता व्यक्त की तो राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उच्चस्तरीय बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए और बूस्टर डोज की तैयारी करने को कहा। हालांकि देश में कोरोना की चिंता के बीच ही 15 दिसंबर से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने की घोषणा की गई है पर इसकी नए सिरे से समीक्षा की आवश्यकता हो गई है। यूरोपीय संघ सहित दुनिया के देश अफ्रीका से हवाई उड़ानों पर रोक लगा रहे हैं। अब तक 1200 से अधिक संक्रमित मिलने से दुनिया दहशत में आ गई है। भारत सहित दुनिया के देश स्थितियों पर गंभीरता से नजर रखे हुए हैं और आवश्यक एहतियाती तैयारी में जुट गए हैं। दरअसल यह माना जा रहा था कि कोरोना का अभिशाप अधिक दिन नहीं चलेगा पर देखते देखते दो सालों में ही दुनिया के देश इसके पांच वैरिएंट से रूबरू हो चुके हैं। सितंबर 2020 में इंग्लैण्ड में अल्फा, मई 2020 में दक्षिण अफ्रीका में बीटा, नवंबर 2020 में ब्राजील में गामा, अक्टूबर 2020 में भारत में डेल्टा और अब ओमिक्रान ने असर दिखाना शुरू कर दिया है।

दरअसल वायरस की जीनोमिक संरचना में बदलाव होकर के यह नए वैरियंट का रूप ले लेता है। कोरोना ने वैसे तो पूरी दुनिया में अपना असर दिखाया है पर अमेरिका, ब्राजील और भारत संक्रमण और मौत के मामलों में सबसे अधिक प्रभावित देश रहे हैं। दरअसल कोरोना जैसी महामारी से जूझने का दुनिया के देशों के सामने यह पहला अवसर आया है। इससे पहले प्लेग, कोलेरा, फ्लू, काला ज्वर, तपेदिक, पोलियो, एड्स, खसरा, चेचक जैसी कई महामारियों से जूझ चुका है। समय के साथ इनका ईलाज भी खोजा गया। चौंकाने वाली बात यह है कि कोरोना के चलते तपेदिक वापिस अपना असर दिखाने लगी है और पिछले दिनों में तपेदिक के कारण मौत के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सवाल यह है कि कोरोना प्रोटोकॉल के बावजूद जिस तरह से कोरोना का थोड़ा असर कम दिखते ही प्रतिबंधों में छूट और शिथिलता बरती जाने लगी तो कोरोना नए अवतार में सामने आने लगा। नो मास्क नो एंट्री और दो गज की दूरी के संदेश के बावजूद धीरे-धीरे इनका असर कागजी रहने से तबाही का मंजर जारी है। लापरवाही के चलते कोरोना है कि थोड़ी राहत देकर वापस पूरी तेजी से आक्रामक हो रहा है। अभी वैक्सीनेशन भी पूरी तरह से नहीं हो पाया है। वैक्सीनेशन के कम असर के आए दिन आने वाले समाचारों से लोग हतोत्साहित हो रहे हैं सो अलग। दरअसल लोगों में निराशा अधिक व्याप्त होने लगी है। ऐसे में इस सबके साथ ही आशा और विश्वास की बूस्टर डोज ज्यादा जरूरी हो जाती है।

# बहुत खतरनाक है जीका वायरस
## लक्षण और बचने के उपाय जानना बेहद जरूरी

योगेश कुमार गोयल

देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में भले ही लगातार कमी देखी जा रही है लेकिन पिछले कुछ महीनों से देश के कई राज्यों में डेंगू के बढ़ते मामलों के साथ कुछ दिनों से जीका वायरस ने भी नई चिंता को जन्म दिया है। उत्तर भारत और खासकर उत्तर प्रदेश में जीका वायरस के मामले जिस तेजी के साथ सामने आए हैं, उससे चिंता का माहौल बनना स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश के कानपुर, कन्नौज, लखनऊ, मथुरा सहित कई जिलों में जीका वायरस के मामले सामने आए हैं और अब फतेहपुर जिले में भी जीका वारयस का केस सामने आने के बाद वहां स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा है। उत्तर प्रदेश का कानपुर जिला तो जीका वायरस और डेंगू का हॉटस्पॉट बना हुआ है, जहां जीका का पहला मामला 24 अक्तूबर को सामने आया था और उसके बाद से वहां पिछले करीब एक महीने में ही इसके 140 से भी अधिक मरीज सामने आ चुके हैं। जीका संक्रमण को लेकर चिंताजनक स्थिति यह है कि यह वायरस सामान्य लोगों के अलावा गर्भवती महिलाओं को भी संक्रमित कर रहा है। अब तक कई गर्भवती महिलाएं जीका वायरस से संक्रमित मिल चुकी हैं। इस वर्ष जीका वायरस का पहला मामला केरल में 8 जुलाई 2021 को सामने आया था, जिसके बाद केरल में जीका वायरस के मामले अचानक सामने आने लगे और ऐसे मामलों की संख्या 64 तक पहुंच गई थी। वहां जीका से एक मरीज की मौत की खबर सामने आई थी। महाराष्ट्र में भी जीका वायरस का मामला सामने आया था लेकिन अब उत्तर प्रदेश में जीका का प्रकोप चिंता का सबब बना है। केरल के बाद अब उत्तर प्रदेश में जीका के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्पष्ट है कि बारिश के बाद मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए सरकारी तंत्र द्वारा लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए समुचित प्रबंध नहीं किए गए। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि जहां शहरी और महानगरीय क्षेत्रों में ही करीब 80 फीसदी लोगों को इस वायरस और इससे होने वाली बीमारी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, वहीं ग्रामीण परिवेश में तो लोग इससे पूरी तरह अनजान हैं, इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक देशभर में कहीं ऐसा कोई अभियान नहीं चलाया गया है, जिससे लोगों में जीका वायरस संक्रमण के प्रति जागरूकता पैदा की जा सके। आज भी देश में अधिकांश लोग नहीं जानते कि जीका आखिर है क्या, इससे क्या बीमारियां पैदा होती हैं और उनके क्या लक्षण सामने आते हैं। जीका एक खतरनाक वायरस है, जो उसी एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, जो डेंगू, चिकनगुनिया, निपाह, जापानी इन्सेफेलाइटिस, फाइलेरिया, मलेरिया इत्यादि बीमारियों का जनक है, यह मच्छर प्रायः दिन के समय सक्रिय रहता है। अधिकांशतः गर्भवती महिलाएं इस वायरस की शिकार बनती हैं। इससे गर्भपात और मृत बच्चे के पैदा होने का भी खतरा रहता है। यह जन्म लेने वाले बच्चे के विकास पर बहुत दुष्प्रभाव डालता है, इससे पीड़ित महिलाओं के बच्चे अविकसित दिमाग के साथ पैदा होते हैं। करीब 70 से 80 फीसदी मामलों में जीका संक्रमित व्यक्ति में लक्षणों की पहचान नहीं हो पाती, इसलिए जीका वायरस से बचने के लिए सबसे बड़ा हथियार जागरूकता को ही माना गया है। जीका वायरस पर नियंत्रण के लिए दुनियाभर में अब तक कोई कारगर वैक्सीन नहीं बनी है। जो उपाय डेंगू, चिकनगुनिया इत्यादि फैलाने वाले मच्छरों से बचने के लिए बताए जाते रहे हैं, वही उपाय जीका वायरस फैलाने वाले मच्छर से बचने के लिए भी किए जाते हैं, जैसे अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना, कहीं भी पानी को ठहरने न देना, मच्छरदानी का प्रयोग, मच्छरों की अधिकता वाले क्षेत्रों में पूरे कपड़े पहनना, मच्छरनाशक चीजों का इस्तेमाल तथा बगैर जांच के रक्त शरीर में न चढ़वाना इत्यादि। जीका वायरस से संक्रमित होने पर दर्द तथा बुखार की सामान्य दवाएं दी जाती हैं ।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रातः 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

### आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### Reliance और Vodafone के बीच बढ़ा विवाद, मुकेश अंबानी की कंपनी ने लगाया VI पर यह आरोप



अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, जियो ने ट्राई से शिकायत की है वोडाफोन आइडिया का नया टैरिफ प्लान कम मूल्य के प्लान को चुनने वाले लोगों को अपना मोबाइल नंबर पोर्ट करने से रोक रहा है। जियो की शिकायत के मुताबिक, वीआईएल 179 रुपये और उससे अधिक कीमत वाले प्लान में SMS सेवा मुहैया करा रही है। रिलायंस जियो ने वोडाफोन आइडिया की शिकायत की है। बता दें कि जियो ने क्षेत्रीय नियामक ट्राई को एक पत्र लिख कहा है कि, वोडाफोन आइडिया की नयी शुल्क दरें कथित तौर पर प्रवेश स्तर के ग्राहकों को अपना मोबाइल नंबर पोर्ट करने से रोकती हैं। वोडाफोन आइडिया ने नवंबर में मोबाइल सेवाओं और डेटा दरों में 18-25 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। वोडाफोन के नए टैरिफ प्लान के तहत VIL ने केवल 28 दिनों की वैलिडिटी के साथ एंट्री लेवल प्लान को 75 रुपये से बढ़ाकर 99 रुपये कर दिया। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, जियो ने ट्राई से शिकायत की है वोडाफोन आइडिया का नया टैरिफ प्लान कम मूल्य के प्लान को चुनने वाले लोगों को अपना मोबाइल नंबर पोर्ट करने से रोक रहा है। जियो की शिकायत के मुताबिक, वीआईएल 179 रुपये और उससे अधिक कीमत वाले प्लान में SMS सेवा मुहैया करा रही है। एनजीओ टेलीकॉम वॉचडॉग ने भी इस मुद्दे को लेकर ट्राई से शिकायत की थी, यह शिकायत भी वीआईएल का नया टैरिफ प्लान के प्रभावी होने के बाद कराया गया था। आरोप लगया जा रहा है कि, वोडाफोन आइडिया का कदम उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाओं और सेवाओं के लिए अन्य मोबाइल नेटवर्क पर जाने से रोकना है।

### सड़कों पर दौड़ेंगी ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाली कार ! टायलेट के पानी से होगी कमाई

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सीएसआर के साथ बातचीत कर गंदे पानी को लेकर एक वर्कशॉप करने की बात कही थी। जो सफल हुई। जिसके बाद नागपुर शहर के गंदे पानी को बेचकर सरकार 325 करोड़ रुपए सालाना कमाती है। इतना ही नहीं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ भी बेकार नहीं होता है। क्या आपने कभी सोचा है कि टायलेट के ग्रीन हाइड्रोजन को तैयार किया जा सकता है और इस ग्रीन हाइड्रोजन से बस, ट्रक, कार जैसे वाहन चल सकते हैं। थोड़ा अजीब है लेकिन केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस विषय पर जानकारी दी है। इसके अलावा उन्होंने एक योजना तैयार की है। जिसके तहत सोलर पॉवर सस्ती मिल सकेगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सीएसआर के साथ बातचीत कर गंदे पानी को लेकर एक वर्कशॉप करने की बात कही थी। जो सफल हुई। जिसके बाद नागपुर शहर के गंदे पानी को बेचकर सरकार 325 करोड़ रुपए सालाना कमाती है। इतना ही नहीं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ भी बेकार नहीं होता है। ऐसे में मैं अब कोशिश कर रहा हूं कि गंदे पानी से पैसा कमाया जाए। इतना ही नहीं सरकार कोशिश कर रही है कि ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाले सार्वजनिक परिवहन चलाया जाए। ऐसे में सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के लिए फरीदाबाद के एक ऑयल रिसर्च सेंटर से ग्रीन हाइड्रोजन लिया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि देश में साल 2020 में कुल 3 लाख 66 हजार 138 सड़क हादसे हुए। जिनमें 1 लाख 31 हजार 714 लोगों की मौत हो गई। गडकरी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि देश में 2019 में सड़क हादसों में 1 लाख 51 हजार 113 लोग मारे गए, वहीं इस साल कुल 4,49,002 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। उन्होंने बताया कि 2019 में एक्सप्रेस वे समेत राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल 1,37,191 हादसे हुए। 2018 में एक्सप्रेस वे समेत राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल 1,40,843 दुर्घटनाएं हुईं।

### Twitter के सीईओ पराग का बड़ा एक्शन, बंद हुए 3,500 अकाउंट्स; हटा ब्लू टिक



ट्वीटर ने लगभग तीन हजार से भी ज्यादा यूजर के अकाउंट्स को बंद कर दिया है।कंपनी के मुताबिक, 3500 अकाउंट्स वो है जो चीन और रूस समेत 6 देशों में सरकार समर्थक प्रोपेगैंडा चला रहे थे। ट्वीटर ने साथ में यह भी कहा कि, यह अकाउंट्स सरकार के समर्थक में प्रचार पोस्ट कर रहे थे। पराग अग्रवाल हाल ही में ट्वीटर के नए सीईओ बने हैं और उनके पद संभालते ही बवाल मच गया है। हाल ही में ट्वीटर में एक नियम लागू किया गया है जिसके तहत दूसरे युजर की तस्वीर बिना उसकी अनुमति के कहीं भी शेयर नहीं कर पाएंगे। इस नए नियम के बाद अब ट्वीटर ने गुरुवार को एक बड़ा एक्शन लिया है। बता दें कि ट्वीटर ने लगभग तीन हजार से भी ज्यादा यूजर के अकाउंट्स को बंद कर दिया है। कंपनी के मुताबिक, 3500 अकाउंट्स वो है जो चीन और रूस समेत 6 देशों में सरकार समर्थक प्रोपेगैंडा चला रहे थे। ट्वीटर ने साथ में यह भी कहा कि, यह अकाउंट्स सरकार के समर्थक में प्रचार पोस्ट कर रहे थे। अपने बयान में ट्वीटर ने कहा कि, ऐसे अकाउंट्स को बंद किया गया है जो उइगर समुदाय के इलाज से संबंधित चीन की पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी के नरेटिव को बढ़ावा देता है। कपंनी ने आगे कहा कि, 2048 ऐसे अकाउंट्स का रिप्रेजेंटेटिव सैंपल जारी किया जाएगा। तीन साल पहले भी ट्वीटर में राज्य से सबंधित सूचना संचालन से संबंधित डेटा का एक पब्लिक आरकाइव को पब्लिश किया गया था। ट्वीटर ने आगे कहा कि, हमने चीन के झिंजियांग क्षेत्रीय सरकार की ओर से एक निजी कपंनी चांगयु कल्चर से सबंधित 112 अकाउंट्स को भी हटाया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ट्वीटर के सीईओ पराग अग्रवाल कई नए निया लागू करने वाले हैं। उनके पद संभालते ही उन्होंने 1 दिसंबर को निजी सूचना सुरक्षा नीति की पॉलिसी को अपडेट किया था फिर उसके अगले दिन यानि कि 2 दिसंबर को अचानक से लाखों यूजर्स के फॉलोअर्स घचने लग गए जिसके बाद यूजर ट्वीटर के सीईओ को टैग कर शिकायत शुरू कर दी। कई वैरिफाइड यूजर्स के ब्लू टिक भी हट गए जिसके बाद कई यूजर्स काफी परेशान रहे। लोगों ने ट्वीटर हेल्प डेस्क और सीईओ पराग अग्रवाल को टैग कर शिकायत भी करना शुरू कर दिया लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि आखिर यूजर्स के अचानक से फॉलोअर्स घट क्यों रहे है?

---

### गीता गोपीनाथ का हुआ प्रमोशन

# IMF का अहम पद संभालेंगी भारतीय-अमेरिकी महिला

**एजेंसी**

गीता गोपीनाथ के पास अमेरिका और भारत दोनों देशों की दोहरी नागरिकता है। 21 जनवरी 2022 को वह डिप्टी एमडी का पद संभालेंगी। गीता मूल रूप से केरल की रहने वाली है और उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन भारत से पूरी की। साल 1992 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के लेडी श्रीराम कॉलेज से अर्थशास्त्र में ऑनर्स की डिग्री हासिल की। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की मुख्य अर्थशास्त्री और भारतीय-अमेरिकी गीता गोपीनाथ पहली महिला डिप्टी एमडी बनने जा रही हैं। बता दें कि, गोपीनाथ वर्तमान डिप्टी एमडी जेफ्री ओकामोटो की जगह इस पद को संभालेंगी। डिप्टी एमडी का पद संभालने के बाद आईएमएफ में गीता गोपीनाथ की हैसियत बढ़कर नंबर 2 में आ जाएगी। इस समय गीता आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री का पद संभाल रही हैं।

**कौन है गीता गोपीनाथ**




गीता गोपीनाथ के पास अमेरिका और भारत दोनों देशों की दोहरी नागरिकता है। 21 जनवरी 2022 को वह डिप्टी एमडी का पद संभालेंगी। गीता मूल रूप से केरल की रहने वाली है और उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन भारत से पूरी की। साल 1992 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के लेडी श्रीराम कॉलेज से अर्थशास्त्र में ऑनर्स की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में ही मास्टर्स किया। अपनी मास्टर्स की पढ़ाई पूरी करने के बाद गीता वाशिंगटन यूनिवर्सिटी चली गई जहां उन्होंने 1996 से 2001 तक प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में पीएचडी की। पीएचडी होने के बाद गीता ने 2005 में शिकागो यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के रूप में कार्यभार संभाला। इसके बाद वह हार्वर्ड चली गई। साल 2015 में इंटरनेशनल स्टडीज़ एंड इकोनॉमिक्स की प्रोफ़ेसर के तौर पर गीता ने पढ़ाया। साल 2018 में फिर गीता को आईएमएफ का मुख्य अर्थशास्त्री का पद मिला।

**डिप्टी एमडी का पद संभालते ही करेंगी यह काम**

गीता गोपीनाथ को डिप्टी एमडी का पद देने का फैसला उस समय आया जब वह पिछले दिनों अक्टूबर के महीनें में वापस हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ज्वाइन करने का ऐलान कर चुकी थी। आईएमएफ की पहली महिला मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने तीन साल तक काम करने के बाद दोबारा हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ज्वाइन करने का फैसला किया था। बता दें कि, भारतीय-अमेरिकी गीता गोपीनाथ पहली महिला डिप्टी एमडी का पद संभालते ही आईएमएफ की निगरानी और उससे संबंधित नीतियों का नेतृत्व करेंगी।इसके अलावा वह अनुसंधान और प्रमुख प्रकाशनों की देखरेख भी करेंगी। साथ ही फंड प्रकाशनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले मानकों को बढ़ावा देने में भी योगदान करेंगी। जानकारी के लिए आपको बता दें कि आईएमएफ का सबसे बड़ा शेयरधारक अमेरिका है।

**आईएमएफ की प्रबंध निदेशक ने की तारीफ**

आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने कहा, जेफ्री और गीता दोनों शानदार सहयोगी हैं - मैं जेफ्री को जाते हुए देखकर दुखी हूं, लेकिन साथ ही, मुझे खुशी है कि गीता ने हमारे साथ बने रहने और एफडीएमडी के रूप में नयी जिम्मेदारी स्वीकार करने का फैसला किया है। जॉर्जीवा ने कहा कि आईएमएफ के काम में गोपीनाथ का योगदान पहले से ही असाधारण रहा है, विशेष रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था और आईएमएफ की, हमारे जीवन के सबसे खराब आर्थिक संकट के उतार-चढ़ाव से पार पाने में, मदद करने में उन्होंने असाधारण नेतृत्व का परिचय दिया। भारतीय-अमेरिकी गीता आईएमएफ की मुख्य अर्थशास्त्री बनने वाली पहली महिला हैं।

---

### दिल्ली वालों के लिए खुशखबरी!

# दिल्ली में सस्ता हुआ पेट्रोल

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पेट्रोल पर वैट को मौजूदा 30 प्रतिशत से घटाकर 19.4 प्रतिशत कर दिया जाए**




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने बुधवार को पेट्रोल पर मूल्यवर्धित कर (वैट) घटाने का फैसला किया, जिससे राजधानी में इस वाहन ईंधन की कीमत में करीब आठ रुपये प्रति लीटर की कमी आएगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस कदम से दिल्ली वालों को महंगाई से राहत मिलेगी। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अन्य शहरों की तुलना में सस्ती हो गई हैं। सरकारी अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पेट्रोल पर वैट को मौजूदा 30 प्रतिशत से घटाकर 19.4 प्रतिशत कर दिया जाए। इससे इसकी कीमत में लगभग आठ रुपये प्रति लीटर की कमी आएगी। केजरीवाल ने एक ट्वीट में कहा ,''दिल्ली में आज हमने पेट्रोल काफ़ी सस्ता कर दिया। वैट की दर 30 प्रतिशत से घटाकर 19.4 प्रतिशत कर दी। एनसीआर के अन्य शहरों के मुक़ाबले दिल्ली में पेट्रोल और डीज़ल सस्ता हो गया। मैं उम्मीद करता हूँ कि इस कदम से दिल्ली के लोगों को महंगाई से राहत मिलेगी।'' अधिकारियों ने बताया कि वैट में कटौती के बाद पेट्रोल की कीमत मौजूदा 103 रुपये प्रति लीटर से घटकर 95 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत उत्तर प्रदेश और हरियाणा की तुलना में अधिक है, जहां राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार द्वारा ईंधन की कीमतों पर उत्पाद शुल्क को कम करने के बाद वैट में कटौती की घोषणा की थी।

---

# क्रिप्टोक्यूरेंसी बैन के समर्थन में आरबीआई

### निवेशकों को डिजिटल करेंसी से लुभाया जा रहा

**एजेंसी**

एक खबर के मुताबिक, आरबीआई हमेशा से क्रिप्टोक्यूरेंसी पर प्रतिबंध का समर्थन करता आ रहा है। अपनी रिपोर्ट में RBI ने कहा कि, क्रिप्टोक्यूरेंसी का उपयोग अवैध कामों के लिए किया जा सकता है। क्रिप्टोक्यूरेंसी को एक मुद्रा नहीं कहा जा सकता है। केंद्र सरकार ने 29 नवंबर से शुरू होने वाले संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के लिए 26 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। इसमें तीनों कृषि कानून को निरस्त करने वाले विधेयक करने के साथ-साथ सभी निजी क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। मोदी सरकार के इस फैसले के बाद बिटकॉइन की कीमत 46 लाख रुपये से घटकर 40 लाख रुपये हो गई। जानकारी के लिए बता दें कि, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने क्रिप्टोकरेंसी के बारे में अपने रुख प्रकट करते हुए कहा कि भारत में क्रिप्टो करेंसी खातों की संख्या अतिरंजित है और क्रिप्टो पर गहन चर्चा की आवश्यकता है। आरबीआई गवर्नर का ये बयान ऐसे समय में आया है जब सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में क्रिप्टोक्यूरेंसी बिल पेश करने की तैयारी में जुटी है।

RBI हमेशा से कर रहा क्रिप्टोकरेंसी के प्रतिबंध का समर्थन



आरबीआई हमेशा से क्रिप्टोक्यूरेंसी पर प्रतिबंध का समर्थन करता आ रहा है। अपनी रिपोर्ट में RBI ने कहा कि, क्रिप्टोक्यूरेंसी का उपयोग अवैध कामों के लिए किया जा सकता है। क्रिप्टोक्यूरेंसी को एक मुद्रा नहीं कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार भी बिटकॉइन पर बैन लगाने के समर्थन में है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने क्रिप्टोकरेंसी पर चिंता जताते हुए कहा कि इस तरह की आभासी मुद्राओं से देश की आर्थिक एवं वित्तीय स्थिरता को लेकर कई गहरी चिंताएं जुड़ी हुई हैं। दास का यह बयान क्रिप्टोकरेंसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक के चंद दिनों बाद आया था। उस बैठक में क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े जोखिमों को लेकर गहरी चिंता जताई गई थी। संसद की स्थायी समिति ने क्रिप्टोकरेंसी के तमाम पहलुओं को लेकर हितधारकों के साथ चर्चा की जिसमें कई सदस्यों ने इसपर पूर्ण प्रतिबंध के बजाय इसके नियमन की जरूरत बताई। दास ने आठवें एसबीआई बैंकिंग एवं आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े गहरे मुद्दों पर गहन विमर्श की जरूरत है। दास ने कहा, ''आंतरिक विमर्श के बाद आरबीआई की यह राय है कि वृहत आर्थिक एवं वित्तीय स्थिरता पर गंभीर चिंताएं हैं और इनके बारे में गहन चर्चा करने की जरूरत है।'' दास ने चलन में मौजूद क्रिप्टोकरेंसी की मात्रा पर संदेह जताते हुए कहा कि निवेशकों को इसके जरिये लुभाने की कोशिश की जा रही है। क्रिप्टो खाते खोलने के लिए ऋण भी दिए जा रहे हैं।

---

# अमेजन डिलीवरी वैन से निकली महिला वीडियो हुआ वायरल; नौकरी से किया बर्खास्त

**एजेंसी**

टिकटॉक पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक महिला को ऐमेजॉन के डिलिवरी वैन से बाहर निकलते हुए देखा गया है। जिसके बाद कंपनी ने ड्राइवर पर एक्शन लेते हुए बर्खास्त कर दिया है।यह वीडियो 24 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था। अब तक लगभग 12 लाख लोग इस वीडियो को देख चुके हैं। दुनिया भर में ऑनलाइन शॉपिंग और होम डिलीवरी के लिए मशहूर अमेजन (Amazon) कंपनी हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो को लेकर चर्चा में है।अमेरिका के फ्लोरिडा से वायरल हुए ऐमेजॉन डिलीवरी वैन के एक वीडियो के बाद कंपनी ने वैन के ड्राइवर को नौकरी से निकाल दिया है। टिकटॉक पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक महिला को अमेजन के डिलिवरी वैन से बाहर निकलते हुए देखा गया है। जिसके बाद कंपनी ने ड्राइवर पर एक्शन लेते हुए बर्खास्त कर दिया है। यह वीडियो 24 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था। जिसके बाद से अब तक लगभग 12 लाख लोग



इस वीडियो को देख चुके हैं। वायरल वीडियो में काले रंग की शॉर्ट ड्रेस पहने एक महिला को एक बिल्डिंग के बाहर खड़ी अमेजन वैन से नीचे उतरते हुए देखा गया है। वीडियो में कंपनी का एक डिलीवरी ब्वॉय वैन का दरवाजा खोलते हुए भी दिख रहा है। अमेजन के प्रवक्ता ने स्थानीय मीडिया में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि, "यह हमारे डिलीवरी सर्विस पार्टनर्स और उनके ड्राइवरों के लिए हमारे उच्च मानकों के खिलाफ था।" उन्होंने कहा कि, "अनधिकृत यात्रियों को डिलीवरी वाहनों में प्रवेश करने की अनुमति देना कंपनी की नीति का उल्लंघन है' हालांकि वैन में महिला की उपस्थिति पर कंपनी के प्रवक्ता ने को टिप्पणी नहीं कि है।

---

### ग्राहकों को बड़ा झटका, 100 रुपये महंगी हुई LPG गैस सिलेंडर

राहत की बात यह है कि पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेंडर में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। दिल्ली में बिना सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडर की कीमत 899.50 रुपये प्रति बोतल होगी, जबकि 5 किलोग्राम घरेलू सिलेंडर की नई दर 502 रुपये है। आम जनता की जेब पर भार पड़ने वाला है। आपको बता दें कि, रसोई गैस की कीमतों में बुधवार को 103.50 रुपये की वृद्धि की गई है और यह 1 दिसंबर यानि की आज से प्रभावी हो गई है।बता दें कि, दिल्ली में 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1 दिसंबर से 2,104 रुपये हो गई है, जो पहले 2000.50 रुपये थी। वहीं कोलकाता में गैस सिलेंडर की कीमत 101 रुपये बढ़कर 2,174.5 रुपये हो गई। पहले इसकी कीमत 2073.5 रुपये थी। मुंबई में गैस की कीमत 2,051 रुपये हो गई है। पहले इसकी कीमत 1,950 रुपये थी। यहां 101 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, चेन्नई में 19 किलो के कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 2,234.50 रुपये हो गई है। पहले कीमत 2,133 रुपये थी।


---

**राहत** | विनिमय दर में सुधार तथा उत्साहजनक वृहत आर्थिक आंकड़ों से निवेशकों पर सकारात्मक असर पड़ा

# रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंक शेयरों में तेजी, हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

**एजेंसी**

**मुंबई।** शेयर बाजारों में बुधवार कोबीएसई सेंसेक्स जहां 620 अंक उछलकर बंद हुआ, वहीं एनएसई निफ्टी ने 17,100 के स्तर को फिर से प्राप्त कर लिया।कोरोना वायरस के नये स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर चिंता के बावजूद वैश्विक बाजारों में सुधार के बीच निवेशकों ने हाल में गिरावट वाले बैंक, वित्त और ऊर्जा शेयरों की लिवाली की। कारोबारियों के अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में सुधार तथा उत्साहजनक वृहत आर्थिक आंकड़ों से निवेशकों पर सकारात्मक असर पड़ा है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 619.92 अंक यानी 1.09 प्रतिशत उछलकर 57,684.79 पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 183.70 अंक यानी 1.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,166.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 5.73 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में इंडसइंड बैंक रहा। इसके अलावा एक्सिस बैंक, एसबीआई, मारुति, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में डॉ. रेड्डीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, भारती एयरटेल, टाइटन और कोटक बैंक शामिल हैं। इनमें 1.58 प्रतिशत तक की गिरावट आयी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक बाजारों में मंगलवार को बिकवाली के बाद आज सुधार दिखा। इससे भारतीय बाजारों में भी तेजी रही। इसके अलावा



जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के बेहतर आंकड़े का भी असर पड़ा। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के प्रभाव के बाद आर्थिक गतिविधियों के पटरी पर लौटने के साथ देश की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व प्रमुख के बांड खरीद कार्यक्रम में कमी किये जाने के साथ ओमीक्रोन को लेकर निवेशक चिंतित हैं, लेकिन इसके बावजदू वैश्विक शेयर बाजारों में आज अच्छा सुधार हुआ।'' इस बीच, बाजार की स्थिति में सुधार के साथ देश में विनिर्माण गतिविधियों में नवंबर में और मजबूती आई। फरवरी के बाद से उत्पादन और बिक्री में सबसे तेज वृद्धि देखी गई है। एक मासिक सर्वेक्षण में बुधवार को यह जानकारी दी गई। आईएचएस मार्केट इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अक्टूबर में 55.9 से बढ़कर नवंबर में 57.6 हो गया। यह इस क्षेत्र की स्थिति में 10 महीनों में सबसे मजबूत सुधार का संकेत है। इसके अलावा जीएसटी (माल एवं सेवा कर) संग्रह नवंबर में 25 प्रतिशत बढ़कर 1.31 लाख करोड़ रुपये रहा। जीएसटी क्रियान्वयन के बाद यह दूसरी बार सर्वाधिक संग्रह है। यह व्यापार गतिविधियों में सुधार के साथ आर्थिक पुनरुद्धार और अनुपालन में वृद्धि को बताता है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजित मिश्रा ने कहा कि दुनिया भर के लिये ओमीक्रोन चिंता का विषय है। ''लेकिन इसके साथ अनुकूल घरेलू आंकड़ों से फिलहाल राहत मिल सकती है। लेकिन इससे बाजार को कोई दिशा मिलेगी, ऐसा नहीं है। ऐसे में यह बेहतर होगा कि सतर्क रुख अपनाया जाए और चीजें स्पष्ट होने तक इंतजार किया जाए।'' एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार में तेजी का रुख रहा। उधर, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71.97 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 22 पैसे की तेजी के साथ 74.91 पर पहुंच गयी। शेयर बाजार के आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं और उन्होंने मंगलवार को 5,445.25 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में बढ़ रहे संक्रमण के मामले

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में विशेषज्ञों ने बच्चों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। देश में शुक्रवार रात तक संक्रमण के 16,055 नए मामले सामने आ चुके थे और 25 संक्रमितों की मौत हो चुकी थी। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेबल डीसीज (एनआईसीडी) की डॉ वसीला जसत ने कहा, ''हमने देखा कि पहले बच्चे कोविड महामारी से इतने प्रभावित नहीं हुए, बच्चों को अस्पतालों में भर्ती करने की जरूरत भी ज्यादातर नहीं पड़ी।'' उन्होंने कहा, ''महामारी की तीसरी लहर में पांच साल से कम उम्र के अधिक बच्चे अस्पताल में भर्ती करवाए गए, 15 से 19 वर्ष की आयु के किशोरों को भी अस्पतालों में भर्ती करवाना पड़ा।''जसत ने कहा, ''अब चौथी लहर की शुरुआत में सभी आयुवर्गों में मामले तेजी से बढ़े हैं लेकिन पांच साल से कम उम्र के बच्चों में विशेष तौर पर मामले बढ़े।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, संक्रमण के मामले अब भी बच्चों में ही सबसे कम हैं। सर्वाधिक मामले 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में हैं और उसके बाद सबसे अधिक मामले पांच साल से कम उम्र के बच्चों में हैं। पांच से कम उम्र के बच्चों को अस्पतालों में भर्ती करने के मामले बढ़े हैं जबकि पहले ऐसा नहीं था।''एनआईसीडी के डॉ माइकल ग्रूम ने कहा, ''मामले बढ़ने को लेकर तैयारी के महत्व पर विशेष जोर की जरूरत है जिसमें बच्चों के लिए बिस्तर और कर्मचारियों को बढ़ाया जाए।'' स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के नौ प्रांतों में से सात में संक्रमण के मामले और संक्रमण की दर बढ़ रही है।

### ईशनिंदा' को लेकर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भीड़ ने श्रीलंका के नागरिक की पीट-पीटकर हत्या की

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भीड़ ने शुक्रवार को श्रीलंका के एक नागरिक की कथित तौर पर ईशनिंदा के आरोप में पीट-पीटकर हत्या कर दी और फिर उसके शव को जला दिया। पंजाब पुलिस के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यहां से करीब सौ किलोमीटर दूर सियालकोट जिले की एक कपड़ा फैक्टरी में प्रियंता कुमारा महाप्रबंधक के तौर पर काम करते थे। अधिकारी ने बताया, ''कुमारा ने कट्टरपंथी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के एक पोस्टर को कथित तौर पर फाड़ दिया था जिसमें कुरान की आयतें लिखी थीं और फिर उसे कचरे के डिब्बे में फेंक दिया। इस्लामी पार्टी का पोस्टर कुमारा के कार्यालय के पास की दीवार पर चिपकाया गया था। फैक्टरी के कुछ कर्मियों ने उन्हें पोस्टर हटाते हुए देखा और फैक्टरी में यह बात बताई।'' ''ईशनिंदा'' की घटना को लेकर आसपास के सैकड़ों लोग फैक्टरी के बाहर इकट्ठा होने लगे। उनमें से अधिकतर टीएलपी के कार्यकर्ता एवं समर्थक थे। अधिकारी ने बताया, ''भीड़ ने संदिग्ध (श्रीलंकाई नागरिक) को फैक्टरी से बाहर खींचा और उससे बुरी तरह मारपीट की। मारपीट के बाद जब उसकी मौत हो गई तो भीड़ ने पुलिस के पहुंचने से पहले उसके शव को जला दिया।'' सोशल मीडिया पर कई वीडियो जारी हुए जिसमें दिख रहा है कि श्रीलंकाई नागरिक के शव को घेरे सैकड़ों लोग खड़े हैं। वे टीएलपी के समर्थन में नारे लगा रहे थे। इमरान खान की सरकार ने हाल में टीएलपी के साथ गुप्त समझौता करने के बाद इस कट्टरपंथी संगठन से प्रतिबंध हटा लिया था। समझौते के बाद संगठन के प्रमुख साद रिजवी और 1500 से अधिक कार्यकर्ताओं को जेल से रिहा कर दिया गया जो आतंकवाद के आरोपों में बंद थे। शुक्रवार देर शाम, पंजाब पुलिस ने कहा कि उन्होंने वीडियो फुटेज के जरिये 100 संदिग्धों की पहचान करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राव सरदार अली खान ने एक बयान में कहा, '' हमने श्रीलंकाई नागरिक की हत्या में कथित रूप से शामिल 100 संदिग्धों को आतंकवाद और अन्य आरोपों के तहत गिरफ्तार किया है।'' उन्होंने कहा, '' और गिरफ्तारियां की जा रही हैं और इस घटना में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।'' सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री फारुख हबीब ने एक ट्वीट में कहा, ''हम जांच कर रहे हैं। फरहान इदरीस नाम के मुख्य अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 100 अन्य हिरासत में हैं।'' इस घटना की सभी वर्गों ने व्यापक निंदा की है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक ट्वीट में कहा, सियालकोट में एक फैक्टरी पर भीषण हमला और श्रीलंकाई प्रबंधक को जिंदा जलाना पाकिस्तान के लिए शर्म का दिन है। मैं जांच की निगरानी कर रहा हूं और सभी जिम्मेदार लोगों को कानून के तहत सख्त सज़ा दी जाएगी। गिरफ्तारियां जारी हैं। इस बीच, पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने ट्वीट किया, ''सियालकोट की घटना निश्चित रूप से बहुत दुखद और शर्मनाक है, और किसी भी तरह से धार्मिक नहीं है।''कोलंबो में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुगेश्वर गुणरत्ने ने बताया कि इस्लामाबाद में उनका दूतावास पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ घटना के विवरण की पुष्टि कर रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका को उम्मीद है कि पाकिस्तान के अधिकारी जांच और न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। धार्मिक सौहार्द पर प्रधानमंत्री खान के विशेष प्रतिनिधि मौलाना ताहिर अशरफी ने कहा कि ईशनिंदा के आरोप में फैक्टरी प्रबंधक की हत्या ''दुखद'' एवं ''निंदनीय'' है। अशरफी ने कहा, ''सियालकोट में जिन लोगों ने श्रीलंकाई प्रबंधक की हत्या की उन्होंने गैर इस्लामी, अमानवीय कृत्य किया है।'' घटना की निंदा करते हुए वैश्विक मानवाधिकार निगरानी संस्था एम्नेस्टी इंटरनेशनल ने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### इमरान खान के इस ट्वीट के बाद उड़ा मजाक,विदेश कार्यालय ने कहा 'हैक' हुआ


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा कि सर्बिया में उसके दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट को ''हैक'' कर लिया गया। इससे कुछ घंटे पहले, दूतावास के आधिकारिक ट्विटर हैंडल द्वारा रिकॉर्ड तोड़ महंगाई और पिछले तीन महीनों से वेतन का कथित रूप से भुगतान नहीं होने पर इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की गई थी। सर्बिया में पाकिस्तान दूतावास के सत्यापित अकाउंट से ट्वीट किया गया, ''महंगाई सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। इमरान खान आप कब तक यह उम्मीद करते हैं कि हम सरकारी अधिकारी तीन महीने से बिना वेतन के चुपचाप काम करते रहें। शुल्क भुगतान नहीं होने के कारण हमारे बच्चे स्कूल छोड़ने के लिए मजबूर हुए हैं। यही नया पाकिस्तान है?'' इस ट्वीट में एक मजाकिया गाना भी था जिसमें खान के बयान पर तंज कस गया कि ''घबराना नहीं है।''एक ट्वीट में दूतावास ने कहा, ''माफ कीजिए इमरान खान हमारे पास और कोई विकल्प नहीं बचा है।'' ट्वीट वायरल होने के बाद विदेश कार्यालय ने ट्विटर पर एक बयान जारी कर कहा कि दूतावास का सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो गया।

# गणतंत्र बना बारबाडोस, 400 साल बाद ब्रिटिश शासन से हुआ मुक्त

## सांद्रा मसोन बनीं पहली राष्ट्रपति

एजेंसी

कैरेबियाई देश बारबाडोस अब ब्रिटिश शासन से मुक्त हो गया है। अब वह नया गणतंत्र देश बन गया है। सोमवार की देर रात ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को अपने राष्ट्र के प्रमुख के रूप में त्याग दिया और खुद को एक नया गणतंत्र घोषित किया। हालांकि, बारबाडोस अब भी 54 कॉमनवेल्थ देशों में गिना जाएगा लेकिन यहां ब्रिटेन की महारानी का शासन नहीं होगा। गणतंत्र मिलने के साथ ही बारबाडोस की जनता आधी रात को सड़कों पर आ गई और आजादी का जश्न मनाने लगी। देश में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई गई। सांद्रा मसोन को देश की पहली राष्ट्रपति बनाया गया। बारबाडोस के एक गणतंत्र में तब्दील होने के अवसर पर आयोजित समारोह की शुरुआत सोमवार देर रात में हुई जिसमें ब्रिटेन के राजकुमार चार्ल्स सहित कई नेताओं और गणमान्य



**सांद्रा मसोन को देश की पहली राष्ट्रपति बनाया गया। बारबाडोस के एक गणतंत्र में तब्दील होने के अवसर पर आयोजित समारोह की शुरुआत सोमवार देर रात में हुई जिसमें ब्रिटेन के राजकुमार चार्ल्स सहित कई नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया**

व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। वर्तमान में देखें तो ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय 15 देशों के राष्ट्राध्यक्ष इनमें यूनाइटेड किंगडम के अलावा ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जमैका जैसे देश शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर बारबाडोस ने महारानी को राष्ट्राध्यक्ष के पद से हटाकर एक नई शुरुआत की है। बारबाडोस ने खुद को गुलामी के दर्दनाक यातनाओं और जंजीरों से आजाद कर एक नए गणतंत्र के रूप में स्थापित करने का नया संकल्प लिया है। उसके इस संकल्प की सबसे बड़ी ताकत वहां की जनता है जो खुद के लिए नया रास्ता बनाने को उत्साहित है। आजादी के ऐलान के बाद देश अपने परंपरागत नृत्य और संगीत में डूब गया। लोगों में जबरदस्त तरीके का उत्साह था। लोग एक दूसरे को बधाई संदेश देने लगे। गणराज्य बनने के साथ ही राजधानी हीरोज स्क्वायर पर राष्ट्रगान बजाया गया और 21 तोपों की सलामी दी गई। इस समारोह का आयोजन उस लोकप्रिय चौक पर हुआ जहां पिछले साल एक ब्रिटिश लॉर्ड की प्रतिमा हटायी गई थी। इस अवसर पर रात में जमकर आतिशबाजी की गई। पूरे द्वीप में स्क्रीन लगाई गई थी ताकि लोग उस घटना को देख सकें जिसमें कई कलाकारों के साथ एक ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। इसे ऑनलाइन भी प्रसारित किया गया, जिससे अमेरिका, कनाडा और उसके बाहर रहने वाले बोरबाडोस के नागरिकों ने उत्साह में संदेश पोस्ट किये। एक दर्शक ने लिखा, ''सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं।'' गणतंत्र बनने का अभियान दो दशक से भी अधिक समय पहले शुरू हुआ था।

# स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं मेगदालेना एंडरसन

## मंत्रिमंडल में शामिल नामों की घोषणा की

**स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडल में शामिल नामों की घोषणा की। सोशल डेमोक्रेट पार्टी की नेता एंडरसन को प्रधानमंत्री चुने जाने के कुछ घंटों बाद ही संसद में बजट प्रस्ताव गिरने परपिछले सप्ताह पद से इस्तीफादेना पड़ा था।**

एजेंसी



कोपनहेगन। स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री मेगदालेना एंडरसन ने मंगलवार को स्टॉकहोम के शाही महल में पद की शपथ ली। साथ ही अपने मंत्रिमंडल में शामिल नामों की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री बनने से पहले देश की वित्त मंत्री रहीं एंडरसन ने माइकल डैमबर्ग को वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है। पूर्व में डैमबर्ग गृह मंत्री रह चुके हैं। ऐन लिंडे को विदेश मंत्री जबकि पीटर हल्टक्विस्ट को रक्षा मंत्री बनाया गया है। सोशल डेमोक्रेट पार्टी की नेता एंडरसन को प्रधानमंत्री चुने जाने के कुछ घंटों बाद ही संसद में बजट प्रस्ताव गिरने परपिछले सप्ताह पद से इस्तीफादेना पड़ा था। सोमवार को एक बार फिर से उन्हें सरकार का प्रमुख चुन लिया गया था। एंडरसन सप्ताह भर के भीतर एक बार फिर प्रधानमंत्री बनीं। हालांकि, उन्होंने एक पार्टी की अल्पमत वाली सरकार बनायी है। पिछले सप्ताह बुधवार को स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गईं एंडरसन इस पद पर केवल सात घंटे ही रह सकीं थीं और उनके सहयोगी दल 'ग्रीन्स' ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया था।

# जी-20 सम्मेलन में चला मोदी का जादू, दुनिया मे बजा भारत का डंका

एजेंसी

जी-20 के सत्र में बोलते हुए पीएम मोदी ने कोरोना महामारी के खिलाफ भारत की लड़ाई पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने महामारी से जंग के लिए वन अर्थ-वन हेल्थ का मंत्र भी दिया। पीएम मोदी ने G-20 देशों को भारत के आर्थिक सुधार और सप्लाई चेन डायवर्सिफिकेशन में अपना भागीदार बनाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने इस तथ्य को भी सामने रखा कि महामारी की चुनौतियों के बावजूद, भारत विश्वसनीय सप्लाई चेन के संदर्भ में एक विश्वसनीय भागीदार बना रहा।

जी-20 समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अलग ही अंदाज में नजर आए। सम्मेलन में दुनिया भर से कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और प्रतिनिधि आये हैं। दुनिया भर के नेता पीएम मोदी से मिलना चाहता है। सम्मेलन में दुनिया के ज्यादतर ताकतवर देशों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किस तरह के रिश्ते हैं इसकी बानगी भी सम्मेलन में दिखी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री के कंधे पर मित्रवत हाथ रखा वहीं फ्रांस के प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों पीएम मोदी के गले मीले। रिश्तों की गर्मजोशी पीएम नरेंद्र मोदी के ट्वीट में भी दिखी पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, रोम में



**सम्मेलन में दुनिया भर से कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और प्रतिनिधि आये हैं। दुनिया भर के नेता पीएम मोदी से मिलना चाहता है। सम्मेलन में दुनिया के ज्यादतर ताकतवर देशों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किस तरह के रिश्ते हैं इसकी बानगी भी सम्मेलन में दिखी।**

अपने दोस्त, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और दोनों देशों के बीच संबंधों को बढ़ाने के इर्द-गिर्द रही।

**पोप फ्रांसिस ने मोदी के निमंत्रण किया स्वीकार**

प्रधानमंत्री मोदी वैटिकन में पोप फ्रांसिस से भी मिले और उनको भारत आने का निमंत्रण भी दिया। पीएम मोदी के न्योते को पोप ने स्वीकार कर लिया है। पोप जल्द ही भारत आएंगे।

**मोदी ने कोरोना के खिलाफ जंग में दिया वन अर्थ-वन हेल्थ का मंत्र**

जी-20 के सत्र में बोलते हुए पीएम मोदी ने कोरोना महामारी के खिलाफ भारत की लड़ाई पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने महामारी से जंग के लिए वन अर्थ-वन हेल्थ का मंत्र भी दिया। पीएम मोदी ने G-20 देशों को भारत के आर्थिक सुधार और सप्लाई चेन डायवर्सिफिकेशन में अपना भागीदार बनाने के लिए आमंत्रित किया।उन्होंने इस तथ्य को भी सामने रखा कि महामारी की चुनौतियों के बावजूद, भारत विश्वसनीय सप्लाई चेन के संदर्भ में एक विश्वसनीय भागीदार बना रहा।

# दक्षिण अफ्रीका में कोरोना का कहर, दो मंत्री कोविड पॉजिटिव

**दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस से संक्रमित दो मंत्री पृथक-वास में गए।मंत्री के कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''मंत्री तत्काल पृथक-वास में चली गई हैं और घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। वह घर से ही बिना किसी व्यवधान के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं**

एजेंसी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के कैबिनेट में दो वरिष्ठ मंत्री कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद पृथक-वास में हैं। देश में संक्रमितों की संख्या सोमवार को 2,273 थी जो मंगलवार को बढ़कर 4373 हो गई है। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामले सामने आने के बीच सामाजिक विकास मंत्री लिनडीव जुलु भी संक्रमित पाई गई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वायरस के इस स्वरूप को ''चिंताजनक'' बताया है। मंत्री के कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''मंत्री तत्काल पृथक-वास में चली गई हैं और घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं।

वह घर से ही बिना किसी व्यवधान के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं। जुलु ने कहा, ''यह सब गले में खराश के साथ शुरू हुआ और मुझे संक्रमण का संदेह नहीं था, लेकिन जब यह बना रहा तो मैंने कल कोविड-19 जांच कराई और आज सुबह जांच के नतीजे आ गए। मैं अच्छा महसूस कर रही हूं और मैं इसका श्रेय इस तथ्य को दे सकती हूं कि वायरस पर टीके का असर दिखा।'' गृह मंत्री आरोन मोत्सोलेडी भी संक्रमित पाए गए हैं और वह भी पृथक-वास में हैं। मंत्री मोंडली गुंगुबेले ने एक बयान में कहा कि गृह मंत्री का स्वास्थ्य बेहतर है और वह पृथक-वास में हैं। जुलु ने टीका नहीं लगवाने वाले लोगों से दक्षिण अफ्रीका में तीन से पांच दिसंबर तक चलने वाले वूमा टीकाकरण सप्ताहांत अभियान का लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, ''जैसा कि राष्ट्रपति रामफोसा ने जोर दे कर कहा है, टीकाकरण हमारे पास सबसे शक्तिशाली 'टूल' है और चौथी लहर के आने से पहले टीके की खुराक लेने में अब भी देर नहीं हुई है।'' वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के सामने आने के बाद अधिकारियों को टीकाकरण अभियान में भीड़ जुटने की संभावना है और उम्मीद है कि ओमीक्रोन को लेकर पिछले कुछ हफ्तों से मीडिया में प्रचार बढ़ने के बाद टीका लेने से झिझक रहे लोग टीके की खुराक ले सकते हैं।

### आस्था व धर्म की स्वतंत्रता पर वैश्विक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने धर्म या आस्था की स्वतंत्रता (एफओआरबी) को बढ़ावा देने के लिए जुलाई 2022 में लंदन में एक वैश्विक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की घोषणा की है ताकि उत्पीड़न से निपटने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को बढ़ावा मिल सके। विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने मंगलवार को कहा कि पांच और छह जुलाई को दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के विभिन्न धार्मिक और गैर-धार्मिक समुदायों के बीच सम्मान को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा दिया जाएगा। इस आयोजन का मकसद अंतरराष्ट्रीय सरकारों और पंथ नेताओं को एक साथ लाना है।

## सुर्खियां

**बनाई जाएगी Eco-Friendly प्लास्टिक**

# स्पर्म से धरती में बढ़ रहा प्रदूषण हो जाएगा खत्म

एजेंसी

प्लास्टिक से प्रदूषण का स्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। इसी को देखते हुए साइंसटिस्ट ने स्पर्म के जरिए धरती को बचाने का तरीका खोज निकाला है। एक खबर के मुताबिक, स्पर्म से धरती में बढ़ रहा प्लास्टिक का प्रदूषण खत्म हो सकता हैं।

धरती पर जीवों की उत्पत्ति स्पर्म और अंडे के मिक्षण से हुई है। इंसान की उत्पत्ति भी ऐसे ही मिक्षण से हुई है और बेहद अच्छी जिंदगी जी रहे इंसान अपने स्वार्थ में ऐसी कई चीजों का निर्माण कर चुका है जिससे समुद्र और पर्यावरण में बहुत ज्यादा असर पड़ रहा है। इंसान ने प्लास्टिक का निर्माण किया जिसके इस्तेमाल से धरती का काफी नुकसान होता जा रहा है। इस प्लास्टिक से प्रदूषण का स्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। इसी को देखते हुए साइंसटिस्ट ने स्पर्म के जरिए धरती को बचाने का तरीका खोज निकाला है। एक खबर के मुताबिक, स्पर्म से धरती में बढ़ रहा प्लास्टिक का प्रदूषण खत्म हो सकता



हैं। हैरानी की बात यह है कि, जिस जिव के स्पर्म से यह प्रदूषण खत्म होगा वह धरती से विलुप्त होते जा रहे है। इसकी खोज चीन के वैज्ञानिकों ने की है और इनके मुताबिक साफ पानी में मिलने वाली सैल्मन मछली के स्पर्म से एक ऐसी चीज बनाई गई है जो प्लास्टिक की जगह ले सकती है। यह बिल्कुल प्लास्टिक की तरह मजबूत , लचीली होगी। बता दें कि यह बायोडिग्रेडेबल होगा जिससे प्लास्टिक की तरह गलने में समय नहीं लेगा। यह जल्दी से गलने वाली होगी और इससे धरती को नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। प्लास्टिक में जैसा रसायन होता है यह सैल्मन मछली के स्पर्म से तैयार की गई वाली चीज में नहीं होगा। बता दें कि चीन के वैज्ञानिकों ने सैल्मन मछली के स्पर्म और सब्जियों के तेल से मिलने वाले रसायन से पदार्थ तैयार किया गया है जो काफी नर्म, गद्देदार और प्लास्टिक की तरह मजबूत भी है। इस पदार्थ को वैज्ञानिकों ने हाइड्रोजेल नाम दिया गया है। इस पदार्थ को किसी भी आकार में ढाला जा सकता है। चीन के रिसर्चर ने इस हाइड्रोजेल (Hydrogel) से कप और डीएनए का ढांचा तक तैयार कर दिया है। यह एक इको-फ्रेंडली प्लास्टिक है। बता दें कि साल 2015 का एक स्टडी के मुताबिक दुनिया में इस समय 50 बिलियन टन यानी 50,000,000,000,000 किलोग्राम DNA मौजूद हैं। जरा सोचिए अगर दुनिया में इतने डीएनए मौजुद है तो प्लास्टिक का विकल्प तैयार किया जा सकता है जो धरती को बिल्कुल भी नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

# अंतराष्ट्रीय बिजनेस स्कूलों में आवेदन के मामले में चीन को पछाड़ भारत बना नंबर 1

एजेंसी

चाहे वो फुल टाइम कोर्स हो या पार्ट टाइम भारतीय द्वारा भेजे गए अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों की सूची में सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय आवेदकों की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि के साथ चीन को पछाड़ दिया, जबकि इस दौरान ड्रैगन के देश में आवदनों में काफी कमी भी देखने को मिली। भारत ने अंतराष्ट्रीय बिजनेस स्कूलों में आवेदन के मामले में चीन को पछाड़ दिया। इस साल भारतीयों द्वारा फुल टाइम एमबीए कार्यक्रमों के लिए अंतरराष्ट्रीय बिजनेस स्कूलों में सबसे बड़ी संख्या में आवेदन भेजे गए हैं। जबकि चीन ने पिछले साल इस मामले में बढ़त बनाते हुए नंबर एक स्थान हासिल किया था। लेकिन अब बारी भारत की थी और पिछले वर्ष की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय आवेदकों की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि के साथ चीन को पछाड़ दिया, जबकि इस दौरान ड्रैगन के देश में आवदनों में काफी कमी भी देखने को मिली। रिपोर्ट के अनुसार चाहे वो फुल टाइम कोर्स हो या पार्ट टाइम भारतीय द्वारा भेजे गए अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों की सूची में सबसे ज्यादा है। ग्रेजुएट बिजनेस स्कूलों के वैश्विक संघ, ग्रेजुएट मैनेजमेंट एडमिशन काउंसिल ने बुधवार को अपना वार्षिक 2021 एप्लीकेशन ट्रेंड सर्वे जारी किया। लगभग 1,000 एमबीए और बिजनेस मास्टर कार्यक्रमों के सर्वेक्षण में पाया गया कि 2021 में स्नातक बिजनेस स्कूल कार्यक्रमों के लिए आवेदनों की मात्रा पिछले वर्ष की तुलना में 0.4% बढ़ी है। जब दुनिया भर में बिजनेस स्कूलों ने असामान्य रूप से देखा वहीं भारत ने 2020 में कोविड महामारी के आगमन के बाद से बढ़ी हुई मांग को बनाए रखा है। जीएमएसी के सीईओ संगीत चौफला का कहना है कि उम्मीदवारों ने कोविड-प्रेरित मंदी के दौरान वैकल्पिक कैरियर विकल्पों की तलाश की और बिजनेस स्कूलों ने अधिक लचीली प्रवेश नीतियां पेश कीं, जिसके परिणामस्वरूप पिछले साल आवेदन की मात्रा बढ़ गई। 2020 की तुलना में जीएमई कार्यक्रमों के लिए आवेदनों की सामान्य थी। लेकिन अंतरराष्ट्रीय उम्मीदवारों से आवेदन की मात्रा में वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तन ने घरेलू उम्मीदवारों से 3.8% की गिरावट की तुलना में 4.1% की वृद्धि दिखाई।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार की श्रेयसी सिंह का शानदार प्रदर्शन, लगातार दूसरे वर्ष बनी महिला ट्रैप राष्ट्रीय चैंपियन



**पटियाला।** बिहार की श्रेयसी सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां 64वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी (शॉटगन) चैंपियनशिप में महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा का खिताब जीता। श्रेयसी ने इस स्पर्धा में लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती। यह उनका कुल पांचवां व्यक्तिगत राष्ट्रीय खिताब और महिला ट्रैप में दूसरा खिताब है। राष्ट्रमंडल खेलों की मौजूदा चैंपियन श्रेयसी ने फाइनल में 34 अंक बनाये तथा वह मध्यप्रदेश की प्रगति दुबे (31) और ओएनजीसी की शगुन चौधरी (27) से आगे रही। महिलाओं के जूनियर ट्रैप में दिल्ली की आद्या त्रिपाठी ने फाइनल में 38 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की ही दिव्या सिंह (36) दूसरे और भव्या त्रिपाठी (28) तीसरे स्थान पर रही।

### विजय हजारे ट्रॉफी में बंगाल की अगुआई करेंगे सुदीप चटर्जी, कर्नाटक के खिलाफ होगा मुकाबला

**कोलकाता।** सुदीप चटर्जी आठ दिसंबर से शुरू हो रहे विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बुधवार को बंगाल के कप्तान बनाए गए। चटर्जी की अगुआई वाली बंगाल की टीम को इस महीने सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ सुपर ओवर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। बंगाल को एलीट ग्रुप बी में गत चैंपियन मुंबई, बड़ौदा, तमिलनाडु, कर्नाटक और पुडुचेरी के साथ रखा गया है। टीम इस प्रकार है: सुदीप चटर्जी (कप्तान), श्रीवत्स गोस्वामी, अभिषेक दास, अनुस्तुप मजूमदार, सुमंत गुप्ता, रित्विक रॉय चौधरी, रंजोत सिंह खैरा, सुवनकर बल, कैफ अहमद, प्रदीप्त प्रमाणिक, रितिक चटर्जी, शाहबाज अहमद, करण लाल, सुजीत कुमार यादव, मुकेश कुमार , आकाश दीप, गीत पुरी, मोहम्मद कैफ, सायन शेखर मंडल और सायन घोष।

### अंजू बॉबी जॉर्ज को मिला वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला का पुरस्कार



**मोनाको।** भारत की महान एथलीट अंजू बॉकी जॉर्ज को विश्व एथलेटिक्स ने देश में प्रतिभाओं को तराशने और लैंगिक समानता की पैरवी के लिये वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला का पुरस्कार दिया है। विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय अंजू (पेरिस 2003) को बुधवार की रात सालाना पुरस्कारों के दौरान इस सम्मान के लिये चुना गया। विश्व एथलेटिक्स ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' पूर्व अंतरराष्ट्रीय लंबी कूद खिलाड़ी भारत की अंजू बॉबी जॉर्ज अभी भी खेल से जुड़ी है। उसने 2016 में युवा लड़कियों के लिये प्रशिक्षण अकादमी खोली जिससे विश्व अंडर 20 पदक विजेता निकली है।'' इसमें कहा गया ,'' भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की सीनियर उपाध्यक्ष होने के नाते वह लगातार लैंगिक समानता की वकालत करती आई हैं। वह खेल में भविष्य में नेतृत्व के लिये भी स्कूली लड़कियों का मार्गदर्शन कर रही हैं।''अंजू ने कहा कि वह यह सम्मान पाकर गौरवान्वित और अभिभूत हैं। उन्होंने ट्वीट किया ,'' सुबह उठकर खेल के लिये कुछ करने से बेहतर अहसास कुछ नहीं है।मेरे प्रयासों को सराहने के लिये धन्यवाद।' विश्व एथलेटिक्स ने कहा कि भारत में खेलों को बढावा देने के लिये उनके प्रयासों और अधिक महिलाओं को उनका अनुसरण करने के लिये प्रेरित करने की वजह से वह खिताब की प्रबल दावेदार रहीं। अंजू ने विश्व एथलेटिक्स द्वारा ट्विटर पर डाले गए वीडियो में कहा ,'' मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि इस साल सर्वश्रेष्ठ महिला का पुरस्कार मुझे मिला है। एक खिलाड़ी के तौर पर सफर कठिन रहा लेकिन मेरा मानना है कि मैं वहां तक पहुंच सकी, जिसकी हकदार थी। अब खेल को कुछ देने की मेरी बारी है।''उन्होंने कहा ,'' भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की उपाध्यक्ष होने के नाते और अपनी अकादमी अंजू बॉकी जॉर्ज फाउंडेशन से मैं 13 महिला खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रही हूं जो तीन साल के भीतर विश्व स्तर पर अपना सफर शुरू करने के लिये तैयार हैं।'' उन्होंने कहा ,'' मैं अपने समर्थकों, साथी खिलाड़ियों, कोचों, परिवार, महासंघ और मेरे सफर में साथ खड़े रहे हर व्यक्ति को धन्यवाद देना चाहती हूं।'' केरल की रहने वाली अंजू ने आईएएएफ विश्व चैम्पियनशिप पेरिस में 2003 में कांस्य पदक जीता और 2005 में मोनाको में आईएएएफ विश्व एथलेटिक्स फाइनल्स में स्वर्ण पदक विजेता रही।

## चीन के खिलाफ लिया गया बड़ा फैसला

# डब्ल्यूटीए ने सभी टेनिस टूर्नामेंट सस्पेंड किए



एजेंसी

चीन की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी पेंग शुआई की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) ने चीन के खिलाफ एक बड़ा फैसला सुना दिया है। कई खिलाड़ियों की सुरक्षा की चिंता को देखते हुए संघ ने चीन में होने वाले सभी टूर्नामेंटों को तत्काल स्थगित कर दिया है। इस फैसले का टेनिस जगत की कई प्रमुख हस्तियों ने सराहना की है। इस फैसले के बाद WTA को स्पॉन्सरशिप और ब्रॉडकास्टिंग के लिए सैकड़ों मिलियन डॉलर खर्च करने पड़ सकते है। उल्लेखनीय है कि, नवंबर की शुरूआत में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करने के लगभग तीन हफ्ते बाद टेनिस खिलाड़ी पेंग शुआई सार्वजनिक तौर पर नजर आई थी। इस दौरान उनके लापता होने की खबर अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय बन गया था। बता दें कि, टेनिस खिलाड़ी पेंग ने चीन के पूर्व उप-प्रधानमंत्री झांग गाओली पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और कहा था कि वह उन्हें यौन संबंध बनाने के लिए उकसा रहे है। उन्होंने यह आरोप चीन के सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था जिसके बाद चीनी सरकार की तरफ से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आई थी बल्कि उसके अगले ही दिन इस विषय से संबधित सभी न्यूज और पोस्ट डीलिट कर दिए गए थे और इस पर कोई भी चर्चा करने पर रोक लगा दी गई। डब्ल्यूटीए के मुख्य कार्यकारी स्टीव साइमन ने एक बयान में कहा कि, मैं अपने एथलीटों को चीन में प्रतिस्पर्धा करने नहीं भेज सकता हूं क्योंकि जब पेंग शुआई को स्वतंत्र रूप से संवाद करने की अनुमति नहीं है। उसपर यौन उत्पीड़न के आरोप का खंडन करने के लिए दबाव डाला गया है। मैं उन जोखिमों से चिंतित हूं और ऐसे में हमारे खिलाड़ियो और स्टाफ को भी इसका सामना करना पड़ सकता है अगर हम साल 2022 में चीन में टूर्नामेंट आयोजित करते हैं तो।

वहीं चीन के विदेश मंत्रालय की तरफ से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं आई है। मंत्रालय ने पिछले महीने के अंत में साफ कहा था कि कुछ लोग पेंग के मुद्दे से दुर्भावनापूर्ण प्रचार और राजनीतिकरण कर रहे है। WTA ने यह फैसला तब लिया है जब चीन अगले साल फरवरी में ओलपिंक की मेजबानी करने की तैयारी में जुटा हुआ है। विश्व अधिकार समूहों और अन्य ने तीन के मानवाधिकार रिकॉर्ड को लेकर बिजिंग ओलंपिक के बहिष्कार का आह्वान किया है। आपको बता दें कि, पेंग नवंबर में अपने दोस्तों के साथ डिनर और बिजिंग में बच्चों के टेनिस टूर्नामेंट मे सार्वजनि तौर पर पहला बार नजर आई थी। चीनी राज्य मीडिया द्वारा पेंग की तस्वीरें और वीडियो और टूर्नामेंट की भी तस्वीरें दिखाया गया था।

इसके अलावा 21 नवंबर को आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने पेंग के साथ 30 मिनट की वीडियो कॉल की थी, उसमें खिलाड़ी ने साफ कहा था कि वह सुरक्षित है। लेकिन साइमन उस वीडियो कॉल से बिल्कुल भी आश्वस्त नहीं हुए थे क्योंकि उन्हें लग रहा था कि पेंग के साथ सब ठीक नहीं है। उन्होंने संदेह जताते हुए कहा था कि, पेंग बिल्कुल भी स्वतंत्र नहीं है और उन्हें सेंसरशिप , जबरदस्ती और धमकी के अंदर रखा गया है। बता दें कि WTA के इस बड़े फैसले का कई दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने तारीफ की है। महान टेनिस खिलाड़ी और डब्ल्यूटीए के संस्थापक बिली जीन किंग ने इस घोषणा की सराहना की और कहा कि, डब्ल्यूटीए ने हमारे खिलाड़ियों के अधिकारों की रक्षा की है। वहीं मार्टिना नवरातिलोवा ने भी इस फैसले का समर्थन किया।

दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने भी इस कदम का समर्थन किया। मैड्रिड में डेविस कप मुकाबले के बाद सर्बियाई ने कहा, ₹मैं पूरी तरह से डब्ल्यूटीए के रुख का समर्थन करता हूं क्योंकि हमारे पास शुआई पेंग और उनकी भलाई के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है।₹यह एक टेनिस खिलाड़ी का जीवन है जो यहां सवालों के घेरे में है, इसलिए हमें, टेनिस समुदाय के रूप में, एक साथ खड़े होने की जरूरत है।

# सिंधु के हाथ से फिर फिसला खिताब, ओलिंपिक्स में ब्रॉन्ज जीतने के बाद से सूखा जारी



एजेंसी

इससे पहले जापान की अकाने यामागुची को कठिन मुकाबले में हराकर सिंधु ने फाइनल में जगह बनाई थी। मौजूदा विश्व चैम्पियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने यह रोमांचक मुकाबला 21.15, 15.21, 21.19 से जीता था।

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में हार का सामना करना पड़ा है। हार के साथ ही सिंधु फिर से फाइनल में आकर इस खिताब को जीतने से चूक गईं। खिताबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया की एन सेयंग ने सिंधु को 21-16, 21-12 से हरा दिया। उन्होंने 39 मिनट तक चले मैच में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। आपको बता दें कि इसी साल सिंधु ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीता था। हालांकि इसके बाद से सिंधु अब तक कोई भी खिताब अपने नाम नहीं कर सकी। इससे पहले जापान की अकाने यामागुची को कठिन मुकाबले में हराकर सिंधु ने फाइनल में जगह बनाई थी। मौजूदा विश्व चैम्पियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने यह रोमांचक मुकाबला 21.15, 15.21, 21.19 से जीता था। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद फ्रेंच ओपन, इंडोनेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंची। वह मार्च में स्विस ओपन फाइनल हार गई थी। वह मार्च में स्विस ओपन में उप विजेता रही थीं। सियोंग ने इससे पहले इंडोनेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया ओपन के खिताब जीते थे। उन्होंने अक्टूबर में डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी सिंधू को हराया था।

# मनु भाकर ने जीता 64वां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप

एजेंसी

ईशा ने जूनियर और युवा वर्ग में स्वर्ण हासिल किया लेकिन सीनियर वर्ग के मुकाबले में वह पिछड़ गयी। भाकर ने क्वालीफाइंग में 576 के स्कोर से पांचवें स्थान के साथ फाइनल में क्वालीफाई किया था। फाइनल के लिए आठ निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया था जिसमें ईशा 582 अंक के साथ शीर्ष पर रही थी। हरियाणा की मनु भाकर ने शनिवार को यहां चल रही 64वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में लगातार दूसरी बार 241.6 का स्कोर करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल चैंपियन का ताज अपने नाम किया। भाकर की टूर्नामेंट के पिछले चार सत्र में यह तीसरी जीत है। वह इस दौरान इसके 62वें सत्र में ईशा सिंह से हारी थी। प्रतियोगिता में ईशा ने कांस्य पदक जीता जबकि तमिलनाडु की श्री निवेथा ने इसका रजत पदक जीता। ईशा ने जूनियर और युवा वर्ग में स्वर्ण हासिल किया लेकिन सीनियर वर्ग के मुकाबले में वह पिछड़ गयी। भाकर ने क्वालीफाइंग में 576 के स्कोर से पांचवें स्थान के साथ फाइनल में क्वालीफाई किया था। फाइनल के लिए आठ निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया था जिसमें ईशा 582 अंक के साथ शीर्ष पर रही थी। फाइनल में भाकर ने शुरुआत में बढ़त बना ली जो आखिर तक कायम रही।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने आर्सेनल को 3-2 से दी शिकस्त, रोनाल्डो ने 800 गोल के आंकड़े को किया पार



एजेंसी

**लंदन।** पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर युनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में गुरुवार को आर्सेनल पर 3-2 की रोमांचक जीत दर्ज की। रोनाल्डो ने इस दौरान शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं में अपने 800 गोल पूरे किये। रोनाल्डो ने मैच के 52वें मिनट में गोल कर क्लब और देश के लिए मिलाकर 800 गोल के आंकड़े को पूरा किया। उन्होंने इसके बाद 70वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले एमिल स्मिथ ने 14वें और मार्टिन ओडेगार्ड ने 54वें मिनट में आर्सेनल के लिए जबकि ब्रुनो फर्नांडेस ने 44वें मिनट में मैनचेस्टर युनाइटेड के लिए गोल किया था। मैनचेस्टर की टीम ने जर्मनी के दिग्गज कोच राल्फ रेंगनिक के आधिकारिक तौर पर कार्यभार संभालने से पहले यह जीत दर्ज की। पिछले महीने 21 तारीख को ओले गुनार सोल्सकर को बर्खास्त किए जाने के बाद पूर्व खिलाड़ी माइकल केरिक मैनचेस्टर युनाईटेड के प्रभारी की भूमिका निभा रहे थे। केरिक ने प्रभारी रहते टीम ने तीन मैच खेले लेकिन उसे किसी में भी हार का सामना नहीं करना पड़ा।

# चैंपियन भारत ने बेल्जियम को 1-0 से हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश, अगला मुकाबला जर्मनी से

एजेंसी

भारतीय टीम ने बेल्जियम का एक भी शॉट को गोल होने नहीं दिया। भारत की इस शानदार जीत में गोलकीपर पवन ने शानदार भूमिका निभाई। वहीं शारदा नंद तिवारी ने गेम के 20 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए अपनी टीम के लिए एकमात्र गोल दागा। भारतीय जूनियर हॉकी खिलाड़ियों ने बेल्जियम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को जूनियर हॉकी विश्व कप मैच 1-0 से जीत लिया है। इस शानदार जीत के साथ ही भारत ने ओडिशा के भुवनेश्वर में हो रहे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। बता दें कि, इस मैच में भारत की तरफ से एकमात्र गोल शारदा नंद तिवारी ने दागा जिससे टीम पेनल्टी कार्नर से सीधा सेमीफाइनल में पहुंच गई। अब भारत का मुकाबला शुक्रवार को जर्मनी के खिलाफ होगा। बुधवार के रोमाचंक मुकाबले में भारत ने शानदार मैच खेला। भारतीय टीम ने



बेल्जियम का एक भी शॉट को गोल होने नहीं दिया। भारत की इस शानदार जीत में गोलकीपर पवन ने शानदार भूमिका निभाई। वहीं शारदा नंद तिवारी ने गेम के 20 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए अपनी टीम के लिए एकमात्र गोल दागा। भारतीय हॉकी के इतिहास में अगर किसी मैच को याद किया जाएगा तो इस मैच को जरूर किया जाएगा क्योंकि भारतीय प्लेयर ने बेल्जियम के खिलाफ जिस तरीके से बचाव किया वह काफी काबिले तारीफ रहा। जानकारी के लिए बता दें कि जूनियर हॉकी विश्व कप में बेल्जियम पर भारत की यह लगातार पांचवीं जीत है। पिछले जूनियर विश्व कप में भारत ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर विश्व चैंपियन बना था। 3 दिसंबर को भारत का मुकाबला जर्मनी से होगा और इस टूर्नामेंट में जर्मनी ने पिछली बार कांस्य पदक जीता था और इस जीत के साथ ही जर्मनी 6 बार जूनियर विश्व कप का चैंपियन बन गया था। इस टूर्नामेंट में जर्मनी ने शानदार प्रदर्शन किया था और स्पेन को 3-1 से हराया था। भारत और जर्मनी के बाद शुक्रवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला फ्रांस और अर्जेंटीना के बीच होगा और फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा।


**सराहनीय** — गुजरात में छोटे बच्चों को जैवलिन थ्रो सिखाते नजर आए नीरज चोपड़ा, PM मोदी भी हुए गदगद

# नीरज चोपड़ा ने लांच किया आउटरीच कार्यक्रम, की 75 स्कूलों के छात्रों से मुलाकात

एजेंसी

उन्होंने बच्चों के उत्सुक सवालों का जवाब भी दिया। जब बच्चों ने उनसे पसंदीदा भोजन के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वह कैसे सब्जियों की बिरयानी बनाना पसंद करते थे और इसे चटपटा नहीं बनाकर दही के साथ खाते थे। तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शनिवार को एक महत्वकांक्षी आउटरीच कार्यक्रम लांच किया जो भारत के शीर्ष खिलाड़ियों को स्कूल के बच्चों से जोड़ता है। इस मौके पर नीरज ने 75 स्कूलों के छात्रों से मुलाकात की। अहमदाबाद के संस्कारधाम स्कूल में आयोजित इस मुलाकात के दौरान उन्होंने संतुलित आहार, फिटनेस और खेलों पर बातचीत की। नीरज ने छात्रों के साथ कई खेल भी खेले और उन्हें भाला फेंकने के लिये गुण भी दिये। उन्होंने बच्चों के उत्सुक सवालों का जवाब भी दिया।

जब बच्चों ने उनसे पसंदीदा भोजन के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वह कैसे सब्जियों की बिरयानी बनाना पसंद करते थे और इसे चटपटा नहीं बनाकर दही के साथ खाते थे। उन्होंने कहा, यह स्वास्थ्य के लिये पूर्ण भोजन होता है जिसमें सभी मिनरल होते हैं क्योंकि इसमें सही मात्रा में सब्जियां और कार्बोहाइट्रेट होता है। नीरज ने साथ ही कहा,साथ ही खाना बनाने से लंबे ट्रेनिंग सत्र के बाद दिमाग की थकान मिटाने में भी मदद मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किये आउटरीच कार्यक्रम में सभी ओलंपियन और पैरालंपियन दो साल में 75 स्कूलों के छात्रों के साथ बातचीत करेंगे और युवाओं को संतुलित आहार और फिटनेस गतिविधियों में शामिल होने के लिये प्रेरित करेंगे। उन्होंने साथ ही सही खाने, सही फिटनेस अभ्यास के अलावा जीवन के कुछ महत्वपूर्ण सबक के बारे में भी बात की। नीरज ने फिट इंडिया क्विज के बारे में भी बात की। तरूणदीप रॉय (तीरंदाज), सार्थक भांबरी (एथलेटिक्स), सुशीला देवी (जूडो), केसी गणपति और वरूण ठक्कर



(सेलिंग) आगामी दो महीनों में देश के अन्य हिस्सों के स्कूलों का दौरा करेंगे। नीरज चोपड़ा आउटरीच कार्यक्रम में शामिल हुए थे जिसे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया है। बच्चों से मुलाकात का वीडियो खुद नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन वीडियो को रिट्वीट किया है। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुजरात में थे। इस दौरान वह स्कूली बच्चों को जैवलिन थ्रो सिखाते नजर आएं। इसके अलावा वह बच्चों के साथ कई और खेल भी खेलें। उन्होंने बड़ी ही उत्सुकता के साथ बच्चों के सवालों का जवाब भी दिया। नीरज चोपड़ा के इस काम को देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी खुश हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर लिखा कि यह थ्रेड आपको खुश कर देगी। आइए ऐसी मुहिम को बरकरार रखें और युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करें। दरअसल, नीरज चोपड़ा आउटरीच कार्यक्रम में शामिल हुए थे जिसे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया है। बच्चों से मुलाकात का वीडियो खुद नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया दें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन वीडियो को रिट्वीट किया है। एक रिट्वीट में नीरज चोपड़ा बच्चों को जैवलिन थ्रो सिखाते नजर आ रहे हैं। नीरज चोपड़ा अहमदाबाद के संस्कारधाम में थे। इसके अलावा नीरज चोपड़ा ने तीरंदाजों से भी मुलाकात की है। 'आउटरीच कार्यक्रम' भारत के शीर्ष खिलाड़ियों को स्कूल के बच्चों से जोड़ता है। जब बच्चों ने उनसे पसंदीदा भोजन के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वह कैसे सब्जियों की बिरयानी बनाना पसंद करते थे और इसे चटपटा नहीं बनाकर दही के साथ खाते थे। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य के लिये पूर्ण भोजन होता है जिसमें सभी 'मिनरल' होते हैं क्योंकि इसमें सही मात्रा में सब्जियां और कार्बोहाइट्रेट होता है।'' नीरज ने साथ ही कहा, ''साथ ही खाना बनाने से लंबे ट्रेनिंग सत्र के बाद दिमाग की थकान मिटाने में भी मदद मिलती है। उन्होंने साथ ही सही खाने, सही फिटनेस अभ्यास के अलावा जीवन के कुछ महत्वपूर्ण सबक के बारे में भी बात की। नीरज ने 'फिट इंडिया क्विज' के बारे में भी बात की।

# अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस के खिलाफ ईडी का लुक आउट नोटिस



मनी लॉन्ड्रिंग केस में फिल्म अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। 200 करोड़ रुपए की वसूली केस में जैकलीन फर्नांडिस को ईडी की ओर से लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। इस मामले में जो चार्जशीट दाखिल हुई है उसमें जैकलीन फर्नांडिस का भी नाम है। इसी कड़ी में जैकलीन फर्नांडिस को मुंबई एयरपोर्ट पर रोका गया है। जैकलिन फर्नांडीस शो के लिए मस्कट जा रही थीं। खबर यह भी थी कि जैकलिन फर्नांडीस को हिरासत में लिया गया था। हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। जैकलिन को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। जानकारी यह भी है कि जल्द ही ईडी जैकलिन को समन भेजेगा। आपको बता दें कि कुछ महीने पहले ही इस मामले में उनसे कुछ महीने पहले ही प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने दिल्ली में पूछताछ की थी। ईडी ने 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुकेश चंद्रशेखर और अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। दावा किया जा रहा है कि केंद्रीय एजेंसी को सुकेश और जैकलिन के बीच वित्तीय लेनदेन के भी सबूत मिले हैं। ईडी का यह भी कहना है कि सुकेश और जैकलिन के बीच जनवरी 2021 से बातचीत शुरू हुई है। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने भले ही सुकेश चंद्रशेखर के साथ डेटिंग की अफवाहों का खंडन किया हो, लेकिन उनकी एक तस्वीर ऑनलाइन सामने आई है। तस्वीर दोनों के रिलेशनशिप की चीख-चीख कर गवाही दे रही हैं। ठग सुकेश चंद्रशेखर के साथ जैकलीन फर्नांडीज की ताजा तस्वीर ने विवाद खड़ा कर दिया है।

# दिग्गज कन्नड़ फिल्म अभिनेता एस शिवराम का निधन, 83 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

दिग्गज कन्नड़ फिल्म अभिनेता एस शिवराम का निधन हो गया। फिल्मों के निर्देशन के अलावा उन्होंने नायक से लेकर सह कलाकार के रूप में 60 से ज्यादा फिल्मों में भूमिकाएं निभाई थी। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1965 में 'बेरथा जीवा' फिल्म से की थी लेकिन 'दुड्डे दोडप्पा' और 'लगना पत्रिके' से उन्हें सफलता मिली। बेंगलुरु। दिग्गज कन्नड़ फिल्म अभिनेता एस शिवराम का शनिवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। छह दशक से ज्यादा समय तक फिल्म जगत में काम करनेवाले शिवराम 83 साल के थे। अस्पताल के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में उनके बेटे एल लक्ष्मीश ने कहा, " मेरे पिता शिवराम अब हमारे बीच नहीं हैं।

प्रशांत अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें ठीक करने में अपने सर्वोत्तम प्रयास किंतु लेकिन दुर्भाग्यवश किस्तम ने कुछ और ही सोच रखा था तथा हमें यह स्वीकार करना होगा।" उनका जन्म 28 जनवरी, 1938 को हुआ था और वह शिवरमन्ना के नाम से लोकप्रिय थे। फिल्मों के निर्देशन के अलावा उन्होंने नायक से लेकर सह कलाकार के रूप में 60 से ज्यादा फिल्मों में भूमिकाएं निभाई थी। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1965 में 'बेरथा जीवा' फिल्म से की थी लेकिन 'दुड्डे दोडप्पा' और 'लगना पत्रिके' से उन्हें सफलता मिली। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने ट्वीट कर उनके निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य ने एक वरिष्ठ कलाकार खो दिया। कर्नाटक के कई मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों और कन्नड़ फिल्म जगत की हस्तियों ने उनके निधन पर दुख प्रकट किया है।

# कड़ी मेहनत से बॉलीवुड में अपना स्थान बनाया: रवीना टंडन



मुंबई। अभिनेत्री रवीना टंडन ने बॉलीवुड में 30 वर्ष की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कड़ी मेहनत से पुरुषों के वर्चस्व वाले उद्योग में अपना स्थान बनाया है। टंडन ने 1991 में एक्शन फिल्म 'पत्थर के फूल' से बॉलीवुड में कदम रखा था और फिर वह दशक की शीर्ष अभिनेत्री के तौर पर उभरीं। उन्होंने 'मोहरा', 'दिलवाले', 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी' और 'बड़े मियां छोटे मियां' जैसी हिट फिल्मों में अभिनय किया। अब वह नेटफ्लिक्स पर 'अरण्यक'से डिजिटल माध्यम में नई शुरुआत कर रही हैं जिसमें वह कस्तूरी डोगरा नाम की पुलिस अधिकारी बनी हैं। यह श्रृंखला एक मामले की जांच और परिवार को समय देने के बीच से जुड़े विषय आधारित है जिसमें वह पुरुषों के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास करती हैं। यह पूछने पर कि पुरुषों के वर्चस्व वाले बॉलीवुड में वह किस तरह से लगातार शीर्ष पर बनी रहीं तो अभिनेत्री ने कहा कि कुछ खराब समय भी आया लेकिन इच्छाशक्ति और परिवार के समर्थन से वह यह सब हासिल कर पाईं। यह 47 वर्षीय अभिनेत्री 2017 के रोमांटिक ड्रामा 'शाब'के बाद 'अरण्यक' से वापसी कर रही हैं, जो महिलाओं के व्यक्तिगत और पेशेवर जिंदगी के संघर्ष को सामने लाता है। इस श्रृंखला का निर्देशन विनय व्याकुल ने किया है और फिल्म निर्माता रोहन सिप्पी भी इससे जुड़े हुए हैं।

# आर्या ने मुझे फिर से फिल्म निर्माण की ओर आकर्षित किया: सुष्मिता सेन



नयी दिल्ली। अभिनेत्री सुष्मिता सेन का कहना है कि जब उन्होंने वेब सीरीज आर्या में काम करना शुरू किया था तो उन्हें बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी कि यह इतनी कामयाब होगी और दर्शकों समेत आलोचकों को भी पसंद आएगी। सुष्मिता के मुताबिक आर्या ने उन्हें एक बार फिर फिल्म निर्माण की ओर आकर्षित किया है और इसे लेकर उनका जुनून और भी बढ़ गया है। सुष्मिता ने आखिरी बार 2015 में आई बांग्ला फीचर फिल्म निर्बाक में काम किया था।

इसके बाद अभिनेत्री ने 2020 में निर्देशक राम माधवानी की सीरीज़ आर्या के पहले सीज़न में दमदार अभिनय के जरिए शानदार वापसी की। सुष्मिता ने कहा, जब हमने आर्या का पहला सीजन बनाया था, तो हमें बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी कि इसे दर्शकों का इतना प्यार मिलेगा। हमने आर्या का निर्माण कड़ी मेहनत से किया था और इसके साथ हमारी भावनाएं भी जुड़ी हुई थीं। आर्या की टीम में हम कुल 500 सदस्य थे और इसे बनाने में टीम के प्रत्येक सदस्य ने अपनी पूरी ताकत और क्षमता झोंक दी थी। आर्या को दर्शकों समेत आलोचकों ने जितना पसंद किया, हमें इसकी उम्मीद नहीं थी। दिग्गज अभिनेत्री ने कहा, आर्या में काम करने के दौरान लंबे समय बाद फिल्म निर्माण की कला को लेकर मेरा लगाव और जुनून एक बार फिर बढ़ गया है और मैं पुनः इस ओर आकर्षित हो रही हूं। आर्या में अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने प्रमुख किरदार निभाया है, इस सीरीज़ को 2021 के अंतरराष्ट्रीय ऐमी पुरस्कारों में भारत की ओर से कई श्रेणियों में नामित किया गया था। आर्या का दूसरा सीजन डिजिटल स्ट्रीमिंग (ओटीटी) प्लेटफॉर्मडिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 10 दिसंबर से प्रसारित होगा। पहले सीजन की कहानी सुष्मिता सेन द्वारा निभाई गई आर्या नाम की एक खुशहाल विवाहित महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी जिंदगी उस समय एक नया मोड़ लेती है, जब उसके पति एवं दवा कारोबारी तेज सरीन (चंद्रचूड़ सिंह) की गोली मार कर हत्या कर दी जाती है।

इसके बाद तेज के मादक पदार्थों की अवैध तस्करी में कथित रूप से शामिल होने को लेकर आर्या और उसके बच्चों के जीवन पर खतरा मंडराने लगता है। दूसरे सीजन में आर्या की आगे की जिंदगी को दिखाया जाएगा। इस बार एक मां के रूप में आर्या अपराध की दुनिया और दुश्मनों से अपने परिवार और बच्चों की सुरक्षा करती हुई नजर आएंगी। आर्या के दूसरे सीज़न में सुष्मिता सेन के अलावा सिकंदर खेर, विकास कुमार, मेयो सराव, अंकुर भाटिया, आकाश खुराना और दिलनाज़ ईरानी जैसे कलाकार अहम भूमिका में दिखाई देंगे। इस सीरीज का निर्माण एंडेमॉल शाइन इंडिया और राम माधवानी फिल्म्स ने किया है।


# वरुण धवन की पत्नी नताशा दलाल का ओटीटी पर डेब्यू

वरुण धवन और नताशा दलाल ने कई सालों तक डेटिंग करने के बाद जनवरी 2021 में शादी के बंधन में बंध गए। इस जोड़े की शादी अलीबाग में परिवार के सदस्यों और कई बॉलीवुड हस्तियों की मौजूदगी में हुई। बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन की पत्नी नताशा दलाल एक फैशन डिजाइनर हैं। वरुण धवन ने नताशा को लंबे समय तक डेट किया और साल 2021 में दोनों ने शादी की। अब खबरें हैं कि नताशा भी बॉलीवुड में एंट्री करने जा रही हैं लेकिन एक एक्टर के तौर पर नहीं बल्कि एक फैशन डिजाइनर बनकर वो ओटीटी पर डेब्यू करने जा रही हैं। वह ओटीटी पर फैशन आधारित शो 'से यस टू द ड्रेस इंडिया' (Say Yes To The Dress India) से डेब्यू करेंगी।

जिसमें आप उन्हें एक दुल्हन की ड्रेस डिजाइन करते हुए देख सकते हैं। इसके साथ ही नताशा पहली बार किसी रियलिटी शो में अपना वेडिंग कलेक्शन भी प्रदर्शित करेंगी। यह शो डिस्कवरी+ पर प्रसारित होगा। वरुण धवन और नताशा दलाल ने कई सालों तक डेटिंग करने के बाद जनवरी 2021 में शादी के बंधन में बंध गए। इस जोड़े की शादी अलीबाग में परिवार के सदस्यों और कई बॉलीवुड हस्तियों की मौजूदगी में हुई। एक बयान में, नताशा दलाल ने अपने ओटीटी डेब्यू के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ळडिजाइनिंग हमेशा से एक जुनून रहा है, और मेरे ओटीटी डेब्यू के लिए इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता था। से यस टू द ड्रेस दुनिया भर में एक बेहद सराहा जाने वाला शो है और इसका हिस्सा बनना एक अद्भुत अनुभव है। दुल्हन के लिए सपनों की पोशाक बनाना मेरे लिए एक सम्मान की बात है। हर दुल्हन अनोखी होती है और जब वह अपने सपनों की पोशाक को सामने देखती है तो उसकी आंखों में चमक आ जाती है, जो उसे लाने की प्रक्रिया में किए जाने वाले सभी प्रयासों की भरपाई करता है। जीवन के लिए। मैं इस शो का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं क्योंकि यह पोशाक के लिए हां कहने से ठीक पहले सभी को एक होने वाली दुल्हन की एक झलक देने का प्रबंधन करता है!


# 50 साल की हुईं कृष्णा अभिषेक की पत्नी कश्मीरा शाह, बिकिनी फोटो शेयर कर बढ़ाया तापमान






जन्मदिन के मौके पर कश्मीरा शाह अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। तस्वीर अपलोड होते ही इंटरनेट पर वायरल हो गयी। इस उम्र में भी उनके हॉट और परफेक्ट फिगर को देखकर तस्वीरों पर से नजरें हटाना लोगों के लिए मुश्किल हो गया। अपने बोल्डनेस से लाखो दिलों की घंटी बजाने वाली अभिनेत्री कश्मीरा शाह ने 2 दिसंबर को अपना 50वां जन्मदिन मनाया। अपने जन्मदिन के मौके पर उन्होंने अपनी एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। तस्वीर अपलोड होते ही इंटरनेट पर वायरल हो गयी। इस उम्र में भी उनके हॉट और परफेक्ट फिगर को देखकर तस्वीरों पर से नजरें हटाना लोगों के लिए मुश्किल हो गया। तस्वीरों में कश्मीरा शाह ने रेड एंड डार्क ब्लू कलर की बिकिनी पहनी हुई है। उन्होंने जमीन पर बैठकर हस्ते हुए पोज़ दिया है। उनकी इस तस्वीर पर लोग अपना प्यार लुटा रहे है। तस्वीर के साथ कश्मीरा ने एक कैप्शन भी लिखा कि आज का जन्मदिन बेहद खास है। इस मौके पर मुझसे जो उम्र में छोटे हैं उनसे मैं बस इतना ही कहना चाहूंगी कि आप खुद को कभी भी बूढ़ा ना समझिए। अपनी उम्र को संवारिए। दूसरे आपके बारे में क्या सोचते हैं, इसके बारे में आप जितना कम सोचेंगे, यह आपके चेहरे और शरीर पर उतना ही अधिक दिखाई देगा। मैं आप सभी प्रशंसकों और दोस्तों को प्यार करती हूँ। अगले कुछ वर्षों तक प्रतीक्षा करें आप ऐसी ही मेरी तस्वीरें और फिल्मों में मेरा काम देखेंगे। मेरे पति @ krushna30 को हमेशा मेरा समर्थन करने और हमेशा मुझे अपनी बॉडी के साथ सहज महसूस करवाने के लिए धन्यवाद (हाँ मैं इसे स्वयं कहती हूँ क्योंकि मुझे लगता है कि हम खुद को नहीं बताते हैं कि हम खुद से कितना प्यार करते हैं)। अगले 50 वर्षों के लिए शुभकामनाएँ। कश्मीरा शाह की तस्वीरों पर फैंस के साथ उनके दोस्त भी कमेंट करने से पीछे नहीं हटे। अभिनेता रोहित रॉय ने कमेंट करते हुए लिखा- Wowwwww। अभिनेत्री किश्वर मर्चेंट ने लिखा कि मुझे लगता है 50 नया 30 है....खुद तो देखो जरा। वही एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा कि ठंडी में भी गर्मी। वहीं एक अन्य यूजर ने कमेंट किया उफ़ हॉट एंड सेक्सी मेरी पसंदीदा।

# 48 साल की मलाइका अरोड़ा ने बिकनी में कराया फोटोशूट



बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर मालदीव में हॉलीडे एंजोय कर रहे हैं और उन्होंने खूबसूरत लोकेशन से अपनी अलग-अलग तस्वीरें साझा की हैं। ये कपल पिछले काफी समय से डेट कर रहा है। गुरुवार को अर्जुन ने अपने रिसॉर्ट से एक मोनोक्रोम सेल्फी साझा की और अपने प्रशंसकों से जगह का अनुमान लगाने को कहा। कई घंटे बाद, उन्होंने अंततः मालदीव के फ़री द्वीप में पाटीना मालदीव होटल को स्थान के रूप में टैग किया। अर्जुन और मलाइका दोनों ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी, रिसॉर्ट और समुद्र तट की अलग-अलग तस्वीरें साझा कीं। अर्जुन इस बात की पुष्टि करते दिखाई दिए कि वे एक तस्वीर के कैप्शन के साथ छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने रिसॉर्ट में एक छाया के नीचे बैठे हुए अपनी एक तस्वीर साझा की और इसे कैप्शन दिया, जब वह आपको छुट्टी के दौरान इंस्टाग्राम पर स्क्रॉल करते हुए पकड़ती है।



# पर्दा लपेट कर सड़कों पर घूमती नजर आई उर्फी जावेद, लोगों ने कर दिया ट्रोल



आए दिन अभिनेत्री उर्फी जावेद सुर्खियों में बनी रहती है। लाइमलाइट में कैसे रहना है उन्हें ये बाद बखूबी पता है। बिग बॉस ओटीटी के घर से निकलने के बाद से उनकी लोकप्रियता ओर बढ़ गई हैं। दर्शक उर्फी जावेद पर अपना प्यार लुटाने से नहीं कतराते हैं। उर्फी जावेद भी अपने फैंस को निराश नहीं करती है। वह उनके दिल और दिमाग पर अपनी छाप छोड़ने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इसी कड़ी में उर्फी जावेद एक बोल्ड ड्रेस पहनकर मुंबई की सड़कों पर घूमती दिखी, जिसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं। उर्फी की ड्रेस कुछ लोगों को पसंद आ रही है तो वहीं दूसरी ओर कुछ लोग उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। उर्फी जावेद का यह वीडियो फेमस फोटोग्राफर वायरल भियानी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में आप उर्फी जावेद को आगे से ओपन और पीछे से बैकलेस ब्रालेट टॉप पहने देख सकते हैं वही उसके साथ उन्होंने ब्राउन कलर की प्लाज़ो पैंट पहनी हुई हैं। वीडियो में आप उन्हें हस्ते हुए पोज़ देते देख सकते है। उनकी इस वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि यह मेरी बेडशीट ले गयी। वहीं एक ने लिखा कि इसका मन तो यह भी उतारने का कर रहा होगा। एक अन्य ने लिखा कि कोई इसको कपड़े दे दो रे। इतना ट्रोल होने के बावजूद भी उनके इस वीडियो को चालीस हजार से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है। इससे पहले भी उर्फी जावेद अपने बेला हदीद वाले लुक्स को लेकर ट्रोल हुई थी। वहीं उससे पहले अमेरिकन मॉडल केंडल जेनर को उन्होंने कॉपी किया था।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DELHIHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स -WA30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276 , संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोन:8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।